राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI No-DELHIN/2017/75336
www.uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com
आश्विन कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत , 2082
वर्ष : 09 अंक : 262
नई दिल्ली
बुधवार, 08 अक्टूबर, 2025
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ : 12
@uttambharatofficial @uttambharat

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित



03 दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में झमाझम... | 06 भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय | 12 मुख्यमंत्री ने जापान में बुलेट ट्रेन से की यात्रा...

## संक्षिप्त सार

### राष्ट्रपति मुर्मू ने देशवासियों को दी महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत अन्य नेताओं ने मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'सभी को महर्षि वाल्मीकि जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं।



आदिकवि वाल्मीकि द्वारा रचित 'रामायण' ने मानव समाज को प्रभु श्रीराम की प्रेरणादायक कथा और आदर्श जीवन-मूल्यों की धरोहर प्रदान की है। आध्यात्मिक जागृति, करुणा और मानवीय आदर्शों के प्रतीक महर्षि वाल्मीकि की गणना भारतीय संस्कृति के आधार-स्तंभों में की जाती है। उनकी पावन स्मृति को मैं सादर नमन करती हूं। मैं आशा करती हूं कि वाल्मीकि-रामायण के आदर्शों को देशवासी अपने आचरण में ढालेंगे।

### अमित शाह समेत कई नेताओं ने दी महर्षि वाल्मीकि जयंती की बधाई

नई दिल्ली। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर मंगलवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नयाब सिंह सैनी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल सहित कई नेताओं ने देशवासियों को बधाई दी।



गृहमंत्री शाह ने एक्स पर लिखा, आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रभु श्रीराम के जीवन-दर्शन को 'रामायण' ग्रंथ में समाहित कर उन्होंने जन-जन तक मानवता, मर्यादा और धर्म का संदेश पहुंचाया। यह पवित्र ग्रंथ मानव समाज को अनंत काल तक मार्गदर्शन करता रहेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मर्यादा, सत्य और धर्म के आदर्शों को समग्र मानवता तक पहुंचाने वाले आदिकवि महर्षि वाल्मीकि को उनकी जयंती पर नमन। रामायण के माध्यम से उन्होंने प्रभु श्रीराम के जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाया और समाज को नीति, सदाचार व कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### तीर्थयात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलटी, 22 यात्री घायल

बहराइच। बहराइच में लखीमपुर बहराइच मार्ग पर मोतीपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह तीर्थयात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे उसमें सवार 22 यात्री घायल हो गये। मोतीपुर थाने पर तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय प्रताप यादव ने बताया कि श्रावस्ती जनपद के भिनगा निवासी तीर्थयात्रियों से भरी एक बस बरेली स्थित मनौना धाम से दर्शन करके वापस भिनगा की तरफ जा रही थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह रास्ते में बहराइच जिले में लखीमपुर बहराइच मार्ग पर नैनिहा जंगल के निकट चालक ने सामने से आ रहे ट्रक से बस को बचाने का प्रयास किया लेकिन बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। उन्होंने बताया कि हादसे में 22 लोगों को चोटें आई हैं। सभी को मोतीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है और सभी की हालत खतरे से बाहर है। घटनास्थल पर मौजूद एक यात्री ने पत्रकारों से बताया कि बस में करीब 70 यात्री सवार थे। कुछ यात्रियों को सिर में चोट आई है, कुछ का हाथ टूटा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है ह्यमुख्यमंत्री ने जनपद बहराइच में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

# मोदी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और मेट्रो के अंतिम चरण का करेंगे उद्घाटन

## यह हवाई अड्डा नौ करोड़ यात्रियों (एमपीपीए) और 32 लाख टन कार्गो को संभालेगा

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा

- मोदी बुधवार को अपराह्न तीन बजे नवी मुंबई पहुंचेंगे और नवनिर्मित नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का करेंगे अवलोकन
- 19650 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) के पहले चरण का करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को महाराष्ट्र की दो दिन की यात्रा पर जायेंगे जहां वह लगभग 19,650 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे।

मोदी मुंबई मेट्रो लाइन-3 के अंतिम चरण का उद्घाटन करेंगे और 37,270 करोड़ रुपये से अधिक की कुल लागत से निर्मित पूरी मुंबई मेट्रो लाइन-3 को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वह भारत की दो दिन की यात्रा पर आने वाले ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ मुंबई में ही भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी तथा विजन 2035 रोडमैप की समीक्षा भी करेंगे।



प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यहां बताया कि मोदी बुधवार को अपराह्न तीन बजे नवी मुंबई पहुंचेंगे और नवनिर्मित नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का अवलोकन करेंगे। इसके बाद लगभग साढे तीन बजे प्रधानमंत्री नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और मुंबई में विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ तथा लोकार्पण भी करेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। गुरूवार सुबह लगभग दस बजे प्रधानमंत्री मुंबई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की मेजबानी करेंगे। दोपहर लगभग डेढ बजे के करीब दोनों प्रधानमंत्री मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में सीईओ फोरम में भाग लेंगे। इसके बाद लगभग पौने तीन बजे वे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के छठे संस्करण में शामिल होंगे। वे फेस्ट में मुख्य भाषण भी देंगे।

भारत को वैश्विक विमानन केंद्र में बदलने के दृष्टिकोण के अनुरूप प्रधानमंत्री 19650 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना है, जिसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत विकसित किया गया है।

मुंबई महानगर क्षेत्र के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में, एनएमआईए, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) के साथ मिलकर काम करेगा ताकि भीड़भाड़ कम हो और मुंबई को वैश्विक बहु-हवाई अड्डा प्रणालियों की श्रेणी में शामिल किया जा सके। कुल 1160 हेक्टेयर क्षेत्रफल के साथ, दुनिया के सबसे कुशल हवाई अड्डों में से एक के रूप में डिजाइन किया गया यह हवाई अड्डा अंततः सालाना नौ करोड़ यात्रियों (एमपीपीए) और 32 लाख टन कार्गो को संभालेगा। इसकी अनूठी सुविधाओं में एक ऑटोमेटेड पीपल मूवर (एपीएम) शामिल है, जो एक पारगमन प्रणाली है जो सभी चार यात्री टर्मिनलों को सुचारू अंतर-टर्मिनल स्थानांतरण के लिए जोड़ेगी, साथ ही एक लैंडसाइड एपीएम भी है जो शहर के बुनियादी ढांचे को जोड़ेगा। स्थायी प्रथाओं के अनुरूप, हवाई अड्डे में स्थायी विमानन ईंधन (एसएएफ) के लिए समर्पित भंडारण, लगभग 47 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन और पूरे शहर में सार्वजनिक संपर्क के लिए ईवी बस सेवाएं शामिल होंगी। एनएमआईए देश का पहला हवाई अड्डा भी होगा जो वाटर टैक्सी से जुड़ा होगा।

# एआई के यूज में नैतिकता का रखना होगा ध्यान: एस जयशंकर



नई दिल्ली। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को दो दिवसीय ट्रस्ट और सेफ्टी इंडिया फेस्टिवल (टीएएसआई) का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारत के विदेश मंत्री ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास और उपयोग और भविष्य के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि एआई के फायदे और खतरे दोनों हैं और हमें इसके विकास और उपयोग में संतुलन बनाना होगा। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, एआई हमारी अर्थव्यवस्था, कामकाज, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और जीवनशैली को बदल देगा। यह परिवर्तन सभी क्षेत्रों में होगा और इसका प्रभाव हर नागरिक पर पड़ेगा। नए अवसर और चुनौतियां भी आएंगी, और हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। भारत जैसे देशों को अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा और एआई के विकास और उपयोग में सुरक्षा और नैतिकता का ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक सहयोग की इसलिए आवश्यकता है ताकि हम एआई के फायदों का लाभ उठा सकें और इसके खतरों से बच सकें। टीएएसआई फेस्टिवल ऐसा मंच है, जहां हम एआई के विकास और उपयोग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं और एक साझा दृष्टिकोण बना सकते हैं। सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के निर्माण के लिए हम इस फेस्टिवल के माध्यम से एक दूसरे के अनुभवों से सीख सकते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, जैसे-जैसे एआई के साथ मनुष्य सामंजस्य बैठा रहा है, इसके साथ खतरे भी बढ़ते जा रहे हैं। एआई के विकास और उपयोग में हमारी जिम्मेदारी ये है कि हम इसका फायदा उठाएं और खतरों से बचें। हमें मिलकर काम करना होगा और एक दूसरे के अनुभवों से सीखना होगा ताकि हम एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। फेस्टिवल के आयोजकों को बधाई देते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो हमें एआई के विकास और उपयोग में एक साझा दृष्टिकोण बनाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि एक विदेश मंत्री के रूप में जब मैं विदेश जाता हूं तो अक्सर एआई हमारी बातचीत का विषय होता है।

# भारत ने 2024-25 में 1.20 लाख करोड़ रुपये मूल्य के सैन्य हार्डवेयर खरीदे : राजनाथ

- स्वदेशी विनिर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता
- आधुनिक युद्ध की बदलती गतिशीलता पर जोर

2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए रक्षा लक्ष्य

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक घरेलू स्रोतों से 1,20,000 करोड़ रुपये मूल्य के सैन्य हार्डवेयर और हथियार खरीदेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही है। यह वृद्धि रक्षा खरीद के लिए देश की बदलती मानसिकता को दर्शाती है।



एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में सिंह ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को गति देने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जहाँ 2021-22 में घरेलू स्रोतों से भारत का पूंजी अधिग्रहण लगभग 74,000 करोड़ रुपये था, वहीं अब यह आँकड़ा बढ़कर 1.20 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कई नीतिगत पहल की हैं। इन पहलों के तहत, सैन्य हार्डवेयर की खरीद में घरेलू सोर्सिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा, 'यह बदलाव केवल आँकड़ों का नहीं, बल्कि मानसिकता का भी है।'

राजनाथ सिंह ने आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप के प्रति सरकार की जागरूकता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आज का युद्ध पूरी तरह से तकनीक-उन्मुख हो गया है।

उन्होंने गैर-संपर्क युद्ध के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया, जिसका प्रदर्शन ऑपरेशन सिंदूर में भी देखा गया था। उन्होंने कहा कि ड्रोन, ड्रोन रोधी युद्ध और वायु रक्षा प्रणालियों जैसे गैर-संपर्क युद्ध की प्रणालियों का महत्व काफी बढ़ गया है, और भारत इन चुनौतियों के अनुसार अपनी तैयारी कर रहा है। रक्षा मंत्री ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के समग्र राष्ट्रीय लक्ष्य को साकार करने के लिए रक्षा क्षेत्र के प्रमुख लक्ष्यों को भी सूचीबद्ध किया: उच्च स्तरीय आत्मनिर्भरता: महत्वपूर्ण रक्षा क्षमताओं में उच्च स्तर की आत्मनिर्भरता हासिल करना।वैश्विक निर्यातक: रक्षा क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक निर्यातक बनना। तकनीकी प्रगति: अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में देश को आगे ले जाने के लिए कुछ नई विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में प्रगति हासिल करना।

# करूर भगदड़: सीबीआई जांच की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई



- 27 सितंबर को करूर में रैली के दौरान भगदड़ की सीबीआई से जांच कराने से इनकार कर दिया गया था

नई दिल्ली। एक्टर और टीवीके संस्थापक विजय की राजनीतिक रैली के दौरान भगदड़ का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एससी ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 10 अक्टूबर को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें 27 सितंबर को करूर में रैली के दौरान भगदड़ की सीबीआई से जांच कराने से इनकार कर दिया गया था। इस रैली में भगदड़ से 41 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे। एक्टर और टीवीके संस्थापक विजय की राजनीतिक रैली के दौरान भगदड़ का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एससी ने मद्रास हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 10 अक्टूबर को सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें 27 सितंबर को करूर में रैली के दौरान भगदड़ की सीबीआई से जांच कराने से इनकार कर दिया गया था। इस रैली में भगदड़ से 41 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विनोद चंद्रन की पीठ ने भगदड़ की सीबीआई से जांच कराने के अनुरोध वाली भाजपा नेता उमा आनंदन की अपील पर संज्ञान लिया। एक वकील ने पीठ को बताया, ह्यसीबीआई जांच के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी गई है, जबकि एकल न्यायाधीश ने कहा कि वह भगदड़ की जांच से संतुष्ट नहीं हैं ह्व इस पर सीजेआई ने कहा कि इसे शुक्रवार को सूचीबद्ध कीजिए। मद्रास हाई कोर्ट ने विजय की राजनीतिक रैली में 27 सितंबर को हुई भगदड़ की जांच के लिए 3 अक्टूबर को विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। हाई कोर्ट की मुख्य पीठ ने घटना की सीबीआई जांच कराने की अपील वाली भाजपा नेता की याचिका भी खारिज कर दी और उन्हें मदुरै पीठ का रुख करने का निर्देश दिया।

# 'जहरीले' कफ सिरप मामले की न्यायिक जांच हो: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में 'जहरीला' कफ. सिरप पीने से कई बच्चों की मौत होने के मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दोनों प्रदेशों में 'जहरीले' कफ. सिरप से बच्चों की मौत को लेकर भाजपा की सरकारों पर संवेदनहीन होने का आरोप लगाया। सिंघार ने संवाददाताओं से कहा, 'छिंदवाड़ा में 16 बच्चों की मौत हो गई। हमारे स्थानीय विधायक ने कई बार सरकार को चेताया, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। मामला जब ज्यादा बढ़ा तो एक बच्ची का शव कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम कराया गया।' उन्होंने दावा किया कि राज्य में बच्चों की मौत होती रही और मुख्यमंत्री मोहन यादव असम के काजीरंगा पार्क में घूम रहे थे। कांग्रेस नेता ने कहा, मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री



राजेंद्र शुक्ला कहते हैं कि कफ सिरप से कोई मृत्यु नहीं हुई है और वह कफ सिरप बनाने वाली कंपनी को क्लीनचिट देते रहे। आखिर ये कैसी संवेदनहीन सरकार है और उप मुख्यमंत्री का दवा कंपनी से क्या रिश्ता है? सिंघार का कहना है कि भारत सरकार ने बीते तीन अक्टूबर को कफ सिरप को लेकर परामर्श जारी किया था, लेकिन मध्य प्रदेश और राजस्थान सरकार नहीं जागीं। उन्होंने आरोप लगाया कि अब साफ हो गया है कि इसके पीछे भारी भ्रष्टाचार है।

# खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में तेजी के निर्देश

- खेल अवसंरचना का नियमित रख-रखाव और उसके प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि राज्य में खेल गतिविधियों को निरंतर गति मिल सके

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में खेल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को राज्य में खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं युवाओं को खेलों के प्रति और अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान तैयार किए गए खेल अवसंरचना का नियमित रख-रखाव और उसके प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि राज्य में खेल गतिविधियों को निरंतर गति मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि इन परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए राज्यभर में नियमित खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया



जाए। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय तथा लोहाघाट में बनने वाले महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन से प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी, जिससे राज्य खेल क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और भागीदारी बढ़ाने के लिए न्याय पंचायत स्तर से लेकर विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी जैसी प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग अग्निवीर भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को भी आवश्यक सहयोग प्रदान करे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 39वें राष्ट्रीय खेलों के दृष्टिगत प्रदेश के खिलाड़ियों को और बेहतर प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को समयबद्ध रूप से पुरस्कार, छात्रवृत्ति एवं बीमा सुरक्षा के लाभ सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि खेल विभाग द्वारा निजी क्षेत्र एवं कॉरपोरेट जगत की भागीदारी से खेल अवसंरचना के विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि खेल सुविधाओं का विस्तार जन-जन तक हो सके।

# जर्मनी में विश्व की सबसे बड़े खाद्य प्रदर्शनी में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने छत्तीसगढ़ का किया प्रतिनिधित्व





- मंत्री देवांगन ने रायपुर में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के आयोजन के संबंध में सार्थक संवाद किया। इसके साथ ही, मिलिंद दीक्षित - प्रबंध निदेशक, भारत एवं सार्क देशों तथा समीर मितिया - समूह निदेशक, के साथ भी हुई बैठक

छत्तीसगढ़। विश्व के सबसे बड़े खाद्य प्रदर्शनी आयोजन 'अनुगा, जर्मनी' में मंत्री स्तरीय बैठक में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया आयोजन स्थल पर आयोजकों द्वारा मंत्री देवांगन का स्वागत किया गया। इस अवसर पर ओलिवर फ्रेस्से से मंत्री देवांगन की भेंट हुई। मंत्री देवांगन ने रायपुर में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के आयोजन के संबंध में सार्थक संवाद किया। इसके साथ ही, मिलिंद दीक्षित - प्रबंध निदेशक, भारत एवं सार्क देशों तथा समीर मितिया - समूह निदेशक, के साथ भी बैठक हुई। बैठक में मा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बनी छत्तीसगढ़ राज्य के नवीन औद्योगिक विकास नीति और औद्योगिक परिदृश्य की जानकारी उद्योग मंत्री ने दी तथा राज्य द्वारा औद्योगिक पार्कों, विशेष रूप से खाद्य पार्कों में निवेश हेतु दी जा रही प्रोत्साहन योजनाओं और सुविधाओं की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। राज्य गैर-बासमती चावल, इमली एवं मूल्य संवर्धित वन उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु निवेश आकर्षित करने हेतु संवाद किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग के डायरेक्टर श्री प्रभात मालिक भी उपस्थित रहे।

**कॉन्फ्रेंस** | मंडी में सोयाबीन की नीलामी पर रखें निगरानी, किसानों को दिलाएं भावान्तर का लाभ

# कलेक्टर्स किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लिये करें प्रोत्साहित : मुख्यमंत्री

- उपज विक्रय के लिये किसानों को उपलब्ध कराएं मार्केट
- कृषि एवं संबद्ध सेक्टर्स पर हुआ कॉन्फ्रेंस का पहला सत्र

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारा प्रदेश कृषि उपज पर आधारित है। इसलिए सरकार का मूल लक्ष्य प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देना और कृषि फसलों की तुलना में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढ़ाना है। हमें इन क्षेत्रों में उद्यमिता के नए अवसर भी बनाने हैं। सभी कलेक्टर्स अपने-अपने जिलों में 100-100 किसानों को प्राकृतिक और जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही किसानों को उपज विक्रय के लिये मार्केट भी उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टर को कृषि उपज मंडी में सोयाबीन फसल की नीलामी पर सघन निगरानी रखने और भावान्तर योजना से किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस-2025 के पहले सत्र 'कृषि एवं संबद्ध सेक्टर्स' को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे ग्रामीण युवा आने वाले समय में कृषि उद्यमी बनें, इसके लिए हमें मिल-जुलकर प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि खेती को जैविक खेती की ओर ले जाना एक बड़ी चुनौती है, पर हमें यह चुनौती भी पार करनी ही होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री अन्न अर्थात मिलेट्स को प्रोत्साहन देकर इनकी उपज को लगातार बढ़ाना भी हमारा लक्ष्य है, हमें इस दिशा में भी ठोस प्रयास करने होंगे। किसानों को परंपरागत खेती से शिफ्ट कर उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन एवं मत्स्य पालन जैसे आमदनी बढ़ाने वाले कार्यों की ओर लेकर जाना है। प्रदेश में केला, संतरा, टमाटर एवं अन्य उद्यानिकी की फसलें बड़ी मात्रा में होती हैं। हमें इनके स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण एवं बड़े बाजारों तक मार्केटिंग की व्यवस्था भी करनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसलों में उर्वरक की खपत सिर्फ वैज्ञानिक आधार पर ही होनी चाहिए। यदि नहीं हो रही है तो इस पर नियंत्रण जरूरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर्स अपने-अपने जिलों में साप्ताहिक मार्केट, हाट बाजारों में प्राकृतिक एवं जैविक खेती की उपज का विक्रय सुनिश्चित करें। साथ ही किसानों को नकद फसलों की खेती के लिए समझाइश देकर प्रोत्साहित करें। इसके लिए अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर जिलों में किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित कर उसका रिकार्ड रखें और उनकी प्राकृतिक खेती के लाभों का अध्ययन भी करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में उद्यानिकी फसलों अर्थात बागवानी को बढ़ावा दिया जाए।

### भावान्तर योजना का करें प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भावान्तर योजना का भी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करें। इस योजना का सर्वाधिक लाभ किसानों को मिलना है और यह बात उन तक पहुंचनी भी चाहिए। भावान्तर योजना के समुचित क्रियान्वयन के लिये सभी कलेक्टर पूरी मेहनत और समर्पण से किसानों को इसका अधिकतम लाभ दिलाएं।

### पराली/नरवाई जलाने की घटनाओं पर लगाएं सख्त अंकुश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पराली पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में पराली/नरवाई जलाने की घटनाओं पर सख्ती से अंकुश लगाएं। इसके लिए सक्रिय नियंत्रण तंत्र विकसित करें और ऐसी घटनाओं पर विशेष फोकस कर निगरानी भी बढ़ाएं। कलेक्टर्स कृषि विभाग का सहयोग लेकर किसानों को पराली/नरवाई न जलाने की समझाइश दें। किसानों को पराली निष्पादन के दूसरे विकल्पों के बारे में बताया जाए।

# सैफ़नी में वाल्मीकि जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफ़नी।** नगर में मंगलवार को भगवान वाल्मीकि जन्मोत्सव के पावन अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा नगर पंचायत सैफ़नी के चेयरमैन फैज़ान खान और क्षेत्राधिकारी (छ्ह) हर्षिता सिंह द्वारा फीता काटकर संयुक्त रूप से शुरू की गई। शोभायात्रा में विभिन्न देवी-देवताओं की सजीव झाँकियाँ मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। इनमें भगवान वाल्मीकि, लव-कुश, हनुमान जी, माता सीता, राधा-कृष्ण की झाँकियाँ शामिल थीं, साथ ही काली का अखाड़ा भी विशेष रूप से देखने लायक रहा। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, ढोल-ताशे, और आतिशबाजी के साथ निकली, जिससे पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया। इस अवसर पर शोभायात्रा समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें शोभायात्रा अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, कमेटी अध्यक्ष राजेश वाल्मीकि, सलाहकार प्रिंस राज, महामंत्री संजय वाल्मीकि, और अन्य प्रमुख कार्यकर्ता जैसे रवि वाल्मीकि, अंकित, अरुण, रामकुमार, कारण सिंह, दिवाकर, अनिकेत, अमित, गिरवर, अंशु, कहानिया, सतीश, आदेश सहित समस्त कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ट्रैक्टर नहीं देने पर किसान के ऊपर किया जानलेवा हमला रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता**

**दढ़ियाल।** नगर के एक मोहल्ले के किसान का आरोप है कि उसका ट्रैक्टर घर में खड़ा था। उसका बड़ा भाई ट्रैक्टर लेने के लिए आया। जब उसने ट्रैक्टर नहीं दिया तो उसके भाई ने उसके ऊपर दराती से जानलेवा हमला कर दिया। जिस कारण उसके सिर में काफी चोट आई है। पीड़ित किसान की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।नगर के मोहल्ला शुगर मस्जिद निवासी जामिन हसन का आरोप है कि 4 अगस्त को दिन में करीब डेढ़ बजे पीड़ित का बड़ा भाई मेहंदी हसन ट्रैक्टर मांगने के लिए आया था । जब पीड़ित ने मना कर दिया तो उसका भाई ट्रैक्टर की हवा निकलने लगा जब उसने ट्रैक्टर की हवा निकालने का विरोध किया तो उसका भाई आग बबूला हो गया और उसके भाई ने दराती से उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। जिस कारण उसके सिर में काफी चोट आई है। जबकि मेहंदी हसन की पत्नी नसरीन ने भी लाठी डंडों से उसके ऊपर वार किया। बेहोश होने पर उसे मरा समझ कर भाग गए । पीड़ित ने कोतवाली टांडा में दी तहरीर में अपने भाई पर जानलेवा हमला,जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मेहंदी हसन व उसकी पत्नी नसरीन पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# शरद पूर्णिमा पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि की छटा हुई निराली

*** चन्द्रलोक में विराजमान हो ठाकुरजी ने दिये दर्शन**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि का परंपरागत शरद् महोत्सव सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के तत्वावधान में शरद् महोत्सव समिति के विशिष्ट सहयोग एवं अथक प्रयासों से बड़ी ही भव्यता एवं दिव्यता से मनाया गया।

जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि शरद् पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्रीकेशवदेव मंदिर प्रांगण को चन्द्रलोक का स्वरूप प्रदान किया गया। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भगवान चन्द्रमा में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। बड़ी संख्या में देश-विदेश से पधारे श्रद्धालु चन्द्रलोक में विराजमान भगवान श्रीकशवदेवज के दर्शन कर जय-जयकार कर उठे। भगवान श्रीगिरिराज जी मंदिर प्रांगण को श्वेत धवल चॉदनी के समान श्वेत वस्त्र एवं प्रकाश से श्रीगोवर्धन धाम का स्वरूप प्रदान किया गया। ऐसी शरद् छटा में श्रीगिरिराज जी के छप्पनभोग के दर्शन कर भक्तजन अभिभूत हो उठे। शरद् पूर्णिमा के प्रातःकाल से ही श्रद्धालु भक्तों को खीर महाप्रसाद, मालपुआ आदि भण्डारा प्रसाद वितरण किया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने शरद पूर्णिमा के इस विशिष्ट प्रसाद को प्राप्त किया।

सांयकाल श्रीकृष्ण-जन्मभूमि के सिद्ध पवित्र लीलामंच पर आयोजित भजन संध्या से संपूर्ण परिसर को आनन्द में सराबोर कर दिया। सुप्रसिद्ध भजन-गायिका सुश्री गुंजन तिवारी-गुनगुन तिवारी एवं संदीप एवं उनके सहयोगी कलाकारों ने अपने रसमयी वाणी से भक्तों को आनन्द से सराबोर कर दिया। वृन्दावन से पधारे कलाकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अति विशिष्ट श्रीकृष्ण चबूतरा पर उपस्थित भक्तों को प्रिया-प्रियतम की अत्यन्त मनोहारी लीला, महारास के दर्शन कराये। चन्द्रमा की धवल चॉदनी में श्रीकृष्ण चबूतरा पर आयोजित महारास साक्षात प्रिया-प्रियतम की कृपानुभूति करा रहा था।

संस्थान के सदस्य व हिन्दूवादी नेता गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर आयोजित शरद् पूर्णिमा महोत्सव निश्चित रूप से श्रीकृष्ण जन्मभूमि के गरिमा एवं सभी कृष्ण भक्तों की भावना के अनुरूप आयोजित हो रहा है और निरन्तर इसकी शोभा में वृद्धि हो रही है।

इस आयोजन को भव्य एवं भावमय बनाने के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के पदाधिकारी एवं शरद् महोत्सव समिति के गौरव अग्रवाल सजावट वाले, कन्हैया लाल रंगवाले, गजानन साड़ी वाले, राहुल गोयल, प्रतीक शर्मा, अमित गुप्ता, अनिल भाई, पंकज अग्रवाल एवं बालमुकुंद अग्रवाल आदि सेवाभावीजन का विशिष्ट सहयोग रहा।

# जिलाधिकारी ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर किया माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन

*** कलेक्ट्रेट स्थित स्वच्छता वाटिका में महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण का अखंड पाठ का आयोजन हुआ।**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित स्वच्छता वाटिका में महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया। कलेक्ट्रेट स्थित स्वच्छता वाटिका में महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण का अखंड पाठ का आयोजन हुआ। तहसील महावन ग्राम हबीबपुर के कमल शास्त्री द्वारा महर्षि वाल्मीकि कृत रामायण का अखंड पाठ किया गया। कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रामायण अखंड पाठ को सुना।

जिलाधिकारी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि एक महान कवि और ऋषि थे, जिन्होंने संस्कृत साहित्य के पहले महाकाव्य रामायण की रचना की। महर्षि वाल्मीकि की रामायण एक महाकाव्य है, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन, उनके आदर्शों और उनकी लीलाओं का वर्णन किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि के रूप में जाना जाता है, जिसका अर्थ है ÷पहला कवि÷। महर्षि वाल्मीकि का जन्म आश्विन मास की पूर्णिमा को हुआ था और उनकी जयंती इसी दिन मनाई जाती है। रामायण को वाल्मीकि रामायण के नाम से भी जाना जाता है और यह संस्कृत भाषा में लिखा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि सत्य, धर्म, अहिंसा आदि महर्षि वाल्मीकि के उपदेश थे। महर्षि वाल्मीकि ने अपने जीवन और रचनाओं के माध्यम से धर्म, नैतिकता और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया। महर्षि वाल्मीकि का जीवन और कार्य हमें सिखाता है कि जीवन में परिवर्तन संभव है और हम अपने कार्यों के माध्यम से महानता प्राप्त कर सकते हैं।

अखंड पाठ के दौरान जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राकेश कुमार, अपर नगर मजिस्ट्रेट वृन्दावन राजकुमार चौधरी, डिप्टी कलेक्टर ऊषा सिंह, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र यादव, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन धीरेन्द्र प्रताप सिंह, नाज़िर डी0के0 बागला, प्रभात माहेश्वरी सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** वादिनी द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि अभियुक्त गण 1-सिन्दर सिंह पुत्र बलवंत सिंह, 2- जसवन्त सिह उर्फ जस्सा सिंह पुत्र काला सिंह निवासी ग्राम 602 टैमरा थाना बिलासपुर जिला रामपुर द्वारा दिनांक 28.08.2025 को वादिनी के घर में घुस कर वादिनी की नाबालिग पुत्री को गलत काम करने की नियत से दबोच लेना व गलत काम करने की कोशिश करना, वादिनी की पुत्री द्वारा विरोध करने पर उसके कपडे फाड़ देना, शोर सुनकर वादीनी के मोके पर आ जाने पर मुल्जिमान द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग जाने को संबंध में थाना बिलासपुर पर मु0अ0सं0-294/25 धारा 333, 76, 351(2) बीएनएस व 7/8 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था ।

# मंडी मंदिर में महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने फीता काटकर किया शुभारंभ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी ने आज नगर में भव्य स्वागत किया गया। सबसे पहले उन्होंने युवा मोर्चा नगर मंत्री अंकुश के आवास पर पहुँचकर स्नेहिल जलपान किया।

इसके पश्चात सुनीता सैनी ने मंडी मंदिर परिसर में फीता काटकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाज सेवियों एवं वाल्मीकि समाज के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही

पूरे नगर में उनके आगमन को लेकर हर्ष और उत्साह का माहौल बना रहा।आयोजन समिति ने कहा कि सुनीता सैनी का नगर आगमन हम सभी के लिए प्रेरणादायक रहा उनके आशीर्वाद से यह शोभायात्रा ऐतिहासिक बन गई कार्यक्रम के अंत में वाल्मीकि स्वामी जी की भव्य झांकी के दर्शन कर सभी ने पुण्यलाभ प्राप्त किया यह आयोजन सामाजिक एकता और संस्कारों का अद्भुत प्रतीक बन गया। इस सौभा यात्रा में मौजूद रहे विहिप जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सक्सेना, नगर अध्यक्ष कांता प्रसाद सैनी ,नगर पालिका अध्यक्ष पति हाजि सरफराज आलम, युवा मोर्चा नगर टांडा अंकुश बाल्मीकि नंद किशोर सैनी, शुभम भारती ,सुदेश,संजय,सैनी पिंटु, सनी ,आशीष, वासू , विशाल, नंदराम, आदि मौजूद रहे

# एसएसपी से मिला नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल

*** समस्याओं से कराया अवगत, सौंपा ज्ञापन**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** ज्वलंत समस्याओं के संदर्भ में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार से महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में मिला। विस्तृत रूप से चर्चा कर समस्याओं के समाधान हेतु बातचीत की।

महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल व महामंत्री शशि भानु गर्ग द्वारा हाईवे पर गोवर्धन चौराहा तथा मंडी चौराहे के मध्य अनधिकृत रूप से ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्रोलिया का मुख्य राजमार्ग पर सुबह से पूरे दिन खड़े रहना जिससे रोड जाम के साथ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने की बात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सामने रखी। इससे यहां जाम की स्थिति भी बनी रहती है। गोवर्धन चौराहे की तरह यू टर्न मंडी चौराहे पर बैरिकेट लगाकर व्यवस्था की जाए। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को ई-रिक्शा द्वारा बाधित किए जाने व दोपहर में स्कूलों की बड़ी-बड़ी बसों से शहर में जाम लगाने के कारण व्यापार प्रभावित रहने व छोटे छोटे बच्चों का जाम में फसना भी एक कारण बताया गया। इससे बचने के लिए विद्यालयों को शहर के पुराने पत्थर वाले बाजारों में छोटे चार पहिया वाहनों का उपयोग हो तथा अन्य तीन पहिया चार पहिया वाहनों का संचालन स्कूल वाहनों के साथ वनवे की अंतर्गत किया जाए यह भी सुझाव दिया गया साथ ही नगर के प्रमुख चौराहाओं से कम से कम 100 मीटर तक कोई भी बहान पार्क ना हो ऐसी व्यवस्था अमल में लाई जाए।

वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष रामचंद्र खत्री व श्रीकृष्ण जन्मस्थान व्यवसाय समिति के अध्यक्ष व युवा नगर अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया कि विगत काफी वर्षों से श्रीकृष्ण जन्म स्थान के व्यापारियों के बहान पास एलआईयू जांच उपरांत एसपी सुरक्षा द्वारा जारी किए जाते रहे हैं किंतु पिछले 1 वर्ष से नवीन पास जारी नहीं हुए हैं जिसके चलते आए दिन व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के प्रमुख स्थानों जैसे स्टेट बैंक चौराहा नये बस स्टैंड के पास महोली रोड के सामने बैरियर को खोलकर चालू किया जाए व वहां लगे ट्रैफिक सिग्नल को चालू किया जाए जिससे आम नागरिकों को लाभ मिल सके।

भगवान चतुर्वेदी व विकास जिंदल द्वारा शहर की व्यस्ततम क्षेत्र में हेलमेट चालान नहीं किए जाने का अनुरोध किया। बताया कि जहां व्यापारी 10 से 15 किलोमीटर की रफ्तार से अपने वाहनों को चलते हैं वहां व्यापारिक दृष्टि से भी हेलमेट लगाना संभव नहीं है अतः शहर के मध्य में हेलमेट चालान नहीं किए जाने चाहिए। विभिन्न व्यापारिक समस्याओं व सुझावों को सुनने के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल रूप से श्रीकृष्ण जन्मस्थान के व्यापारियों के पास बनाने हेतु एसपी सुरक्षा को निर्देशित किया व जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु व व्यापारिक सुझावों पर अमल हेतु एसपी ट्रैफिक को आदेशित किया गया व व्यापारियों के साथ बैठकर ट्रैफिक व्यवस्था हेतु एक व्यापक रूप रेखा बनाने का आश्वासन दिया। इस संदर्भ में व्यापारियों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सोपा गया। व्यापारी प्रतिनिधि मंडल में गुरमुख दास, कन्हैया लाल अग्रवाल महेश लोहिया, दिनेश लोहिया, छगनलाल खंडेलवाल भी शामिल रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत रिफाइनरी पुलिस ने लगाई चौपाल, बालिकाओं को दी महिला सुरक्षा की जानकारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को लेकर थाना रिफाइनरी पुलिस द्वारा मैक डी परिसर में जनचौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बालिकाओं व महिलाओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में वे महिला हेल्पलाइन 1090, यूपी-112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, तथा महिला हेल्प डेस्क से तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं। चौपाल के दौरान एंटी रोमियो स्क्वॉड की भूमिका, शक्ति दीदी अभियान, और आत्मरक्षा से जुड़े टिप्स पर भी विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना जैसी सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया गया। एसआई मोनालिसा ने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। ÷मिशन शक्ति÷ के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का प्रयास लगातार जारी रहेगा।

# तीर्थयात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलटी, 22 यात्री घायल

**बहराइच।** बहराइच में लखीमपुर बहराइच मार्ग पर मोतीपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह तीर्थयात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे उसमें सवार 22 यात्री घायल हो गये।

मोतीपुर थाने पर तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय प्रताप यादव ने बताया कि श्रावस्ती जनपद के भिन्गा निवासी तीर्थयात्रियों से भरी एक बस बरेली स्थित मनौना धाम से दर्शन करके वापस भिन्गा की तरफ जा रही थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह रास्ते में बहराइच जिले में लखीमपुर बहराइच मार्ग पर नैनिहा जंगल के निकट चालक ने सामने से आ रहे ट्रक से बस को बचाने का प्रयास किया लेकिन बस अनियंत्रित होकर पलट गयी।

उन्होंने बताया कि हादसे में 22 लोगों को चोटें आई हैं। सभी को मोतीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है और सभी की हालत खतरे से बाहर है। घटनास्थल पर मौजूद एक यात्री ने पत्रकारों से बताया कि बस में करीब 70 यात्री सवार थे। कुछ यात्रियों को सिर में चोट आई हैं, कुछ का हाथ टूटा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है 'मुख्यमंत्री ने जनपद बहराइच में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।'

# जयसिंहपुरा में इंटरलॉकिंग और सीसी सड़क का महंत और मौलाना ने किया उद्घाटन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** वार्ड 36 जयसिंहपुरा में गंगा यमुना तहजीब का संगम दिखा। करीब 34 लाख से बनने वाली इंटरलॉकिंग और सीसी सड़क का विधिवत रूप से नारियल फोड़कर उदासीन आश्रम के महंत हरिशरणानंद महाराज और मौलाना शेर आलम ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया।

स्थानीय लोगों ने महंत, मौलाना और पार्षद राकेश भाटिया का फूलमाला, दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। लगातार वार्ड 36 जयसिंहपुरा में विकास की श्रृंखला जारी है। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है तो वहीं स्ट्रीट लाइट लगवाकर अंधकार भी मिटाया जा रहा है। पार्षद राकेश भाटिया ने बताया कि उदासीन आश्रम को जाने वाली मुख्य सड़क के अलावा तीनों गलियों में सीसी सड़क निर्माण के संग नालियों का भी निर्माण होगा। इस पर करीब 12 लाख रुपये व्यय होंगे। इसके अलावा गणेश धाम कॉलोनी में करीब 22 लाख से अधिक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण भी शुरू हो चुका है। यहां पर पार्षद ने नारियल फोड़कर कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर देवेंद्र कुमार, दिलशाद बेग, गिर्राज धनी, शहजाद खान, हबीबुल्ला, जहीर, रहमान, कोको, राहुल कश्यप, संजय, पप्पू, मोहन, बंटी, आशु, दानिश, इस्माइल, सनी ठाकुर, सोनू कुमार, आरिफ, शरीफ, शाहिद उस्मानी, जुबेर आदि मौजूद रहे।

# उप्र पुलिस ने साढ़े आठ लाख वाहनों को किया चेक, 9000 से अधिक वाहनों से हटाई काली फिल्म

*** 22 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच 71,473 स्थानों की 24,457 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने वाहनों की चेकिंग की**

*** 18,215 वाहनों का चालान किया गया, अपर पुलिस महानिदेशक से लेकर थाना प्रभारियों ने की फुट पेट्रोलिंग**

लखनऊ। योगी सरकार के मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिलाओं और बेटियों को सुरक्षित माहौल देने के लिए गाड़ियों की काली फिल्म हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। यह अभियान 22 सितंबर से प्रदेशभर में चलाया गया, जो वर्तमान में भी चल रहा है। वहीं 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक साढ़े आठ लाख से अधिक वाहनों की चेकिंग की गयी। इसके साथ ही उच्च अधिकारियों पुलिस महानिदेशक,अपर पुलिस महानिदेशक, उप महानिरीक्षक, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ फुट पेट्रोलिंग की गयी।

**2,817 हूटर और 1,087 बत्तियां वाहनों से हटाई गई**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान की नोडल अधिकारी एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों द्वारा सड़क पर गाड़ियों की जांच की गयी। इस दौरान गाड़ियों की काली फिल्म को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। इस दौरान 71,473 स्थानों की 24,457 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 8,50,182 वाहनों की चेकिंग की गयी। अब तक 9,488 काली फिल्में हटाई जा चुकी हैं।

इसके अलावा 2,817 हूटर और 1,087 बत्तियां भी हटाई गई हैं। यह कदम सड़क पर अपराधों को रोकने और महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसके साथ ही, गलत स्थान पर पार्क किए गए वाहनों के खिलाफ 18,215 चालान भी किए गए हैं, ताकि ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और सड़क पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचा जा सके। महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से वाहन पर शासकीय और जाति सूचक शब्दों के इस्तेमाल पर भी कड़ी कार्रवाई की गई है और 14,504 ऐसे मामले सामने आए हैं। अभियान के दौरान 3,38,305 व्यक्तियों को चेतावनी दी गयी।

263 स्टंटबाजों को किया गया गिरफ्तार एडीजी ने बताया कि वाहन नियमों का उल्लंघन करने पर 1,93,829 वाहनों का चालान किया गया है, जबकि 3,654 वाहनों को सीज भी किया गया है। कुल 251 पंजीकृत अभियोगों के साथ-साथ 450 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है, जो ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। इसके अलावा स्टंटबाजों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गयी। इस दौरान 55,832 स्थानों की 21,324 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा 5,26,184 वाहनों की चेकिंग की गयी। अभियान के दौरान 770 स्टंटबाजी के मुकदमे दर्ज किये गये जबकि 263 स्टंटबाजों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 31,609 वाहनों का चालान और 1,388 वाहनों को सीज किया गया। वहीं, मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा फुट पेट्रोलिंग भी की गयी ताकि सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित किया जा सके। इस पहल से पुलिस विभाग ने महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने के लिए अपनी तैनाती सुनिश्चित की है। प्रदेश के 57,265 स्थानों पर फूट पेट्रोलिंग की गयी।

फूट पेट्रोलिंग के दौरान 7,44,482 व्यक्तियों की चेकिंग की गयी जबकि पीआरवी द्वारा 52,039 स्थानों की पेट्रोलिंग की गयी।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपनी पुत्री अलफिया (ALFIYA) का नाम बदलकर अलफिया काशिफ (ALFIYA KASHIF) रख लिया है भविष्य में अब (ALFIYA KASHIF) - नाम से जाना व पहचाना जाये।
**यासमीन पत्नी मो. काशिफ निवासी ग्राम मोहब्बतनगर तहसील स्वार जिला रामपुर।**

# दीपोत्सव की सफलता के लिए अवध विवि कुलपति ने राम की पैड़ी पर किया पूजन अर्चन

*** आराध्य श्रीराम के आशीर्वाद से दीपोत्सव में बनेगा विश्व रिकार्डः कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह**

**अयोध्या।** दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए मंगलवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने दीपोत्सव स्थल राम की पैड़ी पर मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोचार के साथ मां सरयू का पूजन अर्चन किया। इस पूजन में सरयू मन्दिर के पुजारी नेत्रजा मिश्र ने विधि विधान से दीपोत्सव की सफलता के लिए पूजन कराया। डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से प्रांतीय दीपोत्सव का विश्व रिकार्ड बनेगा। श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद का दूसरा दीपोत्सव भारतीय जनमानस सहित देश दुनिया के लोग बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षारत है। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है जिसे दीपोत्सव के वालंटियर्स व पदाधिकारी 19 अक्टूबर को पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व पटल पर स्थापित करेंगे। कुलपति ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में दीपोत्सव को और भव्य बनाने के लिए 26 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित किए जायेंगे। इस कार्य में आवासीय परिसर, संबद्ध महाविद्यालयों, इण्टर कालेज एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के 30 हजार से अधिक वॉलंटियर्स लगाए जा रहे हैं। सभी के सहयोग से नवें दीपोत्सव में आठवीं बार विश्व रिकॉर्ड बनेगा। इस दीपोत्सव पूजन कार्यक्रम में विवि के कुलसचिव विनय कुमार सिंह, दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो. संत शरण मिश्र, प्रो. नीलम पाठक, प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल, का सु साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दान पति तिवारी, प्रो.गंगाराम मिश्र, प्रो.सुरेन्द्र मिश्र, अभियंता आरके सिंह, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. त्रिलोकी यादव, प्रोग्रामर रवि मालवीय, कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजेश सिंह, आशीष मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।


## छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.) रेलवे स्टेशन के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा छपरा ज. एवं आनन्द विहार (ट.) स्टेशनों के बीच रेलगाड़ी सं. 15133/15134 नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन की संचालन, समय–सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगे :–

**रेलगाड़ी संख्या 15133/15134 छपरा जं. – आनन्द विहार (ट.)– छपरा जं. अमृत भारत एक्सप्रेस (द्वि–साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी संख्या : 15133 | | स्टेशन | रेलगाड़ी संख्या : 15134 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | **22.00** | छपरा जं. | **22.50** | -- |
| 22:50 | 22:55 | सीवान जं. | 21:20 | 21:25 |
| 23:30 | 23:35 | थावे जं. | 20:20 | 20:25 |
| 00:25 | 00:27 | तमकुही रोड | 19:45 | 19:47 |
| 01:10 | 01:12 | पडरौना | 18:53 | 18:55 |
| 02:05 | 02:10 | कप्तानगंज जं. | 18:15 | 18:20 |
| 03:15 | 03:25 | गोरखपुर जं. | 16:50 | 17:00 |
| 04:01 | 04:03 | खलीलाबाद | 15:34 | 15:36 |
| 04:28 | 04:31 | बस्ती | 15:10 | 15:13 |
| 04:54 | 04:56 | बभनान | 14:36 | 14:38 |
| 05:35 | 05:37 | मनकापुर जं. | 13:52 | 13:54 |
| 06:30 | 06:35 | गोंडा जं. | 13:25 | 13:30 |
| 08:31 | 08:33 | बाराबंकी | 10:31 | 10:33 |
| 09:45 | 09:48 | बादशाहनगर | 09:30 | 09:33 |
| 10:15 | 10:25 | ऐशबाग | 09:00 | 09:10 |
| 13:30 | 13:35 | कानपुर सेंट्रल | 07:00 | 07:05 |
| 15:43 | 15:45 | इटावा जं. | 04:20 | 04:22 |
| **22:10** | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | **00:20** |

**चलने के दिनः 15133 छपरा जं.** से प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को दिनांक 20.10.2025 से एवं **15134 आनन्द विहार (ट.)** से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को दिनांक 22.10.2025 से। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App.** देखें

You Tube f X पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
3091/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संत निरंकारी मिशन की सहभागिता में वैश्विक युवा महोत्सव का सफल आयोजन




नई दिल्ली। अहिंसा, शांति एवं सर्वधर्म समभाव जैसे महात्मा गांधी के शाश्वत आदर्शों को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने तथा वैश्विक एकता की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गांधी ग्लोबल फैमिली (जीजीएफ), नेशनल यूथ प्रोजेक्ट (एनवाईपी) एवं संत निरंकारी मिशन (एसएनएम) के संयुक्त तत्वावधान में 2 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक संत निरंकारी सत्संग भवन, असंध रोड, पानीपत में वैश्विक युवा महोत्सव का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इस सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में भारत सहित विभिन्न देशों से लगभग 400 युवा प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता की, जिससे यह आयोजन विचारों, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और मानवता के संदेश का एक सशक्त मंच बनकर उभरा।

प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलने वाले विविध कार्यक्रमों में योग सत्र, श्रमदान, संवाद, भाषाओं की कक्षाएँ तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। देश-विदेश से पधारे युवा कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ह्वसुधैव कुटुम्बकम्ह्व की भावना को साकार किया। सभी प्रतिभागियों के लिए आयोजकों द्वारा निःशुल्क आवास एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे सहभागिता सहज, सुगम एवं सशक्त बनी रही। 3 अक्टूबर को महोत्सव का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गांधी ग्लोबल फैमिली के अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद जी उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर संत निरंकारी मिशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा एवं नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के सचिव रण सिंह परमार भी विशेष रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम के विभिन्न दिवसों में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों और समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की सार्थकता को और भी बढ़ाया। संत निरंकारी मिशन की ओर से संत निरंकारी मंडल के मेंबर इंचार्ज, प्रैस एवं पब्लिसिटी विभाग राकेश मुटरेजा एवं कॉर्डिनेटर, प्रचार विभाग श्री हेमराज शर्मा की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही। उन्होंने युवाओं को मिशन के मूलभूत सिद्धांतों – ईश्वर की एकता, मानव की एकता, और धर्म का सार - प्रेम – से परिचित कराया और बताया कि किस प्रकार आध्यात्मिक समरसता, सेवा और शांति के माध्यम से विश्व बंधुत्व की स्थापना संभव है। संवाद श्रृंखला के अंतर्गत 3 एवं 4 अक्टूबर को आयोजित सत्रों की अध्यक्षता क्रमशः राकेश मुटरेजा एवं हेमराज शर्मा द्वारा की गई। इन सत्रों में वैश्विक नागरिकता, मानवीय संवेदनाएँ, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं गांधीवादी विचारधारा जैसे विषयों पर युवाओं के विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान बाल्मीकि का जीवन प्रेरणादायक,श्याम सुन्दर अग्रवाल



नई दिल्ली। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर महर्षि वाल्मीकि मंदिर अजित नगर में भगवान बाल्मीकि के जागरण का भव्य आयोजन किया गया जिसमें भगवान बाल्मीकि के भजनों से सारी रात भक्तजन झूमते रहें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल को मंदिर के अध्यक्ष राजन ऊटवाल,राहुल बहोत,सागर उज्जैनवाल,अमित वैद, कुमरपाल उज्जैनवाल, दीपक छजलाना,कन्नू बहोत ने पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। जागरण शुरू होने से पहले पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा भगवान बाल्मीकि का हमारे जीवन को आदर्श बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका है उन्होंने नारद जी की प्रेरणा से रामायण लिखी यदि हमारे जीवन में रामायण नहीं होती तो हमें भगवान राम के आदर्श जीवन की जानकारी नहीं होती देश में प्रतिवर्ष होने वाली रामलीलाएं नहीं होती देश के करोड़ों लोग एवं आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवन के बारे में जानकारियां नहीं मिल पाती। भगवान श्री राम ने भाई लक्ष्मण को भगवान बाल्मीकि के आश्रम में छोड़ने का आदेश दिया क्योंकि वो जानते थे कि सीता माता की सुरक्षा एवं देखभाल उनसे अच्छी कही नहीं हो सकती। उन्हीं के आश्रम में लव कुश का जन्म हुआ।

### प्रधान न्यायाधीश बी.आर गवई पर हमले के खिलाफ आप का प्रदर्शन



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई पर हमले के खिलाफ मंगलवार को पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार में प्रदर्शन किया। आप की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और विधायक कुलदीप कुमार के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीरें लेकर 'जय भीम' के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने हमलावर की निंदा करने के लिए 'हल्ला बोल' और 'मुख्य न्यायाधीश का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' के नारे लगाए। एक अप्रत्याशित घटना में वकील राकेश किशोर (71) ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित उच्चतम न्यायालय के अदालत कक्ष में प्रधान न्यायाधीश गवई की ओर जूता उछालने का प्रयास किया जिसके बाद 'बार काउंसिल ऑफ इंडिया' ने तत्काल प्रभाव से उनका लाइसेंस निलंबित कर दिया। इस घटना के दौरान और उसके बाद भी अविचलित रहे सीजेआई ने अदालत के अधिकारियों और सुरक्षाकर्मियों से कहा कि वे इसे नजरअंदाज करें और आरोपी वकील को चेतावनी देकर छोड़ दें।

### विदेशी नागरिकों से ठगी, ईडी ने नोएडा समेत 15 जगहों पर मारी रेड

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में मंगलवार को दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और मुंबई में 15 परिसरों पर छापा मारा। इस दौरान जांच एजेंसी ने कई डॉक्यूमेंट बरामद किए हैं, जिनकी जांच की जाएगी। यह कार्रवाई 'टेक सपोर्ट' घोटाले से जुड़ी है, जिसमें विदेशी नागरिकों से करोड़ों रुपये की ठगी की गई। ईडी के दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय ने ये छापे मारे, जिसमें दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और वित्तीय रिकॉर्ड जब्त किए गए। ईडी के मुताबिक, यह जांच पीएमएलए (मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम) के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा करण वर्मा और अन्य के खिलाफ दर्ज कई एफआईआर के आधार पर शुरू हुई।

## कांतारा : चैप्टर 1 आध्यात्मिकता, सांस्कृतिक समृद्धि को खूबसूरती से पेश करती : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि कांतारा: चैप्टर 1 देश की आध्यात्मिक गहराई और सांस्कृतिक समृद्धि को खूबसूरती से पेश करती है। गुप्ता ने मंगलवार को कांतारा: चैप्टर 1 के अभिनेता ऋषभ शेट्टी और उनकी टीम ने मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान फिल्म के बारे में अपने विचार व्यक्त किये।

दुनियाभर में लंबे इंतजार के बाद, होम्बले फिल्म्स और ऋषभ शेट्टी की कांतारा: चैप्टर 1, जो कांतारा: अ लीजेंड का प्रीक्वल है, पिछले हफ्ते सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म के ट्रेलर और गीतों ने पहले ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया था, लेकिन रिलीज के बाद इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिये और एक ग्लोबल फेनोमेनन बन गयी। दुनियाभर के दर्शक और समीक्षकों ने इसकी दमदार कहानी, शानदार परफॉर्मेंस और लाजवाब विजुअल्स की तारीफ करनी जारी रखा है। गुप्ता ने मुलाकात के बाद एक एक्स पोस्ट में कहा, अभिनेता और निर्देशक ऋषभ शेट्टी और उनकी टीम से मुलाकात हुई। यह फिल्म भारत की आध्यात्मिक गहराई और सांस्कृतिक समृद्धि को खूबसूरती से पेश करती है, हमारी परंपराओं को जीवंत करती है। कांतारा जैसी रचनायें गर्व से हमारी विरासत की भावना को वैश्विक मंच तक पहुंचाती हैं। पूरी टीम को इस शानदार सिनेमाई सफर में ढ़ेर सारी सफलता की शुभकामनायें। कांतारा: चैप्टर 1 को ऋषभ शेट्टी ने लिखा, निर्देशित किया और उसमें लीड भूमिका निभायी है। इस फिल्म को विजय किरगंदुर ने होम्बले फिल्म्स के बैनर तले निर्मित किया है। फिल्म में अरविंद एस. कश्यप की सिनेमेटोग्राफी है, जबकि बी. अजनीश लोकनाथ का म्यूजिक है, जिन्होंने इस कहानी की जादुई दुनिया को बनाने में बड़ी मदद की। कांतारा: चैप्टर 1, 2 अक्टूबर को दुनियाभर में रिलीज हो चुकी है।



## बारिश के कारण जगह-जगह जाम की स्थित बनी हुई है

# दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में झमाझम बारिश ठंड का एहयास

लिशा शर्मा

नई दिल्ली। बारिश के कारण जगह-जगह जाम की स्थित बनी हुई है। वहीं उड़ानों पर भी खराब मौसम का असर पड़ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का यह दूर पश्चिमी विक्षोभ के चलते हो रहा है। एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान और समीपवर्ती पाकिस्तान के ऊपर समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर बना हुआ है, जिसकी ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त बना हुआ है।

दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। रविवार देर रात से शुरू हुआ बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। सोमवार की तरह ही मंगलवार को भी पूरे एनसीआर में बारिश हुई। इससे तपमान में गिरवाट आई है। बारिश के कारण जगह-जगह जाम की स्थित बनी हुई है। वहीं उड़ानों पर भी खराब मौसम का असर पड़ सकता है। दिल्ली हवाई अड्डे की ओर से जानकारी दी गई है कि, दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़ान परिचालन प्रभावित हो सकता है। यात्री अपनी फ्लाइट की जानकार लेकर ही घर से एयरपोर्ट के लिए निकलें।



- सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 7.7 डिग्री कम के साथ 26. 5 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऐसे में लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का यह दूर पश्चिमी विक्षोभ के चलते हो रहा है।

### लोगों को ठंडक का एहसास

वहीं, सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 7.7 डिग्री कम के साथ 26. 5 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ऐसे में लोगों को ठंडक का एहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का यह दूर पश्चिमी विक्षोभ के चलते हो रहा है। एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान और समीपवर्ती पाकिस्तान के ऊपर समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर बना हुआ है, जिसकी ऊपरी क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में एक गर्त बना हुआ है। साथ ही, चक्रवाती परिसंचरण मध्य पाकिस्तान और समीपवर्ती पश्चिम राजस्थान के ऊपर समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक बना हुआ है।

### राहत भी, आफत भी

रविवार रात से ही बीच-बीच में दिल्ली के कई इलाकों में तेज बारिश हो रही है। इससे जगह-जगह जाम लग रहा है तो, जलभराव से भी लोग परेशान हो रहे हैं। हालांकि, वर्षा ने उमस भरी गर्मी से राहत तो दिलाई, लेकिन जनजीवन प्रभावित होने से आफत बढ़ गई। मौसम विभाग ने पहले ही सात अक्तूबर के लिए झमाझम बारिश की संभावना जताई थी। इसके बाद आठ अक्तूबर (कल) से बारिश का सिलसिला थम सकता है। बुधवार को आंशिक तौर पर बादल छाए रह सकते हैं लेकिन बारिश की संभावना कम है। वहीं नौ से 12 अक्तूबर को भी आसमान साफ रह सकता है। मौसम विभाग ने पूवार्नुमान में बताया है कि आठ से 12 अक्तूबर तक अधिकतम तापमान 32-33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 से 22 डिग्री के आसपास रह सकता है।

## नेपाली गैंगस्टर भीम जोरा एनकाउंटर में ढेर

- सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह डागर की अगुवाई वाली दिल्ली पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम और इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा के नेतृत्व वाली गुरुग्राम क्राइम ब्रांच टीम ने एक ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया। कैलाश ईस्ट इलाके में पुलिस ने आरोपी भीम जोरा को घेर लिया गया।

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश इलाके में सोमवार मध्य रात्रि एक मुठभेड़ में इनामी अपराधी भीम महाबहादुर जोरा ढेर हो गया। यह कार्रवाई दिल्ली पुलिस के साउथ ईस्ट जिले की स्पेशल स्टाफ और गुरुग्राम क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि लालपुर, कैलाली जिला (नेपाल) का रहने वाला भीम जोरा दिल्ली में मौजूद है। वह जंगपुरा (दिल्ली) में मई 2024 को डॉ. पॉल की हत्या का वांछित इनामी अपराधी है। इस सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह डागर की अगुवाई वाली दिल्ली पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम और इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा के नेतृत्व वाली गुरुग्राम क्राइम ब्रांच टीम ने एक ज्वाइंट ऑपरेशन शुरू किया। कैलाश ईस्ट इलाके में पुलिस ने आरोपी भीम जोरा को घेर लिया गया। खुद को घिरा देखकर भीम जोरा ने पुलिस पर 6 राउंड फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने 5 राउंड फायर किए, जिसमें भीम जोरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, भीम जोरा पर दिल्ली, गुरुग्राम, बेंगलुरु और गुजरात जैसे शहरों में हत्या, डकैती और चोरी जैसे 6 संगीन मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से एक आधुनिक स्वचालित पिस्टल, एक कारतूस, तीन खाली खोखे और एक बैग (जिसमें ताले-चोरी के औजार रखे थे) बरामद किया। दिल्ली पुलिस और गुरुग्राम पुलिस के इस संयुक्त ऑपरेशन को बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। पुलिस ने कहा कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। पुलिस ने बताया कि मूल रूप से नेपाल का रहने वाला जोरा एक अंतरराष्ट्रीय डकैती और चोरी के गिरोह का सरगना था। मई 2024 में जोरा अपने साथियों के साथ नई दिल्ली के जंगपुरा में डकैती के इरादे से गया था। इस दौरान उसने 63 वर्षीय डॉ. योगेश चंद्र पॉल की हत्या कर दी थी। 17 महीनों से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने बताया कि वह गिरफ्तारी से बचने में कामयाब रहा था, लेकिन डॉक्टर की हत्या के मामले में चार सह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

## केजरीवाल को मिला नया सरकारी बंगला, अब रहेंगे 95 लोधी एस्टेट में

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लंबे इंतजार और कानूनी संघर्ष के बाद आखिरकार नया सरकारी आवास मिल गया है। केंद्र सरकार ने उन्हें दिल्ली के प्रतिष्ठित लोधी एस्टेट क्षेत्र में स्थित 95 नंबर का टाइप-श्रेणी का बंगला आवंटित किया है। यह आवंटन दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद किया गया है।

लोधी एस्टेट का इलाका दिल्ली के प्रमुख प्रशासनिक और राजनीतिक केंद्रों में गिना जाता है। यहां कई वरिष्ठ राजनेता, केंद्रीय अधिकारी और संवैधानिक पदाधिकारियों के आधिकारिक आवास स्थित हैं। चार शयनकक्ष, एक बैठक कक्ष, भोजन कक्ष और प्रतीक्षालय जैसी सुविधाओं से युक्त यह बंगला अब आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार का नया निवास स्थल बनेगा। केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने केजरीवाल को यह सरकारी आवास राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष के रूप में प्रदान किया है। टाइप-श्क्क श्रेणी के बंगलों को उच्चस्तरीय लोकसेवकों तथा राष्ट्रीय दलों के शीर्ष पदाधिकारियों को दिया जाता है। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद केजरीवाल ने 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित आधिकारिक आवास खाली कर दिया था, जिसके बाद वे उपयुक्त सरकारी बंगले के आवंटन के लिए प्रयासरत थे। आरंभ में उन्होंने 35, लोधी एस्टेट का बंगला मांगा था, जो पूर्व में बसपा प्रमुख मायावती को आवंटित था, किंतु फिलहाल उन्हें 95, लोधी एस्टेट का मकान दिया गया है। वर्तमान में वे आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल को आवंटित आवास में अस्थायी रूप से रह रहे थे। करीब एक वर्ष तक चली कानूनी तथा प्रशासनिक प्रक्रिया के बाद आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता अरविंद केजरीवाल को अब स्थायी रूप से 95 लोधी एस्टेट का बंगला आवंटित किया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आवास के मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही वे शीघ्र ही अपने परिवार सहित वहां स्थानांतरित हो जाएंगे। इस प्रकार, लंबे विलंब और विवाद के बाद अरविंद केजरीवाल का सरकारी आवास का अध्याय अब समाप्ति की ओर है और उनका नया राजनीतिक केंद्र अब लोधी एस्टेट के इस प्रतिष्ठित आवास में स्थापित होगा।



### मुख्यमंत्री उच्च न्यायालय की सख़्ती के बाद आवंटन

सरकारी आवास के आवंटन में अनावश्यक देरी को लेकर अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने केंद्र सरकार से इस संबंध में शीघ्र निर्णय लेने के निर्देश दिए थे। अदालत की सख्ती के बाद अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने आश्वासन दिया था कि दस दिनों के भीतर नियमों के अनुसार नया सरकारी आवास आवंटित कर दिया जाएगा। अदालत के निर्देशों के अनुपालन में मंत्रालय ने अब यह आदेश जारी कर दिया है।

### पुराने आवास से जुड़ा विवाद हुआ समाप्त

इस नए आवंटन के साथ ही अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास को लेकर चल रहा विवाद भी समाप्त होता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने जिस 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित बंगले में निवास किया था, उसी के नवीनीकरण को लेकर विपक्षी दलों ने तीखी आलोचना की थी और उसे 'शीश महल' की संज्ञा दी थी।

## त्रिलोकपुरी के वाल्मीकि मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 1 लाख रुपये देने की घोषणा



नई दिल्ली। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को त्रिलोकपुरी विधानसभा क्षेत्र में वाल्मीकि समाज की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। वाल्मीकि समाज के लोगों ने उन्हें पारंपरिक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज का दिन अत्यंत गर्व और आनंद का क्षण है। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर पर आप सभी के बीच आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भगवान वाल्मीकि जी ने समाज को ज्ञान, समानता और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अगर वे न होते तो हम भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन और उनके चरित्र को कभी जान ही नहीं पाते। सीएम ने आगे कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से प्रभु श्रीराम के जीवन के छोटे-छोटे प्रसंगों को चरितार्थ किया और मानवता के लिए एक आदर्श ग्रंथ दिया। उन्होंने कहा कि त्रिलोकपुरी विधानसभा को रामराज्य जैसा बनाना है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने में जुटी है कि विकास हर गली, हर मोहल्ले तक पहुंचे। इसलिए विधायक रविकांत जब भी मेरे पास आते हैं, मैं उनसे कहती हूं, 'जितना फंड चाहिए, लेकर जाओ और अपनी विधानसभा को संवारो।' सीएम गुप्ता ने समाज में समानता का संदेश देते हुए कहा कि जब प्रभु श्रीराम ने माता शबरी के झूठे बेर खाए, तो उन्होंने यह सिद्ध किया कि समाज का हर व्यक्ति समान है। उन्होंने कहा कि हम सब एक ही गाड़ी के पहिए हैं। अगर एक पहिया भी रुक जाए, तो गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकती। इसलिए हमारी सरकार सभी वर्गों को समान अवसर और समान सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम ने कहा कि जब पीएम मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बनवाया, तब उन्होंने भगवान वाल्मीकि जी के मंदिर के निर्माण का भी ध्यान रखा। वहीं अयोध्या हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रखा। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने त्रिलोकपुरी के वाल्मीकि मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए 1 लाख रुपये की राशि की घोषणा की।

## साइबर सेल ने डिजिटल अरेस्ट रैकेट का भंडाफोड़ किया, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की साइबर सेल ने एक बड़े डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी रैकेट का पदार्फाश किया है, जिसमें तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई इंस्पेक्टर शिव राम के नेतृत्व में और एसीपी साइबर सेल अनिल कुमार की निगरानी में की गई। इस रैकेट ने 80 वर्ष से अधिक उम्र के एक सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी से करीब 42.49 लाख रुपए की ठगी मनी लॉन्ड्रिंग के नाम पर की। इस गिरफ्तारी से संगठित साइबर ठगी के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जो देशभर में लोगों को निशाना बना रहा था।

घटना तब सामने आई, जब पीड़ित को कुछ व्हाट्सएप नंबरों से कॉल आए, जिसमें कॉलर ने खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई का अधिकारी बताया। उन्होंने पीड़ित पर झूठा आरोप लगाया कि वह संदिग्ध वित्तीय लेनदेन में शामिल है और उस पर स्पष्टीकरण पत्र और निजी जानकारी देने के लिए दबाव डाला गया। जांच में पता चला कि ठगी की रकम को कई बैंक खातों में डाला गया, जिसमें से 8.49 लाख रुपए की राशि ट्रेस की गई। शेष रकम का भी पता लगाया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महेंद्र कुमार वैष्णव (37), विशाल कुमार (25) और श्याम दास (25) के रूप में हुई। तीनों राजस्थान के पाली के रहने वाले हैं। जांच में सामने आया कि महेंद्र ने अपने बैंक खाते को अंतरराज्यीय साइबर गिरोहों को 10,000 रुपए प्रति खाते की दर से उपलब्ध कराया था। इसके लिए उसने चेकबुक, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग क्रेडेंशियल्स भी सौंप दिए, जिसका इस्तेमाल ठगी में हुआ। जांच में 8 प्राथमिक बैंक खातों की पहचान हुई, जिसमें महेंद्र का खाता मुख्य रूप से ठगी के लिए इस्तेमाल हुआ। वित्तीय विश्लेषण से पता चला कि उसे हर खाते के लिए मासिक 10,000 रुपए का भुगतान होता था।

## स्थिति गंभीर — बाढ़ के बाद बढ़े मामले, चिकित्सकों ने बताए असामान्य लक्षण

# दिल्ली में डेंगू-मलेरिया का बढ़ता प्रकोप

दिया शर्मा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में हालिया बाढ़ के बाद अब डेंगू और मलेरिया के मामलों में तेजी से वृद्धि देखने को मिल रही है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जिनमें कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इस वर्ष डेंगू के मरीजों में दस्त (लूज मोशन) और पेट दर्द जैसे असामान्य लक्षण प्रमुखता से देखे जा रहे हैं, जबकि एक दुर्लभ मामले में सुनने की शक्ति का ह्रास (हियरिंग लॉस) भी दर्ज किया गया है। जीटीबी अस्पताल के डेंगू नोडल ऑफिसर प्रोफेसर कुलदीप कुमार ने बताया कि उनके अस्पताल में इस समय चार पुष्ट डेंगू मरीज और लगभग बीस संदिग्ध मरीज भर्ती हैं, जिनकी जाँच रिपोर्ट आनी शेष है। डॉक्टर कुलदीप के अनुसार, वर्तमान में डेंगू के लक्षणों वाले अधिकतर मरीज हाई ग्रेड बुखार, पेट दर्द और डायरिया की शिकायत लेकर आ रहे हैं। एक विशेष रूप से गंभीर मामला सामने आया, जहाँ 19 वर्षीय एक युवती को डेंगू और मलेरिया (फेल्सिपेरम) का दोहरा और गंभीर संक्रमण हुआ था। इस दुर्लभ संक्रमण के कारण मरीज की श्रवण शक्ति भी प्रभावित हुई। पाँच दिन के उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार है। डॉक्टर ने बताया कि गंभीर संक्रमण के कारण उसका एल्बुमिन स्तर बहुत कम (1.1) हो गया था, जिससे हृदय और यकृत भी प्रभावित हुए। एल्बुमिन के इंजेक्शनों के प्रयोग से उसकी तेजी से रिकवरी हुई है। स्वामी दयानंद अस्पताल के डॉक्टर चक्रवर्ती ने भी इस बात की पुष्टि की कि उनके यहाँ आने वाले संदिग्ध डेंगू मरीजों में भी दस्त के लक्षण प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में प्लेटलेट्स और दवाइयों की पर्याप्त व्यवस्था है और स्थिति नियंत्रण में है। चिकित्सकों के अनुसार, डेंगू के उपचार में मुख्य रूप से पैरासिटामोल और पर्याप्त तरल पदार्थों की आवश्यकता होती है। हालाँकि, गंभीर मामलों में एल्बुमिन (प्रोटीन का इंजेक्शन) की जरूरत पड़ती है।



## सचदेवा ने की दिल्लीवासियों के बेहतर स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना




नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को श्री महर्षि वाल्मीकि के प्रकोटत्सव के अवसर पर मंदिर मार्ग स्थित श्री वाल्मीकि मंदिर में पूजा अर्चना की और राष्ट्रीय राजधानी के वासियों के बेहतर स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। सचदेवा ने इस दौरान मंदिर के महंत महामण्डलेश्वर श्री किशन शाह विद्यार्थी महाराज से मुलाकात की। इस मौके पर भाजपा के कोषाध्यक्ष श्री सतीश गर्ग भी उपस्थित थे। उन्होंने पूजा अर्चना के बाद संवाददाताओं से कहा, 'महर्षि वाल्मीकि जी की रामायण की रचना भगवान श्री राम के चरित्र से अवगत कराती है। उन्होंने अपने जीवन काल में जिस प्रकार से प्रभु श्री राम के जीवन वर्णन किया, वही आज हम सब के लिए एक प्रेरणा और आदर्श बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के संदेश को जन जन तक पहुँचाने का काम महर्षि वाल्मीकि ने किया। दिल्ली जिस विकास की राह पर चल रही है इस पर और आगे बढ़े और भाजपा सरकार में दिल्ली का लगातार सर्वांगीण विकास हो।

# आईटीआई हथीन के आरोपी छात्र रकीब खान की तलाश में पुलिस की कई टीम

**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन, सुरेंद तेवतिया।** आईटीआई हथीन परिसर में 6 अक्टूबर को दोपहर करीब 2 बजे 100 से अधिक बाहरी युवकों ने हंगामा किया। ये युवक 5-6 थार गाड़ियों में आए थे। परिसर में घुसते ही युवकों ने आतिशबाजी शुरू कर दी और नारेबाजी की। इससे आईटीआई में पढ़ रहे छात्र-छात्राएं और कर्मचारी घबरा गए। बाद में ये सभी युवक झुंड में प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार के कक्ष में घुस गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे।

जब महिला कर्मचारी और स्टाफ के अन्य सदस्य वहां पहुंचे, तो युवकों ने उन्हें देखकर हुटिंग शुरू कर दी। स्टाफ सदस्यों ने इस घटना की तस्वीरें खींची और वीडियो भी बनाए। आरोपी युवक काफी देर तक आईटीआई में हंगामा करते रहे, जिससे छात्रों और महिला स्टाफ में भय का माहौल बन गया।

प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार ने युवकों को समझाने का प्रयास किया। आरोपियों में आईटीआई का सेकेंड ईयर का छात्र रकीब खान भी शामिल था, जो इन बाहरी युवकों को परिसर में लेकर आया था। बाहरी युवाओं की भीड़ होने के कारण उन्होंने प्रधानाचार्य की एक न सुनी। प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार ने इस घटना की लिखित शिकायत हथीन थाना पुलिस को दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छात्र रकीब खान और उसके 100 से 150 अज्ञात साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है। हथीन थाना प्रभारी हरिकिशन ने कहा कि आरोपियों की पूरी वारदात आईटीआई में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद है, कैमरों के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पहचान होने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी छात्र रकीब खान की तलाश में पुलिस की टीम दबिश दे रही है, क्योंकि वह उक्त आरोपियों को लेकर आईटीआई परिसर में आया था।

# पलवल में एचाएसवीपी के जिमखाना क्लब के रेस्टोरेंट का हुआ शुभारंभ

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** जिला के विकास में आज एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई जब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के जिमखाना क्लब की रसोई और रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया गया। यह शुभारंभ प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम ने किया। खेल मंत्री गौरव गौतम ने जिम खाना क्लब परिसर में पौधारोपण भी किया।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को खेलों, फिटनेस और सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और एक स्वस्थ नागरिक ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। जिमखाना क्लब जैसी आधुनिक संस्थाएं समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और अनुशासन को बढ़ावा देंगी।

खेल राज्य मंत्री ने कहा कि पलवल जिला अब केवल औद्योगिक पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि फिटनेस और खेल संस्कृति के क्षेत्र में भी मिसाल बनेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे खेल और स्वास्थ्य को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार खेल सुविधाओं के विस्तार, खिलाडिड़्यों को प्रोत्साहन एवं युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा कि पलवल में जिमखाना क्लब की स्थापना से न केवल खेल और फिटनेस गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि यह शहर के सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक आयोजनों के लिए भी एक नया केंद्र बनेगा।

इससे पूर्व हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के जिमखाना क्लब की कार्यकारी समिति की प्रथम बैठक का भी आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने की। इसमें स्वीमिंग पूल और बैडमिंटन कोर्स तथा जिम बनवाने का निर्णय लिया गया।

# इंडियन ऑयल के स्टाफ को जागरूक कर नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी तथा महासचिव महेश जोशी के निदेर्शानुसार और जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के अध्यक्ष एवं उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन व सचिव बिजेंद्र सोरोत के नेतृत्व में सोमवार को इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन असावटी में नशा छोड़ो-परिवार जोड़ो एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड असावटी के चीफ जनरल मैनेजर बानी प्रसन्ना मोहंती तथा डिप्टी जनरल मैनेजर प्रेमचंद कुमार सहित लगभग 25 उच्च स्तर के स्टाफ ने भाग लिया।

कार्यक्रम में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मधुबन हरियाणा के सब इंस्पेक्टर डा. अशोक कुमार वर्मा ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाते हुए नशा मुक्ति विषय पर उपस्थित स्टाफ को जागरूक करते हुए बताया कि नशे की लत एक आम इंसान के सभी सपनों को समाप्त कर देती है। मादक पदार्थों का सेवन किसी भी नशे की लत वाले इंसान की शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक ख्याति के साथ-साथ सांसारिक जीवन को समाप्त कर देता है, जिस कारण परिवार में लड़ाई-झगड़े एवं कलह का वातावरण बना रहता है। उन्होंने नशे के प्रकार एवं बचाव के तरीके बताए। इसके अतिरिक्त मानसिक स्वास्थ्य विषय पर नागरिक अस्पताल पलवल की मनोचिकित्सक मधु डागर ने आज कल की भागदौड़ भरी जिंदगी से होने वाली मेंटल हेल्थ की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा खराब मानसिक स्वास्थ्य को दवाइयों एवं मेडिटेशन से ठीक करने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य के बारे में भी जागरूक होना जरूरी है।

जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि नशा करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी एवं अपने परिवार की उन्नति नहीं कर सकता। उसका मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान भी होता है। उन्होंने बताया कि आज नशा युवाओं को खोखला कर रहा है, जिससे हमारे युवाओं का भविष्य सुरक्षित नहीं है। हम सभी को चाहिए कि नशे की लत लगने से पहले ही हम सतर्क हो जाए अन्यथा ऐसा न हो कहीं देर हो जाए। उन्होंने बताया कि किसी के आस-पास रहने वाला कोई व्यक्ति यदि नशा छोड़ना चाहता है तो वह जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल एवं फरीदाबाद सचिव बिजेंद्र सोरोत से संपर्क कर सकता है। नशे का आदि व्यक्ति अपना आधार कार्ड साथ लेकर सेक्टर-14 फरीदाबाद में आ सकता है जहां उसे नशा छोड़ने में पूरी सहायता की जाएगी। जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल की जिला प्रशिक्षण अधिकारी नीतू सिंह तथा डा. अशोक वर्मा ने इस मौके पर उपस्थित युवाओं को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई।

# अखनाका गांव में चला साइबर राहगीरी जागरूकता अभियान

- पुलिस अधीक्षक ने ग्रामीणों को किया जागरूक
- 15 लाख रुपये मूल्य के 72 मोबाइल लौटाए



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां।** नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव अखनाका में एक विशेष साइबर राहगीरी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नूंह के पुलिस अधीक्षक नूंह राजेश कुमार स्वयं मौजूद रहे और ग्रामीणों को साइबर अपराध और नशा मुक्ति को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान नूंह पुलिस ने करीब 15 लाख रुपये के करीब खोए हुए 72 मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों को सौंपा, जिससे लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। यह कदम नूंह पुलिस की ईमानदारी और तकनीकी दक्षता का परिचायक है।

इसी दौरान डॉग स्क्वायड टीम ने गांव अखनाका में एक सर्च ऑपरेशन भी चलाया। तलाशी अभियान के साथ-साथ टीम ने ग्रामीणों को नशे के नशा और साइबर अपराध से बचाव के तरीके भी बताए।

राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक ने कहा साइबर अपराध और नशा दोनों ही हमारे समाज के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। नूंह जिला इन चुनौतियों से बुरी तरह प्रभावित है। हमारा उद्देश्य है कि हम जिला नूंह को साइबर और नशा मुक्त बनाएं।

उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार प्रयास कर रही है कि ऐसे अपराधियों पर लगाम लगाई जाए। उन्होंने साइबर अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा या तो वे अपने गलत काम छोड़ दें, नहीं तो पुलिस उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को तैयार है। एसपी ने ग्रामीणों से भी आह्वान किया कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत दें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और साइबर सुरक्षा एवं नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता दिखाई।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि जिले भर में ऐसे जन-जागरूकता अभियानों का आयोजन लगातार किया जाएगा ताकि आमजन को साइबर ठगी और नशे की लत से बचाया जा सके।

## महर्षि वाल्मिकी व आचार्य श्री 108 विद्यासागर के अवतरण दिवस पर किया पौधारोपण

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** महर्षि वाल्मिकी व आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी मुनिराज के 79 वाँ अवतरण दिवस के उपलक्ष में पर्यावरण को शुद्ध निर्मल करने की भावना के साथ व बच्चों में पर्यावरण के प्रति रुचि उत्पन्न करने को लेकर बच्चों के साथ प्राचीन शिव मंदिर अस्थल पर नगीना में पौधारोपण किया गया। सर्व जातीय सेवा के उपाध्यक्ष रजत जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की शरद पूर्णिमा पर महर्षि वाल्मिकी व आचार्य श्री 108 विद्यासागर मुनिराज का पृथ्वी पर अवतरण हुआ। महर्षि वाल्मिकी व आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी मुनिराज ने प्राणी मात्र के आत्म कल्याण के लिए अहिंसा का प्रचार प्रसार किया। ताकि संपूर्ण विश्व में अहिंसा के पथ पर चलकर सच्ची शांति की स्थापना हो सके। और प्रत्येक प्राणी मात्र अपना आत्म कल्याण कर सके। महर्षि वाल्मिकी जी ने जनकल्याण के लिए रामायण ग्रन्थ की रचना की । इस अवसर रोहित उर्फ मोनू शर्मा , शुभ,जैन,युवराज सैनी , सुनील सैनी आदि उपस्थित रहे।

# भगवान वाल्मीकि की शिक्षाएं भी समाज के लिए प्रेरणादायक: विधायक मूलचंद शर्मा

- कहा, संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना से हर समाज, हर वर्ग की पहचान व संस्कृति को मिला है सम्मान
- स्थानीय बाल भवन सामुदायिक केंद्र नूंह में आयोजित हुआ जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह।

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** बल्लभगढ़ से विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने मानवता, समानता और सदाचार के जो आदर्श स्थापित किए हैं, वे आज भी समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान वाल्मीकि ने न केवल रामायण जैसी अमर रचना के माध्यम से समाज को आदर्श जीवन का संदेश दिया, बल्कि उन्होंने समानता और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी दी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से हमें सिखने की आवश्यकता है कि किस प्रकार अपने कर्तव्य और धर्म का पालन करते हुए समाज की सेवा की जा सकती है।

विधायक आज मंगलवार को सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के तत्वावधान में जिला प्रशासन के सहयोग से स्थानीय बाल भवन सामुदायिक केंद्र नूंह में आयोजित जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपना संबोधन दे रहे थे। इससे पहले उन्होंने दीप प्रज्वलित कर व महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश



सरकार ने संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना की जो शुरूआत की है, उससे हर समाज, हर वर्ग और हर समुदाय की पहचान, परंपरा और संस्कृति को सम्मान मिला है। इसी भावना के तहत आज भगवान वाल्मीकि की जयंती को पूरे देश व प्रदेशभर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में सभी महापुरुषों की जयंती को पूरे श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाने की परंपरा को आगे बढ़ाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के लिए देश के युवाओं को वाल्मीकि जैसे महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करना होगा। आज देश की 60 प्रतिशत आबादी युवा है। अगर यही युवा शक्ति भगवान वाल्मीकि के आदर्शों पर चले, तो भारत को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। विधायक ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग की सहभागिता से सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर आगे बढ़ रही है। आज समाज में जो समरसता दिख रही है, वह हमारे महापुरुषों की शिक्षाओं व भाजपा सरकार की संवेदनशील नीतियों का ही परिणाम है। इस मौके पर समाज के गणमान्य लोगों ने विधायक मूलचंद शर्मा का स्वागत किया और वाल्मीकि समाज के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए धन्यवाद किया। पूर्व मंत्री कंवर संजय सिंह ने कहा कि भगवान वाल्मीकि का जीवन इस बात का प्रमाण है कि ज्ञान, परिश्रम व संकल्प के बल पर कोई भी व्यक्ति समाज में नई दिशा दे सकता है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में समानता, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बनाना चाहिए। महर्षि वाल्मीकि ने रामायण रूपी महाग्रंथ की रचना कर सत्य व मयार्दा के स्तर का पाठ पढ़ाया। हमारी जीवनशैली कैसी होनी चाहिए, इसकी सीख हमें संतों-महापुरुषों से मिलती है। संत-महापुरुष सभी के लिए पूजनीय होते हैं। वाल्मीकि समाज मेहनतकश समाज है, जिसके कल्याण के लिए सरकार भी निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने अभी हाल ही में लाडो लक्ष्मी योजना को लागू कर माताओं-बहनों के खातों में सीधे 2100 रुपये की राशि भेजने की शुरूआत की है।

# पांच साल तक पेड पार्किंग" लगा जनता को लूटा, अब शराफत दिखा रहे: सुरेन्द्र राठी

- पार्किंग के नाम पर लगाया था जनता पर गुंडा टैक्स : राठी

**उत्तम भारत संवाददाता, पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला की सोमवार को हुई आम बैठक में पेड पार्किंग सिस्टम को खत्म करने का फैसला लिया गया। निगम क्षेत्र में पिछले लगभग पांच वर्षों से चल रहे इस सिस्टम के तहत लोगों से पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा था। अब इस व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। इस फैसले को लेकर विपक्ष ने निगम पर चुनावी स्वार्थ से प्रेरित होने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व अंबाला लोकसभा अध्यक्ष सुरेंद्र राठी ने



कहा कि पेड पार्किंग सिस्टम लागू करने वाले यही बीजेपी सरकार के लोग थे, जिन्होंने पांच साल तक जनता को नाजायज तरीके से लूटा। आम आदमी पार्टी ने इसके खिलाफ कई बार आवाज उठाई, तब इन लोगों को हमारी आवाज नहीं सुनाई दी। अब आने वाले मेयर के इलेक्शन में जनता बीजेपी वालों को अपनी आवाज सुनाएगी और मेयर के इलेक्शन में इनको हार का मजा चखना पड़ेगा।

अब जब मेयर का चुनाव सिर पर है और हार साफ दिखाई दे रही है, तो जनता को लुभाने के लिए पार्किंग फ्री करने का लालच दिया जा रहा है। राठी ने कहां की पार्किंग फीस लगाना ही गलत था इस निर्णय को जनता को गुमराह करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि पांच साल तक जनता से जबरन शुल्क वसूला गया और अब चुनावी माहौल में अचानक पेड पार्किंग खत्म करने की घोषणा करना जनता के साथ धोखा है। सुरेंद्र राठी ने कहा कि अब भाजपा को अपना बोरिया बिस्तर बांधने की तैयारी कर लेनी चाहिए , क्योंकि जनता किसी बहकावे में नहीं आने वाली।

# नूंह में खाद की कालाबाजारी मोटी रकम वसूल रहे हैं प्राइवेट दुकानदार,सरकारी केंद्रों पर खाद उपलब्ध नहीं

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नूंह जिले में सरसों और गेहूं की फसल की बुवाई का समय नजदीक आते ही डीएपी और यूरिया खाद की मांग बढ़ गई है। सरकारी केंद्रों पर खाद नहीं होने के कारण किसानों को मजबूरी में प्राइवेट दुकानदारों से खरीदना पड़ रहा है। आरोप है की दुकानदार किसानों से मनमानी रकम वसूल रहे हैं। किसानों ने बताया कि दुकानदार एक बैग डीएपी खाद के लिए 1800 -1850 तक की रकम वसूल रहे हैं। तो वहीं यूरिया का बैग 400 तक बेचा जा रहा है। सरकार द्वारा डीएपी खाद का मूल्य 1350 रुपए प्रति बैग और यूरिया का 270 रुपए निर्धारित किया गया है।

खाद बीज की दुकान चलाने वाले दुकानदार मनमानी कर रहे हैं। खाद महंगा मिलने के कारण किसानों को परेशानी हो रही है।

### सरकारी दुकानों पर नहीं मिल रहा खाद

वरिष्ठ समाजसेवी फजरूदीन बेसर, अख्तर हुसैन झारोकड़ी,ताहिर हुसैन नई,तोसिफ खान बीसरू,जान मोहम्मद नवलगढ़,आसिफ जमालगढ़, वासिद अली बिसरू, अंसार अख्तर इंदाना और अरशद एडवोकेट पापड़ा सहित अन्य किसानों ने बताया कि सरसों ओर गेंहू की बिजाई का समय नजदीक आ गया है। ऐसे में किसानों को डीएपी खाद की आवश्यकता है। पुन्हाना में सरकारी दुकानों पर खाद नहीं मिलने के कारण किसानों से निजी दुकानदार ज्यादा पैसे ले रहे हैं। डीएपी खाद कि कीमत 1350 रुपए है ,लेकिन किसानों को वह 1850 में मिल रहा है। वहीं यूरिया बैग का रेट 270 है,जिसे 400 तक बेचा जा रहा है।

### गोदामों में स्टॉक किया हुआ है खाद

किसानों ने बताया सरसों और गेहूं की बिजाई के लिए महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। आरोप है कि पुन्हाना जमालगढ़ रोड पर लाइसेंस से खाद बीज बेचने वाले दुकानदारों ने अपने-अपने गोदाम में डीएपी खाद का स्टॉक किया हुआ है। यह थोड़े कट्टे दुकान पर दिखावे के लिए रखते हैं। विभाग को कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। किसानों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द खाद उपलब्ध कराया जाए ताकि गेहूं और सरसों की बुवाई में किसानों को परेशानी ना हो। किसानों ने बताया कि खाद की कालाबाजारी के लिए नकली डीएपी खाद भी बाजार में बेचा जा रहा है। जिसका खुलासा सोमवार को नूंह में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता रेवाड़ी की टीम द्वारा किया गया था। ऐसे में किसानों की सालभर की मेहनत पर नकली खाद पानी फेर सकता है।

### दुकानदारों से बिल लेने की अपील

खाद की कालाबाजारी को लेकर जब खंड कृषि अधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि किसानों को जागरूक होने की जरूरत है। किसान जिस दुकान से सामान खरीद रहे हैं, उस दुकान से बिल अवश्य लें। जब तक सामान का बिल नहीं मिलेगा विभाग कैसे कार्रवाई करेगा। अगर पुन्हाना क्षेत्र में खाद की कालाबाजारी हो रही है तो उसकी जांच कराई जाएगी। खाद की कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों के लाइसेंस भी रद्द किए जाएंगे। इसके लिए किसानों को विभाग का सहयोग करना बहुत जरूरी है।

# महापुरुषों के जीवन से मिलते हैं प्रेरणादायी विचार

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** महर्षि वाल्मीकि जैसे संत-महापुरुषों के जीवन से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और मयार्दा के धर्म का ज्ञान होता है। ऐसे में इस प्रकार के आयोजन हमारी भावी पीढ़ी को नई दिशा देने में अहम हैं।

यह बात एसडीएम फिरोजपुर झिरका लक्ष्मी नारायण ने नगर पालिका में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि प्रशासन, सूचना, जनसंपर्क, भाषा विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित किए गए महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। नगरपालिका फिरोजपुर झिरका के चेयरमैन मनीष जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। एसडीएम लक्ष्मी नरायण ने दीप प्रज्वलन के साथ ही महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

समारोह में अपने संबोधन में एसडीएम लक्ष्मी नरायण ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई जा रही है। इस




परंपरा के शुरू होने से सामाजिक समरसता और महान संतों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने समाज के महापुरुषों को याद नहीं करेंगे तो हमारी सभ्यता के महत्वपूर्ण पहलू इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएंगे। इस अवसर पर प्रभु दयाल सचिव बाल्मीकि समाज फिरोजपुर झिरका,पूर्व प्रधान बाल्मीकि समाज फिरोजपुर झिरका, पवन कुमार, रमेश आर्य।

## समाचार

# समाधान शिविर में किसी अन्य महिला के आधार कार्ड पर बुढ़ापा पेंशन का लाभ ले रही महिला की पेंशन करवाई गई बंद

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखदेव तेवतिया।** जिला सचिवालय स्थित द्वितीय तल पर स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते हुए मौके पर समाधान करवाया। समाधान शिविर में राम सिंह पुत्र परसराम निवासी ग्राम खाम्बी ने उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ के समक्ष शिकायत रखी कि उनकी पत्नी सोनवती के आधार कार्ड नंबर पर सरोज पत्नी गिर्राज निवासी ग्राम लोहिना तहसील होडल जिला पलवल नामक महिला गलत तरीके से बुढ़ापा पेंशन का लाभ ले रही है। उनकी पत्नी को हरियाणा सरकार की दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत आवेदन करना था, लेकिन उपरोक्त कारण से उनकी पत्नी आवेदन जमा नहीं कर पा रही थी। उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत का निवारण करने के आदेश दिए। इसके उपरांत अधिकारियों ने गलत आधार कार्ड नंबर पर बुढ़ापा पेंशन का लाभ ले रही महिला सरोज पत्नी गिर्राज की पेंशन बंद करवा दी। राम सिंह ने शिकायत का समाधान करवाने पर हरियाणा सरकार सहित उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनकी पत्नी दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत आवेदन कर सरकार की योजना का लाभ उठा सकेगी। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का त्वरित, प्रभावी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। समाधान शिविरों में नागरिकों द्वारा रखी जाने वाली शिकायतों का निपटान विभागाध्यक्ष समयबद्ध तरीके से करते हुए नागरिकों को राहत पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर लोगों की उम्मीदों और अपेक्षाओं पर खरे उतर रहे हैं। समाधान शिविर लोगों की समस्या सुनने और तुरंत निराकरण करने का सशक्त माध्यम है।

# अनुसूचित जाति के सदस्यों को दी जाएगी ड्रोन पायलट ट्रेनिंग

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम पलवल के माध्यम से अनुसूचित जाति के महिला व पुरुष सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन पायलट ट्रेनिंग दी जानी है। इसके लिए पात्रता आयु 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय 3 लाख रुपए तक होनी चाहिए और शैक्षणिक योग्यता 10 वीं पास होनी जरूरी है। ड्रोन पायलेट ट्रेनिंग के इच्छुक महिला एवं पुरुष सदस्य ट्रेनिंग के लिए अपने विभिन्न दस्तावेज अपने साथ लेकर आए, इनमें आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र,10 वीं मार्कशीट व पासपोर्ट साईज दो फोटो शामिल हैं।

# मिष्ठान विक्रेता गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों की करें बिक्री : खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. राजेश वर्मा

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग पंचकूला के आदेश अनुसार फेस्टिवल सीजन में मिल्क प्रोडक्ट ड्राइव चलाया हुआ है, जिसके अंतर्गत खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उनकी जांच की जा रही है। मिल्क प्रोडक्ट ड्राइव के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी पलवल डा. राजेश वर्मा ने रविवार को अपनी टीम के साथ हसनपुर चौक होडल पर उत्तर प्रदेश से आ रहे पनीर की इको मालिक प्रवीण कुमार से एक पनीर का नमूना लिया। इसी क्रम में उन्होंने श्री बीकानेर मिष्ठान भंडार के गोदाम से मिल्क केक और खोए का नमूना लिया। इसके उपरांत उनकी टीम ने हसनपुर चौक होडल पर स्थित सैनी स्वीटस से और पुन्हाना मोड से खाद्य पदार्थ के नमूने लिए। डा. राजेश वर्मा ने बताया कि इन सभी नमूनों को जांच के लिए चंडीगढ़ भेज दिया गया है और जांच रिपोर्ट आने के पश्चात आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के सीजन के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट को चेक करने के उद्देश्य से यह मिल्क प्रोडक्ट चैकिंग ड्राइव चलाकर नमूने लेने का कार्य किया गया है। इस दौरान मिठाई की खपत अधिक होती है और मिलावट का खतरा बढ जाता है। खाद्य पदार्थों में की गई मिलावट मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने जिला के सभी मिष्ठान व पनीर व खोआ विक्रेताओं से आह्वान किया है कि वे गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों की ही बिक्री करें। खाद्य पदार्थ में मिलावट पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# नकली सोने की ईंट बेचकर ठगी करने वाले दो आरोपी काबू

- आरोपियों से फर्जी सिम कार्ड, मोबाइल, नकली सोने की ईंट, हथौड़ी सहित अन्य समान बरामद

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** साइबर थाना नूंह पुलिस ने नकली सोने की ईंट बेचकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के दो शातिर ठगों को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से




फर्जी सिम कार्ड, मोबाइल फोन, नकली सोने की ईंट के टुकड़े, हथौड़ी और छैनी सहित कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इब्बन पुत्र कासम निवासी तिरवाड़ा थाना बिछौर तथा तौफिक पुत्र महमूद निवासी सालाहेड़ी थाना नूंह के रूप में हुई है। अजायब सिंह डीएसपी ने बताया कि साइबर अपराध की रोकथाम हेतु साइबर पुलिस की एक टीम घासेड़ा बाईपास पर मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि इब्बन और तौफिक फर्जी सिमों की मदद से लोगों को सोने की ईंट बेचने का झांसा देकर ठगी करते हैं और फिलहाल बाईपास पर मौजूद हैं। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत रेड कर दो युवकों को दबोच लिया जिन्होंने पूछताछ में उपरोक्त इब्बन और तौफीक के रूप में अपनी पहचान बताई। तलाशी लेने पर इब्बन से एक मोबाइल फोन, अन्य व्यक्तियों के नाम जारी दो सिम कार्ड और एक छोटी पॉलीथिन में पीले रंग की धातु के सैंपल मिले। जबकि तौफिक से एक मोबाइल फोन, एक हथौड़ी, छैनी और नकली सोने की ईंट के टुकड़े बरामद किए गए।

# वाल्मीकि जयंती पर रामायण व महिलाओं को किया गया सम्मानित




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति 5 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद की ओर से उप जिलाधिकारी/ अधिशासी अधिकारी विजय शंकर द्वारा वाल्मीकि जयंती पर रामायण पाठ और वाल्मीकि समाज की 11 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी/ अधिशासी अधिकारी विजय शंकर द्वारा वाल्मीकि समाज की महिला द्वारा किए गए कार्यो को भी सराहना की गई। स्वच्छ भारत अभियान में वाल्मीकि समाज का विशेष योगदान रहता है।

बाल्मीकि जयंती पर मंडी कोटला स्थित भूमिया देवी मंदिर पर नगर पालिका परिषद की ओर से रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। भूमिया देवी मंदिर में कराई जा रहे रामायण पाठ में यजमान के रूप में उप जिलाधिकारी / अधिशासी अधिकारी विजय शंकर उपस्थित रहे। और विधि विधान के द्वारा रामायण पाठ का शुभारंभ कराया। इस कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी/ अधिशासी अधिकारी विजय शंकर स्वच्छ निरीक्षक नीरज सिंह मनोज शर्मा स्टेनो विशाल शर्मा व नगर पालिका समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# नकली गुटखा बनाने की फैक्ट्री पर मारा छापा




**उत्तम भारत संवाददाता**

**नूरपुर।** नगर में नकली गुटखा बनाने की फैक्ट्री पर अधिकारियों द्वारा मारा गया छापा ।

एस आई विपिन तिवारी के नेतृत्व में नकली गुटखा बनाने फैक्ट्री पर छापा मारकर किया जब्त । चांदपुर निवासी अर्पित जावा जो गगन गुटखा के डिस्ट्रीब्यूटर हैं । जावा को शिकायत मिली थी । नूरपुर नगर में नकली गुटखा के बनाने का माल तैयार किया जा रहा है । मशीनों द्वारा गगन गुटखा का माल तैयार होता है । अर्पित द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन अधिकारियों द्वारा नूरपुर मोहल्ला गांधीनगर पहुंचे और एक मकान में छापामारी की ।

जहां पर 15 बोरे तैयार माल के और 9 कट्टे कच्चा माल मिला । साथ में काटने पैकिंग मशीन उपकरण बरामद किए। बताया गया मोहल्ला कबीर नगर निवासी अब्दुल रहमान के पार्टनर कुंडा निवासी युसूफ और बागपत जनपद के दो पार्टनर इन सभी के साथ मिलकर नकली फैक्ट्री का कार्य कर रहा था । मौके पर अब्दुल रहमान और उसका साथी मिला ।

जिसमें अब्दुल रहमान मौके से फरार हो गया । उसके साथी युसूफ से पूछताछ की जा रही है । शिकायतकर्ता अर्पित जावा नूरपुर थाने को नकली फैक्ट्री पकड़ने की जानकारी दी । फिलहाल मौके पर अनिल राय एसटी ओ और जीएसटी धामपुर तथा अन्य कर्मचारी जांच में जुटे ।

नूरपुर से अन्य राज्यों और जिलों को भी होता था माल सप्लाई

नकली गुटखा बनाने की फैक्ट्री में अन्य जिलों के लोग भी शामिल हैं । उपरोक्त मामले में नकली गुटखा बनाने के लिए खाली पड़े मकान का सहारा लिया जाता है काम करने के लिए । जीएसटी अधिकारी द्वारा बताया गया। लाखों रुपए की जीएसटी चोरी कर रहे थे यह लोग । नकली गुटखा फैक्ट्री संचालक अधिक मुनाफे के लिए दो बाजारों में इसकी बिक्री करते थे । जिसके चलते यह धंधा फल फूल रहा है । नूरपुर में चल रही नकली गुटखा फैक्ट्री कि किसी को कानो कान खबर भी नहीं थी । फैक्ट्री की जगह पर हर समय चहल-पहल ।

आखिर किसकी इशारों पर में चल रहे हैं यह धंधे । जिस देश के राजस्व हो रहा है काफी नुकसान

# विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल द्वितीय स्थान पर चयनित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र हेमंत कुमार एवं प्रीत भटनागर द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन आर. जे.पी. इंटर कॉलेज बिजनौर में सोमवार को संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के छात्र हेमंत कुमार एवं प्रीत भटनागर द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल %रोड ओवरलोडिंग कंट्रोलिंग इंस्ट्रूमेंट% को जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। आयोजक मंडल द्वारा इन बाल वैज्ञानिकों को ज्3000 की नगद धनराशि पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई।

जूनियर वर्ग में अंश कुमार एवं छात्र ईशू कुमार द्वारा वायु प्रदूषण नियंत्रण यंत्र का मॉडल प्रस्तुत किया गया जिसे जनपद स्तर पर सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया तथा विजेता बाल वैज्ञानिकों को पुरस्कार के रूप में ज्500 की नगद धनराशि प्राप्त हुई। विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन एवं विज्ञान शिक्षकों नरपाल सिंह, अनिल कुमार, कुमार सामर्थ, अंजू आर्य अनुपम सचदेव, साजिद मलिक एवं पूनम बिश्नोई के मार्गदर्शन में बाल वैज्ञानिकों ने उक्त विज्ञान मॉडल्स प्रस्तुत किये तथा निर्णायक मंडल के प्रश्नों का उत्तर बहुत ही बुद्धिमता पूर्वक दिया।

जनपद स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बाल वैज्ञानिक हेमंत कुमार और प्रीत भटनागर 11 अक्टूबर को मुरादाबाद के चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में आयोजित होने वाली मण्डलीय विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडल का प्रदर्शन करेंगे। बाल वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह त्यागी एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने इन मेधावी बाल वैज्ञानिकों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बिजनौर में महिलाओं व बालिकाओ को जागरूक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत मुख्य आरक्षी 389 राहुल ,महिला आरक्षी 87 प्रीति तोमर व महिला होम गार्ड 299 बीना द्वारा ग्राम केलनपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में महिलाओं व बालिकाओ को जागरूक किया गया तथा

1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181*
2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090*
3. आपातकालीन नंबर 112*
4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102*
5. एंबुलेंस नंबर 108*
6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098
7. साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व

योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया , महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।

# थाना नकुड़ पुलिस द्वारा शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर आशीष तिवारी के निर्देशन में जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना नकुड़ संतोष त्यागी के कुशल नेतृत्व में थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। आज थाना नकुड़ पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में गश्त एवं चेकिंग के दौरान शान्ति/कानून व्यवस्था भंग करने वालों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी संज्ञेय अपराध कारित होने से रोकने एवं क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस की चालानी कार्यवाही की गई है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने अपने नाम अमित पुत्र धीरज निवासी ग्राम नंगला नसीराबाद, थाना नकुड़, सहारनपुर,सुमित पुत्र धीरज निवासी ग्राम नंगला नसीराबाद, थाना नकुड़, सहारनपुर,धर्मवीर पुत्र कर्म सिंह निवासी ग्राम नंगला नसीराबाद, थाना नकुड़, सहारनपुर,नरेश पुत्र रतन निवासी ग्राम नंगला नसीराबाद, थाना नकुड़, सहारनपुर,जगमाल पुत्र रतन निवासी ग्राम नंगला नसीराबाद, थाना नकुड़, सहारनपुर बताए।

# भगवान बाल्मीकि के नाम पर होगा अब मेरठ चुंगी चौराहा




* **बाल्मीकि जयंती पर हवन,यज्ञ व रामायण का किया गया आयोजन**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर ।** भगवान वाल्मीकि जयंती पर नगर के मोहल्ला जाटान बाल्मीकि बस्ती में हवन, यज्ञ व रामायण का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ,नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह व ईओ विकास कुमार सहित पालिका के सभासद सहित कर्मचारियों ने भाग लिया । इस मौके पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने मेरठ चुंगी चौराहे का नाम भगवान वाल्मीकि के नाम पर रखे जाने की घोषणा की। मिशन शक्ति के तहत डीएम व पालिका अध्यक्ष ने सराहनीय कार्य करने वाले महिला सफाई कर्मियों को स्मृति चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वाल्मीकि समाज ने मोहल्ला जाटान में हवन यज्ञ व रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया था । इस मौके पर बिजनौर नगर पालिका परिषद के अधिकारी व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डीएम श्रीमती जसजीत कौर व पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने पहुंच कर हवन यज्ञ और रामायण में हिस्सा लिया। इस मौके पर स्वच्छता संकल्प सेल्फी भी ली गई । मिशन शक्ति अभियान के तहत डीएम व पालिका अध्यक्ष ने महिला सफाई कर्मियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया । इस मौके पर जिलाधिकारी व पालिका अध्यक्ष ने कहा कि महर्षि बाल्मीकि ने

प्रभु श्रीराम के जीवन-दर्शन को 'रामायण' ग्रंथ में समाहित कर जन-जन तक मानवता, मर्यादा और धर्म का संदेश पहुँचाया। यह पवित्र ग्रन्थ मानव समाज को अनंत काल तक जीवन की हर परिस्थिति में मार्गदर्शित करता रहेगा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ बीरबल सिंह, सभासद संजय बिश्नोई, मनोज मनी, अमित ठाकुर ,प्रभाकर, अभिषेक राणा, अवर अभियंता जल कल गौरव शर्मा ,अवर अभियंता सिविल यशवंत सिंह, कर अधीक्षक नरेंद्र पाल यादव, कर निरीक्षक सुंदरलाल, ऋषिपाल सिंह,सफाई कर्मचारी नेता राहुल कुमार सहित पालिका स्टाफ मौजूद रहा ।

# संभल में अंतर्गत कुल 7687 के सी सी कृषक बीमित है 49 गैर ऋणी कृषक बीमित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के जनपद संभल में अंतर्गत कुल 7687 के सी सी कृषक बीमित है 49 ग़ैर ऋणी कृषक बीमित हैं। जैसा कि आप अवगत है जनपद में गत दिनों से बारिश हो रही है इसमें धान, उर्द एवम बाजरा के नुक़सान होने की संभावना है । जिन कृषकों के द्वारा बीमा करायी गई है और उनका फसल का नुकसान हुआ है तो वो अपना कंप्लेन टोल फ्री नंबर 14447 पर करना सुनिश्चित करे उकत नंबर काम ना करे तो कृषक अपना प्रार्थना पत्र 8052970563 पर भेजना सुनिश्चित करे। उक्त शिकायत स्थान के अतिरिक्त कृषक बन्धु कृषि पोर्टल और हेल्पलाइन पर जाकर भी अपना कंप्लेन स्वयं पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। कृषक बंधुओं से यह विशेष अपील है की फ़सल नुक़सान होने के 72 घंटे के अंदर-अंदर अपना प्रार्थना पत्र बीमा कंपनी /कृषि विभाग/ बैंक साखा को प्रेषित कर दें अन्यथा कि इस स्थिति में बीमा दिया जाना संभव नहीं हो पाता है। जीन कृषकों का फ़सल नुक़सान कटाई उपरांत हुआ है और बेमौसमी बारिश के कारण क्षति हुई है साथ ही अगर वो कृषक बीमित हैं तो वह अपना कंप्लेन कर सकते हैं। उक्त जानकारी प्रबोध मिश्रा जिला कृषि अधिकारी संभल।

# थाना रायसत्ती पुलिस ने चौपाल लगाकर किया अपराध रोकने के लिए जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मिशन शक्ति फ़ेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत मोहल्ला पंजू सराय, जन्नत निशा स्कूल के पास थाना रायसत्ती जनपद संभल में चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/छात्राओं को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू की गई। इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है। तत्पश्चात वहाँ पर उपस्थित सभी महिलाओं की समस्या सुनकर उनका निस्तारण कराने के लिए आवेदन लिये गये एवं उनको महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, हे.का.सुखविन्द्र सिंह सिद्धू, हे.का. विकास गिरी, का.सावन चौधरी, का.पीयूष शर्मा, म.का.सोनम, म.का.प्रियंका तथा थाना रायसत्ती पुलिस मौजूद रही।

# एक शातिर नशा तस्कर गिरफ्तार




**उत्तम भारत संवाददाता**

**बेहट।** थाना बेहट पुलिस की बड़ी कार्रवाई एक शातिर नशा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 320 ग्राम अवैध चरस बरामद

पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी,बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतू परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में ÷ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर÷ अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बेहट पुलिस को एक और सफलता प्राप्त हुई है।

आज थाना बेहट पुलिस टीम द्वारा प्रभारी निरीक्षक श्री सतपाल सिंह भाटी के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान सीएचसी बेहट के पास मुर्तजापुर रोड से 01 शातिर नशा तस्कर मिन्टू पुत्र करेसनलाल निवासी ग्राम नगलाखुर्द थाना बेहट, जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 320 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई।

बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना बेहट पर मु0अ0सं0-463/25, धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है एवं अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# सपाईयो ने मनाई महर्षि वाल्मीकि की जयंती किए श्रद्धा सुमन अर्पित




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** समाजवादी पार्टी द्वारा महर्षि वाल्मीकी की जयंती मनाई गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली असारी तथा संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी सांख्यधर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल अर्पण किया।

बैठक मे जिला अध्यक्ष असगर अली असारी ने कहा महर्षि वाल्मीकि जी ने समाज को समानता, न्याय और मानवता का मार्ग दिखाया। उनके विचार समाजवादी सोच की जड़ों में बसते हैं। जहाँ हर व्यक्ति को सम्मान और समान अवसर मिले। उनकी प्रेरणा से हम सामाजिक न्याय और बराबरी वाले समाज के निर्माण का संकल्प दोहराते हैं। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी संख्ध्यर ने कहा महर्षि वाल्मीकि रामायण के रचियता थे एवं समाज को मार्गदर्शन देने का कम किया। बैठक को संबोधित विमलेश कुमारी, राजेश कुमारी, सगीता पाल, ताहिर उल्ला, उमेश यादव, सुभाष वाल्मीकि, ओमप्रकाश प्रजापति, शोभित कुमार, काका हरवीर यादव, शारदा यादव, सुनीता देवी, सुशीला देवी, पूरन लाल, मौय राजेश चौहान, कामरेड रेवाराम, वाहिद, हरिओम उपाध्याय, मलखन सिंह, आकिल, दाता राम भारती, जुनेद, रत्नेश भारती, सलीम, राइन, राजीव रस्तोगी, सभासद अन्ना, रिकु सिंह चौहन, जयवीर सिह, अमरीश यादव, रजत यादव, सुभाष पाल, मनोज शमा, असीम अग्रवाल, विपिन सक्सेना, होराम सिंह जाटव, लाइक सिह, वीरन यादव, शकर लाल, अशोक कुमार, मुकेश कुमार वाल्मीकि, दिलीप कुमार, विजय वाल्मीकि, अलोक वाल्मकि, रातिराम, कमल वाल्मीकि, सजय सिंह, बृजेश वाल्मीकि, राजीव वाल्मीकि, विपिन कुमार, सचिन वाल्मकि, जीतू वाल्मीकि, आसिफइकवाल, चौधरी मनवीर सिंह, आसिफसिददकी, साबिर खान, वीपी सिंह, असीम भाई, पकज वाल्मकि, साजिद कुरेशी, वीरपाल यादव, इन्द्रजीत यादव, सुमित, के.पी यादव आदि उपस्थित रहे।

# साइबर जागरूकता एवं मिशन शक्ति के सम्बन्ध मे ऑनलाइन गोष्ठी की आयोजित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन, मेरठ द्वारा National Cyber Security Awareness Month के अंतर्गत साइबर जागरूकता एवं मिशन शक्ति 5.0 के सम्बन्ध में आयोजित ऑनलाइन गोष्ठी में प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी मे डीआईजी द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के सम्बन्ध मे समस्त अधिकारीगणों को फुट पैट्रोलिंग के माध्यम से मिशन शक्ति 5.0 का अधिकाधिक प्रचार प्रसार करने तथा साथ ही साथ साईबर अपराधो के प्रति भी जागरूकता लाने हेतु लोगो से संवाद स्थापित कर साईबर अपराधो के नवीन प्रकारो तथा बचाव के प्रति सतर्क करने के सम्बन्ध मे निर्देशित किया गया।

साईबर अपराधो की रोकथाम हेतु नवीन साईबर तकनीकी की जानकारी हेतु प्रशिक्षण की व्यवस्था कराकर कुशल व प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की टीम बनाकर साईबर अपराध के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# एच सी के आदेश के क्रम में सहारनपुर पुलिस द्वारा जातिगत होर्डिंग्स, पोस्टर व साइनेज चिन्ह एवं वाहनों पर जातिगत चिन्ह पर आज फिर की गई कार्यवाही



**सहारनपुर।** माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा न्यायालय के निर्गत आदेशो के क्रम में सभी जनपद वासियो को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा अपनी दो पहिया अथवा चार पहिया वाहनों पर जाति संबंधित स्लोगन लिखा जाता है तो पुलिस एवं ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की जायेगी। पहली बार समझाया जाएगा तथा दूसरी बार एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जायेगी । किसी भी व्यक्ति द्वारा राजनैतिक उद्देश्य से कोई भी रैली निकाली जाती है तो उसमें किसी जाति विशेष को लेकर सम्मेलन का आयोजन किया जाना पूर्ण रुप से प्रतिबंधित रहेगा । किसी साइनेज बोर्ड (किसी गांव अथवा मौहल्ले के साइन बोर्ड) पर किसी जाति विशेष का नाम नही लिखा जायेगा।सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे ट्वीटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब आदि पर जनपदीय पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है।अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी जाति विशेष को बढावा दिया जाता है या किसी जाति की निंदा करने संबंधी किसी भी प्रकार की कोई भी पोस्ट की जाती है तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यावही की जायेगी

# अपना दल एस ने शुरू कर 2027 मे विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अपना दल एस की मासिक बैठक सरायतरीन के मोहल्ला मंगलपुरा में कैंप कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें अपना दल एस जिला अध्यक्ष अपनी पार्टी की नीतियों को पार्टी के कार्यकर्ताओं को समझाया और अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्र सरकार में स्वास्थ्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के आदेश अनुसार जिला पंचायत चुनाव को लेकर अपने कार्यकर्ताओं को जागरूक किया और यह शपथ ली आने वाले 2027 के चुनाव में हम अपनी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री देखना चाहते हैं। इस मोके जिला अध्यक्ष जावेद अशरफउपस्थित रहे और पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे जिला महासचिव मोहम्मद हसन युवा जिला अध्यक्ष अदीब अशरफ मेंबर इफ्तेखार कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद वसीम और पार्टी के सदस्य सुनील, सोनू जीतू जटाव, राहुल सैनी, वसीम सैफी,छोटे मलिक, आसिफ खान, उमर खान, जीशान खान आदि मौजूद रहे।

# बहजोई में सर्वहितकारी मिलेट्स (श्री अन्न) स्टोर का हुआ भव्य शुभारंभ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग के मार्गदर्शन में सर्वहितकारी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित मिलेट्स (श्री अन्न) स्टोर का सोमवार की देर रात बहजोई कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धर्मवीर प्रजापति राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा एवं गुलाब देवी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, माध्यमिक शिक्षा, उ.प्र. द्वारा फीता खोलकर एवं नारियल फोड़कर धार्मिक विधि से किया गया। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्री अन्न अभियान के तहत मिलेट्स जैसे पोषक अनाजों का प्रसार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा। यह स्टोर किसानों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए सेहत व स्वावलंबन का माध्यम बनेगा। वहीं राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मिलेट्स हमारे पारंपरिक अनाज हैं जो न केवल सेहत के लिए अमृत समान हैं बल्कि किसानों की आय दोगुनी करने का भी सशक्त माध्यम हैं। ऐसी पहलें समाज को स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रेरक हैं। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि सर्वहितकारी जैसी संस्थाएँ यदि इस प्रकार पोषण और आजीविका को जोड़कर कार्य करें तो यह मॉडल पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय बन सकता है। कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस अधीक्षक गोरखनाथ भट्ट मुख्य विकास अधिकारी, चौधरी हरेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष-भाजपा, परमेश्वर लाल सैनी पूर्व एमएलसी, मंजू दिलेर चौहान भाजपा नेत्री, अरुण कुमार त्रिपाठी उप कृषि निदेशक, अंकित जैन, विकास वार्ष्णेय, राजेश शंकर राजू पालिकाध्यक्ष, नकुल प्रताप सिंह चितौरा, जिले के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारीगण सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/7/2025 5:42 PM Page 1



## सम्पादकीय

# राम राज्य हेतु आवश्यकता है खुद को बदलना

भारतीय संस्कृति में राम राज्य को सदैव आदर्श शासन और न्याय व्यवस्था का प्रतीक माना गया है। यह केवल एक धार्मिक परिकल्पना नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, मयार्दा और धर्मपालन पर आधारित जीवन-दृष्टि है। भगवान श्रीराम ने शासन करते समय जनता की भावनाओं को सर्वोपरि रखा। माता सीता का त्याग इसका उदाहरण है-उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसी को भी यह न लगे कि राजसत्ता परिवारवाद पर आधारित है। राम राज्य का सार यही है कि शासक और जनता दोनों मयार्दा और न्याय के मार्ग पर चलें।

समय-समय पर जब अन्याय बढ़ा, तब समाज को मार्गदर्शन देने के लिए संत और महापुरुष जन्म लेते रहे। 15वीं शताब्दी में गुरु नानक देव जी ने जन्म लेकर इंसानियत का संदेश दिया। बाबर जैसे अत्याचारी शासक के सामने भी उन्होंने निर्भीक होकर सत्य का उच्चारण किया। उन्होंने हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों को समझाया कि ईश्वर एक है और सच्ची भक्ति कर्म, दया और सेवा में निहित है।

गुरु नानक देव जी ने लोककथाओं और उदाहरणों के माध्यम से समाज को शिक्षा दी। श्राद्ध की कथा में उन्होंने स्पष्ट किया कि मृत्यु के समय मनुष्य की अंतिम इच्छा उसके अगले जन्म का निर्धारण करती है और गलत तरीके से कमाया धन अंततः व्यर्थ हो जाता है। इस शिक्षा ने समाज को सच्चे धर्म का मार्ग दिखाया।

गुरु नानक देव जी ने अपने पुत्रों को नहीं, बल्कि गुरु अंगद देव जी को गद्दी सौंपी। यह निर्णय परिवारवाद से हटकर योग्यता और मयार्दा पर आधारित था। यह परंपरा आगे चलकर सिख धर्म की सबसे बड़ी शक्ति बनी। यही आदर्श भगवान श्रीराम के जीवन में भी दिखाई देता है, जब उन्होंने अपने कर्म और योग्यता से स्वयंवर में विजय पाई।

सिख गुरुओं ने मुगल शासकों के अत्याचार के विरुद्ध समाज को संगठित किया। गुरु अर्जुन देव जी को जहांगीर ने कठोर यातनाएँ देकर शहीद किया। इसके बाद गुरु गोविंद सिंह जी ने धर्म और न्याय की रक्षा हेतु अनेक युद्ध लड़े। आनंदपुर साहिब की घेराबंदी और चमकौर की लड़ाई इतिहास के अमर अध्याय हैं। उनके पूरे परिवार ने बलिदान दिया, लेकिन अन्याय और जुल्म के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया।

राम राज्य का आदर्श तभी साकार होगा, जब समाज छल-कपट, अन्याय और भेदभाव से मुक्त होगा। न तो केवल शासन और न केवल जनता-बल्कि दोनों को अपनी मयार्दा का पालन करना होगा। आज जात-पात, धर्म और स्वार्थ के नाम पर बढ़ती वैमनस्यता हमें राम राज्य से दूर ले जाती है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर बदलाव लाएँ। जब प्रत्येक नागरिक सत्य, समानता और मयार्दा के मार्ग पर चलेगा, तभी समाज में शांति और न्याय स्थापित होगा। यही राम राज्य की सच्ची परिभाषा है।

## विशेष

# बदला हुआ भारत: क्रिकेट और आत्मसम्मान का नया अध्याय

-डॉ. प्रियंका सौरभ-

एशिया कप 2025 का अंतिम मुकाबला केवल क्रिकेट का रोमांचक खेल नहीं था। यह खेल से कहीं अधिक एक कूटनीतिक और सांस्कृतिक संदेश बनकर उभरा। भारत ने पाकिस्तान को न सिर्फ.मैदान पर हराया बल्कि मैच के बाद की औपचारिकताओं में भी ऐसा रुख अपनाया जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया। भारतीय खिलाड़ियों ने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष, जो पाकिस्तान से हैं, से ट्रॉफी स्वीकार करने से साफ इनकार कर दिया। परिणाम यह हुआ कि पुरस्कार वितरण समारोह घंटों तक खिंचता रहा और अंततः अधूरा रह गया। यह घटना भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। सवाल केवल इतना नहीं है कि ट्रॉफी किसने थामी, बल्कि यह कि भारत ने यह कदम क्यों उठाया और इसके परिणाम क्या हैं।

क्रिकेट को अक्सर "जेंटलमैन का खेल" कहा जाता है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के संदर्भ में यह खेल कभी केवल खेल नहीं रहा। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव, सांस्कृतिक टकराव और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक बन चुका है। जब भारतीय खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेने से इनकार किया, तो यह स्पष्ट संदेश था कि मैदान की जीत से आगे बढ़कर भारत अपने आत्मसम्मान को सर्वोपरि मानता है। एक तरह से यह खेल और कूटनीति का उल्टा रूप था। जहाँ खेल को आमतौर पर राजनीति को नरम करने का साधन माना जाता है, वहीं भारत ने खेल का मंच उपयोग करके राजनीतिक संदेश दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बार-बार यह दावा किया गया है कि भारत अब झुकता नहीं, बल्कि अपनी शर्तें तय करता है। इस संदर्भ में टीम इंडिया का रुख उसी मानसिकता का विस्तार माना जा रहा है। भारत के लिए ट्रॉफी लेना केवल एक औपचारिकता था, लेकिन जब देने वाला वही देश हो जिससे लगातार आतंकवाद, घुसपैठ और सीमा पर तनाव चलता रहा है, तो उस औपचारिकता का महत्व बदल जाता है। यह नया भारत केवल आर्थिक और सैन्य शक्ति की भाषा में नहीं बोलता, बल्कि खेल के मंच पर भी राजनीतिक संदेश देने में पीछे नहीं है। इसके साथ ही घरेलू राजनीति में भी इस घटना का गहरा असर पड़ा। समर्थक वर्ग इसे मोदी युग का साहसिक कदम बता रहा है, जबकि विपक्ष इसे खेल भावना पर चोट मानता है। हालांकि जनता में इसे व्यापक रूप से आत्मगौरव की जीत के रूप में देखा गया।

हर साहसिक कदम के साथ आलोचना भी जुड़ती है। भारत के इस रुख को लेकर कई सवाल उठे। आलोचकों का कहना है कि क्रिकेट का मूल उद्देश्य देशों के बीच दोस्ती और सौहार्द बढ़ाना है। जब आप ट्रॉफी लेने से इनकार करते हैं, तो आप खेल की आत्मा पर चोट करते हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने इस घटना पर मिला-जुला रुख अपनाया। कुछ ने इसे भारत की दबदबा दिखाने की नीति कहा, तो कुछ ने इसे अहंकार बताया। सवाल यह है कि क्या इससे भारत की नरम शक्ति को नुकसान होगा। साथ ही यह भी बहस छिड़ी कि क्या खिलाड़ियों ने यह कदम अपनी इच्छा से उठाया या बोर्ड और सरकार के दबाव में अगर खिलाड़ी राजनीतिक निर्णयों में केवल मोहरे बन जाएँ, तो उनकी स्वतंत्रता और खेल की पवित्रता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट में विवाद कोई नई बात नहीं है। 1987 में जब पाकिस्तान के राष्ट्रपति जयपुर टेस्ट देखने आए थे, तब इसे क्रिकेट कूटनीति कहा गया। 1999 में कारगिल युद्ध से पहले चेन्नई टेस्ट में पाकिस्तान की जीत और उसके बाद की राजनीतिक हलचल को भी आज तक याद किया जाता है। 2008 में मुंबई हमलों के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय श्रृंखला हमेशा के लिए रोक दी। 2023 में एशिया कप को लेकर स्थान विवाद खड़ा हुआ, जहाँ भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया और अंततः प्रतियोगिता संयुक्त रूप में आयोजित हुई। इन घटनाओं की पृष्ठभूमि में देखें तो 2025 की घटना कोई अलग-थलग घटना नहीं, बल्कि उसी लंबे सिलसिले का हिस्सा है जहाँ क्रिकेट हमेशा राजनीति के साए में खेला गया। इस घटना के दूरगामी परिणाम भी हो सकते हैं। एशियाई क्रिकेट परिषद का मुख्यालय भले ही दुबई में है, लेकिन पाकिस्तान लंबे समय से इसमें प्रभाव बढ़ाने की कोशिश करता रहा है। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसकी सहमति के बिना कोई ढांचा नहीं चल सकता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद तटस्थता का दावा करती है, लेकिन अगर बड़ी टीमों में से एक यानी भारत इस तरह के कदम उठाकर राजनीतिक संदेश देती है, तो परिषद को मजबूरी में अपना रुख तय करना होगा।

# भारतीय संविधान और सामाजिक न्याय: एक सिंहावलोकन

-राम पुनियानी-

भारतीय समाज में अनेक असमानताएं व्याप्त हैं। कुछ ऐसी ताकतें हैं जो भारतीय संविधान का ही अंत कर देना चाहती हैं। वह इसलिए क्योंकि संविधान समानता की स्थापना के संघर्ष में एक महत्वपूर्ण औजार है। भारत में पितृसत्तात्मक मूल्यों का बोलबाला रहा है। इन मूल्यों का धर्मग्रंथों में महिमामंडन किया गया है। वर्ण-जाति व्यवस्था को भी समाज ने मान्यता दी है। यह भी पवित्र ग्रंथों द्वारा अनुमोदित है। वर्ण-जाति से जुड़ी असमानताएं अनादि काल से हमारी सामाजिक व्यवस्था का हिस्सा रही हैं और आज भी हैं। जातिगत असमानता के खिलाफ और समानता और सामाजिक न्याय के पक्ष में पहली महत्वपूर्ण आवाज गौतम बुद्ध की थी। समता का मूल्य उनकी शिक्षाओं के केंद्र में था। इसने सामाजिक व्यवस्था को कुछ हद तक प्रभावित किया। मध्यकाल में, राजशाही के दौर में भी असमानता बनी रही। कबीर, नामदेव, तुकाराम और नरसी मेहता जैसे संत-कवियों ने जातिगत असमानता की क्रूरता और उसकी अतार्किकता पर प्रकाश डाला। केरल में नारायण गुरु ने जाति प्रथा के खिलाफ एक बड़ा आन्दोलन शुरू किया। ब्रिटिश राज की स्थापना और आधुनिक शिक्षा की शुरूआत के साथ जोतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले जैसे लोगों ने दलितों और महिलाओं के लिए स्कूलों की स्थापना की और इस तरह जातिगत और लैंगिक असमानता के खिलाफ जंग छेड़ी। उनके बाद बाबासाहेब अम्बेडकर ने चावदार तालाब और कालाराम मंदिर आंदोलनों के जरिए और मनुस्मृति की प्रतियाँ जलाकर सामाजिक समानता के संघर्ष को आगे बढाया। अम्बेडकर ने स्वाधीनता आन्दोलन के समानांतर बहुजन हितकारिणी सभा और शेड्यूलड़ कास्ट्स फेडरेशन जैसी संस्थाओं की स्थापना की। पूना पैक्ट के बाद गाँधीजी ने सामाजिक समानता की स्थापना के लिए एक बड़ा आन्दोलन शुरू करते हुए दलितों को मंदिरों में प्रवेश दिलवाने और उनके साथ भोजन ग्रहण करने के पक्ष में वातावरण बनाया। इस सिलसिले में पेरियार रामासामी का आत्मसम्मान आन्दोलन भी कम महत्वपूर्ण नहीं था।

स्वाधीनता के बाद संविधानसभा का गठन हुआ। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने संविधानसभा की मसविदा समिति के अध्यक्ष पद हेतु अम्बेडकर का नाम प्रस्तावित किया। अम्बेडकर की अपने सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता और अपने काम के प्रति समर्पण भाव के चलते संविधान में समानता, सामाजिक न्याय और कमजोर वर्गों के प्रति सकारात्मक भेदभाव सुनिश्चित करने वाले प्रावधान शामिल किए जा सके।

संविधान के शुरूआती शब्द हम भारत के लोग ही यह स्पष्ट करते हैं कि वह समानता का पक्षपोषण करने वाला दस्तावेज है और कमजोर वर्गों को हर प्रकार का संरक्षण दिए जाने का समर्थक है। संविधानसभा, स्वाधीनता आन्दोलन के सामाजिक न्याय के मूल्य को प्रतिबिंबित करता है और उसमें हुई बहसें और वाद-विवाद, सामाजिक न्याय की पक्षधरता करते हैं। इसके चलते ही भारत की जनता के इस घोषणापत्र में आरक्षण, अछूत प्रथा का निषेध और सकारात्मक कार्यवाही सम्बन्धी प्रावधान जगह पा सके। स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के अतिरिक्त हमारे संविधान की उद्देशियका न्याय की बात भी करती है। वह कहती है कि न्याय के तीन प्रमुख स्वरुप हैं: सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक। इन्हें हासिल करने के लिए संविधान में मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निदेशक तत्वों का समावेश किया गया है। सामाजिक न्याय से आशय यह है कि सभी नागरिकों के साथ एक समान व्यवहार किया जायेगा फिर चाहे उनके जाति, रंग, नस्ल, धर्म या लिंग कोई भी हो। इसका मतलब यह भी है कि समाज के किसी तबके को कोई विशेषाधिकार हासिल नहीं होंगे और महिलाओं और पिछड़े वर्गों (एससी, एसटी व ओबीसी) की सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक स्थिति को बेहतर बनाया जायेगा। आर्थिक न्याय से आशय यह है कि नागरिकों के साथ उनकी आर्थिक स्थिति के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जायेगा। इसका अर्थ यह भी है कि आय, संपत्ति और धन के संदर्भ में असमानताओं को मिटाया जायेगा। सामाजिक और आर्थिक न्याय का संयोजन वितरात्मक न्याय कहलाता है। राजनैतिक न्याय का अर्थ यह है कि सभी नागरिकों को समान राजनैतिक अधिकार हासिल होने चाहिए और सभी की आवाज को सरकार द्वारा सुना जाना चाहिए। सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय की अवधारणा को 1917 की रूसी क्रांति से लिया गया है।

फिर अन्य प्रावधान भी हैं: भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 से 18 तक समानता के अधिकार से संबंधित हैं, जिसमें कानून के समक्ष समानता (अनुच्छेद 14), धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध (अनुच्छेद 15), सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर (अनुच्छेद 16), अस्पृश्यता उन्मूलन (अनुच्छेद 17), और उपाधियों का उन्मूलन (अनुच्छेद 18) शामिल हैं। इन सभी प्रावधानों का उद्देश्य उन बुराईयों को समाप्त करना है जो जाति व्यवस्था के कारण जन्मीं और बनी हुई हैं। ये प्रावधान सामाजिक न्याय पर आधारित समाज की स्थापना के लिए चलाए जा रहे सामाजिक आंदोलनों की मददगार हैं। सामाजिक न्याय एक बहुत व्यापक अवधारणा है। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश गजेन्द्र गड़कर के अनुसार, सामाजिक न्याय का उद्देश्य है धार्मिक और आर्थिक गतिविधियों के संदर्भ में हर नागरिक के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना और असमानताओं पर काबू पाना।

इसके अलावा भी हमारे संविधान में ऐसे प्रावधान हैं जिनका उद्देश्य सामाजिक न्याय की अवधारणा को उसकी संपूर्णता में लागू करना है। इनमें शामिल हैं अनुच्छेद 15(4), जो राज्य को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े नागरिकों के किसी भी वर्ग या अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की उन्नति के लिए विशेष प्रावधान करने की शक्ति देता है, अनुच्छेद 16(1) जो कहता है कि राज्य के अधीन किसी भी कार्यालय में रोजगार या नियुक्ति से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों के लिए समान अवसर होंगे और अनुच्छेद 16(4) जिसके अनुसार अनुच्छेद 16(1) की कोई बात राज्य को नागरिकों के किसी पिछड़े वर्ग के पक्ष में नियुक्तियों या पदों के आरक्षण के लिए कोई उपबंध करने से नहीं रोकेगी, जिसका प्रतिनिधित्व राज्य की राय में राज्य के अधीन सेवाओं में पर्याप्त नहीं है। अनुच्छेद 46 के अनुसार, राज्य जनता के कमजोर वर्गों, विशेषकर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक और आर्थिक हितों को विशेष ध्यान से बढ़ावा देगा तथा उन्हें सामाजिक अन्याय और सभी प्रकार के शोषण से बचाएगा।

इस समय हम देख रहे हैं कि जो लोग सामाजिक न्याय की अवधारणा के खिलाफ हैं वे खुलकर भारत के संविधान में बदलाव की मांग कर रहे हैं। इनमें प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय समेत अनेक व्यक्ति शामिल हैं। देबरॉय के अनुसार, चूँकि अदालतों ने यह साफ कह दिया है कि कार्यपालिका, संविधान की मूल ढांचे में बदलाव नहीं कर सकती इसलिए हमें एक नए संविधान की जरुरत है। वे यह भी कहते हैं कि हमारा वर्तमान संविधान, औपनिवेशिक बपौती है और वे उसके समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, समानता और स्वाधीनता सम्बन्धी प्रावधानों पर भी प्रश्न उठाते हैं।

हिन्दू दक्षिणपंथ के अनेक विचारकों का यह तर्क है कि भारत एक सभ्यतागत राज्य है (अर्थात वेदों और मनुस्मृति के मूल्यों का पोषक) और संविधान उसके ऊपर नहीं हो सकता है। अब सभ्यता के क्या परिभाषा है? इन ज्ञानियों का कहना है कि (ब्राह्मणवादी) हिन्दू धर्म, भारत की सभ्यता का मूल है। वे वामपंथी इतिहासविदों पर यह आरोप लगाते हैं कि वे इस्लाम और विशेषकर मुसलमानों और मुगलों को महत्व देकर, भारत के इतिहास को तोड़मरोड़ रहे हैं। उन्हें इस बात का बहुत दुःख हैं कि चोल जैसे हिन्दू राजाओं को राष्ट्रीय विमर्श में अपेक्षित महत्व नहीं मिला है जबकि विदेशी मुगलों को हमारे इतिहास मंल गैर-अनुपातिक स्थान दिया गया है। आज जरुरत इस बात की है कि भारत के संविधान की, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने वाले उसके प्रावधानों सहित, रक्षा की जाये और उसे मजबूत बनाये जाये।

# काला शनिवार : तमिलनाडु भगदड़ हादसा भगदड़ से मौतों का जिम्मेवार कौन एक यक्ष प्रश्न ?

-नरेंद्र भारती-

> **26 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधेरी मंदिर में 350 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी। नवंबर 2006 में उडीसा के शंदरपुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आरती के समय भदड़ में चार लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनो घायल हुए थे।**

एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए शनिवार 27 सितम्बर को तमिलनाडु के करूर में तमिल एक्टर विजय की रैली में भगदड मचने से 39 लोगों की मौत हो गई और 50 लोग घायल हो गए' 17 महिलओं की मौत हो गई है 'मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं' मौत के आंकड़े बढ़ सकते हैं' करूर के जिस मैदान में यह हादसा हुआ है वहाँ केवल.10000 लोगों की क्षमता है लेकिन यहां लगभग 30000 से अधिक लोग मौजूद थे' भगदड़ मचने से ज्यादातर मोटे हुई हैं मौत का कारण दम घुटना ही माना जा रहा है' चारों तरफ लाशों का अंबार लग गया' पल भर में जीते जागते लोग लाशों में तब्दील हो गए यह बहुत ही भयानक मंजर था' सरकार ने मृतकों के लिए दस दस लाख मुआवजे का ऐलान कर दिया है' गत 27 जुलाई 2025 रविवार को हरिद्वार के प्रसिद्ध मनसा देवी मंदिर में करंट फैलने की अफवाह फैलने से दर्जनों श्रद्धांलुओं की मौत हो गई थी और 50 के लगभग घायल हो गए थे' मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर यह हादसा हुआ' मंदिर से करीब सौ मीटर पहले सीढीओं पर यह भगदड़ का खौफनाक मंजर हुआ था 'यहां करीब दस हजार लोग मौजूद थे भीड़ बहुत थी' 29 जून 2025 को पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने से तीन लोगों की मौत हो गईं थी और काफी लोग घायल हुए थे' 8 जनवरी 2025 को तिरुपति में भगदड़ मचने से 6 लोगों की मौत हो गईं थी और बहुत लोग घायल हो गए हैं' 2 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश के हाथरस में एक सत्संग में भगदड़ मचने से 121 लोगों की दर्दनाक मौत हो गईं थी और सेकड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे' मई माह में गोवा के शिरगांव में यात्रा के दौरान बिजली का तार गिरने से भगदड़ मचने से 7 लोगों की मौत हो गई थी और 50 लोग घायल हो गए थे' भगदड़ के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं' कुछ माह पहले दिल्ली में भगदड़ मचने से रेलवे स्टेशन शमशानघाट बन गया था दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ में भगदड़ मचने से काफी लोग मारे गए थे अब गोवा में एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए चारों तरफ लाशें ही लाशें बिखर गई' रेलवे स्टेशन से यह लोग महाकुम्भ जा रहे 18 लोगों की मौत हो गई थी' देश में भगदड़ की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं और बेकसूर लोग बेमौत मर रहे हैं 15 फरवरी शनिवार देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी' अभी कुम्भ की घटना की स्याही भी नहीं सुखी थी की दिल्ली में यह हादसा हो गया कुछ दिन पहले संगम स्थल पर हुआ था प्रयागराज में कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से दर्जनों लोग मारे गए थे और सेकड़ों घायल हो गए थे' रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या में वृद्धि हो सकती है' ऐसा हादसा इससे पहले हाथरस में सत्संग में भगदड़ मचने से 120 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी' कुछ वर्ष पहले विजयदशमी के दिन रावण दहन के अवसर पर बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में देखने को मिला था जहां बिजली का तार टूटने की अफवाह से भगदड़ मचने के कारण33 लोगो की दर्दनाक मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे काश प्रशासन ने पिछली घटनाओं से सबक सीखा होता तो यह हादसा न होता। देश में भगदड़ मचने का यह कोई पहला हादसा नहीं है इससे पहले सैंकडों हादसे हो चुके है और हजारों लोग बेमौत मारे जा चुके है मगर यह हादसे कम नहीं हो रहे हैं। इन घटनाओं को हादसा नहीं हत्याऐं कहना गलत नहीं होगा। इस रावण दहन के अवसर पर गांधी मैदान में पांच लाख लोग आए थे लेकिन प्रशासन ने केवल एक ही द्वार खोल रखा था। कुम्भ में भगदड़ के कारण जिन्दा लोग पल भर में लाशों में बदल गए। देश में मंदिरों में मेले व अन्य पर्व अब आस्थास्थल न होकर मरणस्थल बनते जा रहे हैं। कुम्भ में चारों तरफ लाशों के ढेर ही नजर आ रहे थे। लोगों का सामान चारों तरफ बिखरा पडा था। भगदड़ में सैकडों महिलाएं, बच्चे व बुर्जुग पैरों तले कुचल दिए गए, लोग बदहवाश होकर अपनों को ढूंढ रहे थे। मगर उनके अपने मौत की नीद सो चुके थे। चारों तरफ चप्पलें व जूते नजर आ रहे थे। इसे प्रशासन की लापरवाही की संज्ञा दी जाए तो कोई आतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रशासन को पता था कि लाखों की तादाद में लोग व बच्चे आएगें तो सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। सरकार ने भले ही हादसे की न्यायिक जांच के आदेश दे दिए है मगर जो काल का गाल बन गए उसकी भरपाई कैसे होगी। अब प्रशासन मृतकों को लाखो रुपया मंआवजा दे रही है अगर पहले से ही सुरक्षा के इंतजाम किए होते तो यह हादसा रुक सकता था। मुआवजा समस्या का हल नहीं है। सरकारो द्वारा जो पैसा मुआवजे के रुप में दिया जाता है उससे व्यवस्था को सुधारने में लगाया होता तो आज यह नौबत न आती। आकडों पर नजर डाले तो आत्मा सिहर उठती है। 3 फरवरी 1954 को कुम्भ मेले में भगदड़ मचने से 800 लोगों की मौत हुई थी' 1986 में भी कुम्भ में में भगदड़ मचने से 200 लोग मारे गए थे'2006 में भी सिंध नदी में 50 तीर्थयात्री बह गए थे। 10फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुम्भ मेले 36 लोगों की मौत हुई थी और 39 लोग घायल हुए थे। 26 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधेरी मंदिर में 350 लोगों की दर्दनाक मौत हुई थी। नवंबर 2006 में उडीसा के शंदरपुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में आरती के समय भदड़ में चार लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनो घायल हुए थे। झारखंड के देवधर के एक आश्रम में भगदड़ से 9 लोगों की मौत हो गई थी, 30 सितंबर 2008 को जोधपुर में चामुडा देवी मंदिर में 250 लोगों की मोत हुई थी। 3 अगस्त 2008 को हिमाचल प्रदेरू के प्रसिध्द शक्तिपीठ नैना देवी में भगदड मचने से 162 लोग मारे गए थे तथा 300 घायल हुए थे। घटना के समय मंदिर में 20 से 25 हजार लोग मौजूद थे। मरने वालों में 104 लोग अकेले पंजाब के रहने वाले थे। 14 जनवरी 2011 को केरल के सबरीमाला मंदिर में भगदड़ में 106 श्रध्दालूओं की मौत हो गई थी और 100 से अधिक घायल हो गए थे। नवंबर 2012 में बिहार में छठ पुजा के दौरान गंगा नदी के घाट पर बना बांस का पुल टुटने से लोगों में भगदड़ मचने से 20 श्रध्दालुओं की मौत हो गई थी। बार-बार हादसे हो रहे हैं मगर सरकारें मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रही है। प्रशासन तब जागता है जब लाशों के ढेर लग जाते हैं।

प्रशासन को इन हादसों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। इस घटना ने प्रशासन की बदइंतजामी की पोल खोल दी हैं। इस हादसे में कई अनाथ हो गए तो माताएं व बहनों का सुहाग उजड गया। ऐसे हादसे ताउम्र रोते हुए छोड़ जातें है। छोटे बच्चे दर-दर की ठोकरें खातें हैं।

केन्द्र सरकार को इन हादसों पर संज्ञान लेना चाहिए तथा दोषियो के खिलाफ कारवाई करनी चाहिए और प्रत्येक मंदिरों व आस्था स्थलों में आपदा से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समितियां गठित करनी चाहिए। मंदिरो में हर वर्ष करोडो. रूपया चढावा चढता है मगर श्रध्दालूओं की सुरक्षा रामभरोसे ही चल रही है। मंदिर कमेटियो को भी इन हादसो से सीख लेनी चाहिए। ताकि आने वाले समय में इन हृदयविदारक हादसो को रोका जा सके। अगर अब भी सबक न सीखा तो श्रध्दालूओं को मंदिरों में मौत की सौगातें मिलती रहेगी और आस्था स्थल शमशानघाट बनते रहेगें। वक़्त अभी संभलने का है'

# संयुक्त राष्ट्र सत्र से प्रधानमंत्री मोदी की अनुपस्थिति और भारतीय विदेश नीति की दुविधा

-टी एन अशोक-

यह दृष्टिकोण भारत के तात्कालिक हितों की पूर्ति कर सकता है, लेकिन यह देश की दीर्घकालिक वैश्विक नेतृत्व महत्वाकांक्षाओं पर प्रश्नचिह्न लगाता है। जैसे-जैसे फिलिस्तीन मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ता जा रहा है और वैश्विक दक्षिण के देश बयानबाजी के बजाय ठोस एकजुटता की अपेक्षा कर रहे हैं, भारत के लिए आगे बढ़ने की गुंजाइश कम होती जा रही है।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 80वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में शामिल न होने और अपनी जगह विदेश मंत्री एस. जयशंकर को भेजने का फैसला, सिर्फ समय-सारिणी के टकराव से कहीं ज्यादा है। यह सुनियोजित अनुपस्थिति ऐसे समय में हुई है जब वैश्विक कूटनीतिक फॉल्ट लाइनें बदल रही हैं, फिलिस्तीनी राज्य की मान्यता जोर पकड़ रही है, और वैश्विक दक्षिण के नेता के रूप में भारत की भूमिका अभूतपूर्व छानबीन का सामना कर रही है। यह समय केवल कूटनीतिक दिनचर्या के बजाय एक रणनीतिक पुनर्संतुलन का संकेत देता है।

दिल्ली में यह निर्णय अमेरिका द्वारा नए व्यापार उपायों को लागू करने के बाद वाशिंगटन के साथ संबंधों में आई खटास के कारण लिया जा रहा है, जिसे कुछ विश्लेषक ट्रम्प टैरिफ तनाव कहते हैं। मोदी की अनुपस्थिति का अर्थ राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ संभावित रूप से असहज द्विपक्षीय मुठभेड़ से बचना है, जिनके 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र सत्र के पहले दिन, आक्रामक संयुक्त राष्ट्र संबोधन ने पारंपरिक सहयोगियों के साथ संबंधों को पहले ही तनावपूर्ण बना दिया है। मोदी के पिछले संयुक्त राष्ट्र संबोधनों को भारत को एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति के रूप में पेश करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया था। उनका न आना इस चिंता को दशार्ता है कि वर्तमान अंतरराष्ट्रीय माहौल इस तरह के संदेश के लिए अनुकूल पृष्ठभूमि प्रदान नहीं कर सकता है।

मुख्य चुनौती इजड़ाइल या फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले राष्ट्रों के बढ़ते गठबंधन को अलग-थलग किए बिना फिलिस्तीन को राष्ट्र का दर्जा देने की है। सितंबर 2025 तक, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के 193 सदस्य देशों में से 157, या संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों के लगभग 81प्रतिशत, से फिलिस्तीन राज्य को एक संप्रभु राज्य के रूप में मान्यता प्राप्त है। नरेंद्र मोदी को अब फिलिस्तीन को भारत में एक पूर्ण दूतावास स्थापित करके एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में मान्यता देने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे।

फिलिस्तीन पर भारत का रुख उसकी उभरती विदेश नीति प्राथमिकताओं की जटिलता को दशार्ता है। लंबे समय तक, भारत फिलिस्तीन और उसके अस्तित्व के अधिकार का समर्थन करता रहा है, लेकिन 1990 के दशक से, उसकी विदेश नीति- और इस क्षेत्र के साथ जुड़ाव - बदल गया, और इजड़ाइल के साथ पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित हो गए। इस बदलाव ने एक नाजुक संतुलन स्थापित किया है जो अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ने के साथ और भी चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

भारत ने फिलिस्तीन पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के 10 प्रस्तावों के पक्ष में मतदान किया, जबकि तीन प्रस्तावों पर मतदान से परहेज किया, जिससे एक सावधानीपूर्वक सोची-समझी रणनीति का प्रदर्शन हुआ जो किसी भी पक्ष के साथ पूर्ण तालमेल से बचती है। चयनात्मक जुड़ाव का यह पैटर्न भारत को इजड़ाइली और फिलिस्तीनी दोनों ही पक्षों के अधिकारियों के साथ संबंध बनाए रखने और साथ ही खुद को एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने की अनुमति देता है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया, केनेडा और ब्रिटेन द्वारा जी-7 देशों से अलग होकर हाल ही में मान्यता देने की लहर भारत पर अतिरिक्त दबाव डाल रही है। जैसे-जैसे ये पारंपरिक पश्चिमी सहयोगी मान्यता की ओर बढ़ रहे हैं, भारत की स्थिति को विशुद्ध रूप से कूटनीतिक आधार पर उचित ठहराना कठिन होता जा रहा है। वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने की भारत की आकांक्षाओं को फिलिस्तीन मुद्दे पर एक गंभीर परीक्षा का सामना करना पड़ रहा है। अरब और अफ्रीकी राष्ट्र, जो वैश्विक दक्षिण के मुख्य घटक हैं, उम्मीद करते हैं कि भारत फिलिस्तीनी आकांक्षाओं के साथ एकजुटता प्रदर्शित करेगा। संयुक्त राष्ट्र सत्र से मोदी की अनुपस्थिति को एक महत्वपूर्ण क्षण में नेतृत्व की इस परीक्षा से बचने के रूप में देखा जा सकता है। जयशंकर का 28 सितंबर का भाषण संभवतः वैश्विक दक्षिण एकजुटता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देकर इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास करेगा, जबकि फिलिस्तीन पर विशिष्ट प्रतिबद्धताओं से परहेज करेगा। अरब जगत के साथ ऐतिहासिक संबंधों, उपनिवेशवाद के साथ भारत के अपने अनुभव और संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के आह्वान का जिक्र अपेक्षित है-और साथ ही राज्य के दर्जे की मान्यता पर जानबूझकर अस्पष्टता भी बनी रहेगी।

मोदी सरकार के कदम विदेश नीति की प्राथमिकताओं के वास्तविक पुनर्गठन की तुलना में चुनावी गणित और घरेलू राजनीतिक अनिवार्यताओं से ज्यादा प्रेरित प्रतीत होते हैं। इस घरेलू पहलू को नजड़अंदाज नहीं किया जा सकता। भारत की बड़ी मुस्लिम आबादी फिलिस्तीनी अधिकारों का समर्थन करती है, जबकि सरकार सुरक्षा और तकनीकी सहयोग के लिए इजड्राइल के साथ मजबूत संबंध बनाए रख रही है। फिलिस्तीन का प्रश्न भारत की वैश्विक दक्षिण नेतृत्व आकांक्षाओं के लिए एक अग्निपरीक्षा का काम करता है। क्या नई दिल्ली प्रमुख मुद्दों पर पश्चिमी रुख के साथ तालमेल बिठाते हुए एक विकासशील विश्व नेता के रूप में अपनी विश्वसनीयता बनाए रख सकती है? या क्या अरब और अफ्रीकी सहयोगियों का दबाव अंततः भारत को अपने रुख में बदलाव के लिए मजबूर करेगा?

जयशंकर का संयुक्त राष्ट्र संबोधन भारत की कूटनीतिक दिशा के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देगा। प्रक्रियात्मक भाषा पर जोरदार और ठोस प्रतिबद्धताओं पर कम जोर देने वाला भाषण यह संकेत देगा कि भारत समय खरीद रहा है, इस उम्मीद में कि पक्ष चुनने के लिए और अधिक प्रत्यक्ष दबाव का सामना करने से पहले अंतरराष्ट्रीय स्थिति स्थिर हो जाएगी। अंततः, मोदी की रणनीतिक अनुपस्थिति, तेजी से ध्रुवीकृत होते वैश्विक परिवेश में लचीलापन बनाए रखने की भारत की प्राथमिकता को दशार्ती है। व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के बजाय जयशंकर को भेजकर, मोदी कठिन मुद्दों पर घिरने से बचे हैं और साथ ही उन्होंने भविष्य में कूटनीतिक जुड़ाव के विकल्पों को भी सुरक्षित रखा है।

यह दृष्टिकोण भारत के तात्कालिक हितों की पूर्ति कर सकता है, लेकिन यह देश की दीर्घकालिक वैश्विक नेतृत्व महत्वाकांक्षाओं पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

जैसे-जैसे फिलिस्तीन मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ता जा रहा है और वैश्विक दक्षिण के देश बयानबाजी के बजाय ठोस एकजुटता की अपेक्षा कर रहे हैं, भारत के लिए आगे बढ़ने की गुंजाइश कम होती जा रही है। संयुक्तराष्ट्र महासभा का 80वां सत्र इस बात की परीक्षा लेगा कि क्या भारत की कूटनीतिक कुशलता स्पष्ट नीतिगत रुख का स्थान ले पाएगी, या फिर देश अंततः उन कठिन विकल्पों को अपनाने के लिए मजबूर हो जाएगा जिन्हें वह लंबे समय से टाल रहा है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर स्वच्छता कर्मियों का भाजपा नेताओं ने किया सम्मान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नौगांव सादात।** नगर के मोहल्ला अलीनगर स्थित कैंप कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महासंपर्क अभियान विभाग के जिला संयोजक एवं पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी के नेतृत्व में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी व वरिष्ठ भाजपा नेता इकराम सैफी ने संयुक्त रूप से नगर पंचायत के स्वच्छता कर्मियों का फूलमाला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। वीरेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित किया जाना वाल्मीकि समाज के सम्मान और गौरव का प्रतीक है। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में उपस्थित स्वच्छता कर्मियों ने भाजपा नेताओं के इस सम्मानजनक gesture के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संतराम वाल्मीकि, रामकिशोर वाल्मीकि, मोहित कुमार वाल्मीकि, सुभाष वाल्मीकि, आकाश कुमार, दिनेश कुमार वाल्मीकि, संदीप कुमार वाल्मीकि, कमलदीप वाल्मीकि, पंकज वाल्मीकि, करन वाल्मीकि, राकेश कुमार वाल्मीकि, ऋषभ कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का निकाला गया भव्य पथ संचलन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्योहारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) स्योहारा नगर की केशव बस्ती इकाई द्वारा शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर एक भव्य पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस हुए अनुशासित आयोजन से स्वयंसेवकों की प्रभावी उपस्थिति ने नगरवासियों को संघ की संगठन शक्ति और संस्कारों से परिचित कराया। पथ संचलन का शुभारंभ केशव भवन संघ कार्यालय से हुआ। सफेद शर्ट, खाकी पैंट और काली टोपी में सुसज्जित स्वयंसेवकों ने अनुशासनबद्ध पंक्तियों में कदमताल करते हुए देशभक्ति गीतों की गूंज के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया। पूरे मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया। जो सामाजिक सद्भाव और समर्थन का परिचायक था। मुख्य वक्ताओं ने मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर नगर के माननीय संचालक सौवीर सिंह जी एवं जिला व्यवस्था प्रमुख अरुण भटनागर,मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। पथ संचलन का कुशलतापूर्वक सफल संचालन नगर कार्यवाह वैभव रस्तोगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र मे अपने सम्बोधन में कहा कि ÷संघ के स्वयंसेवक समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर राष्ट्र की अखंडता और समरसता के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते हैं।÷ उन्होंने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की और समाज के प्रति उनके समर्पण को रेखांकित किया। संचलन के पश्चात हुए कार्यक्रम में गण गीत सुरेश तोमर ने प्रस्तुत किया तथा अमृत वचन आर्यन ने कहे और एकल गीत ओमानंद ने सुनाया। कार्यक्रम का समापन संघ प्रार्थना के साथ हुआ। इस अवसर पर बौद्धिक प्रमुख पीयूष रस्तौगी, व्यवस्था प्रमुख संजीव गर्ग, बस्ती प्रमुख नमन , अंकित, ग्राम विकास सह संयोजक कोमल, मणिक, स्पर्श राणा, हरिओम वर्मा,नीलू, व्योम, आदर्श, देव, डेविड आलोक,श्रेष्ठ, हिमांशु सैनी, उपकार, विनोद, आंचल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। सभी ने संघ की अनुशासित कार्यपद्धति एवं संगठन शक्ति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। यह आयोजन राष्ट्र और संगठन की एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

# वेंकटेश्वरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में 'मेन्टल हैल्थ अवेयरनेस वीक-2025 का शुभारम्भ

*** श्री वेंकटेश्वरा का साइकियाट्री विभाग 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में होगा विकसित- डा. राजीव त्यागी**

**उत्तम भारत संवाददाता**




**अमरोहा**/गजरौला।श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय /संस्थान के अंतर्गत संचालित 'वेंकटेश्वरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एवं मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल' के मनोरोग विभाग की ओर से पांच दिवसीय 'मेन्टल हैल्थ अवेयरनेस वीक-2025 (06 अक्टूबर-10अक्टूबर)' का शानदार शुभारम्भ हो गया 7 पांच दिनों तक चलने वाले इस 'मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह' में इस वर्ष की थीम 'समुदाय के साथ मिलकर मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा एवं सहयोग' विषय से सम्बंधित एक दर्जन कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वेंकटेश्वरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के हॉस्पिटल ब्लॉक के स्वागत परिसर में 'मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह' समारोह का शुभारम्भ प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्णकान्त दवे, डीन मेडिकल डा. संजीव भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. सुरेश जी. मेहता, विभागाध्यक्ष मनोरोग डा. संदीप चौधरी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद एम.बी.बी.एस. छात्र अनिकेत पंत की टीम ने शानदार गीत एवं नुक्कड़ नाटक द्वारा 'व्यक्तित्व विकास में मानसिक स्वास्थ्य' का महत्व बताया। इसके बाद डा. उदित सिंह, सहायक प्रोफेसर, मनोरोग विभाग द्वारा 'सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता' विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने समाज में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु सामूहिक प्रयासों और समुदाय आधारित पहलों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् एम.बी.बी.एस. छात्रों द्वारा एक सुरीला गीत प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसने वातावरण को सकारात्मकता और उर्जा से भर दिया। कार्यक्रम का शानदार संचालन सुश्री डा. कृति कंवर, क्लिनिकल सायकॉलजिस्ट, मनोरोग विभाग तथा डा. श्रेया शर्मा, जूनियर रेजिडेंट, मनोरोग विभाग द्वारा किया गया। समापन अवसर पर सुश्री कृति कंवर ने उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'विम्स अस्पताल का मनोरोग विभाग मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के लिए निरंतर कार्यरत है- न केवल अस्पताल परिसर में, बल्कि सामुदायिक स्तर पर भी विभिन आउटरीच प्रोग्राम, मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक और कार्यशालाओं के माध्यम से भी जागरूकता बढ़ा रहा है'। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और कलंक को कम करने में सक्रिय भूमिका निभायें। इस उद्घाटन समारोह के साथ ही आने वाले सप्ताह में कई कार्यशालायें, संवाद सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे, जिनका उद्देश्य छात्रों, स्टाफ और समुदाय में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है। इस अवसर पर डा. चित्रजित सिंह जुनेजा, डा. कृति तंवर, डा. विवेक पाठक, डा. स्नेहांगी, डा. विदिशा, डा. गजल, डा. मयंक, डा. प्रेरणा, डा. श्रेया, डा. अनमोल एवं मेरठ परिसर से निदेशक डा. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# चेयरपर्सन पति अमजद अंसारी ने किया महिला सफाई मित्रों को सम्मानित





**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहसपुर।** महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत सहसपुर में महिला सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण के लिये प्रेदश में चल रहे मिशन शक्ति फेज़ 5 अभियान के अंतर्गत सहसपुर नगर पंचायत के कार्यालय में चेयरपर्सन पति एवं वरिष्ठ समाजसेवी अमजद अंसारी व सभासदों ने महिला सफाई मित्रों को नगर की सफाई व्यवस्था में बढ़ चढ़कर भाग लेकर साफ सुथरा रखने के लिये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन पति अमजद अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा की सफाई मित्र हमारी सफाई व्यवस्था की एक मजबूत कड़ी है जो अपनी मेहनत से सफाई व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखते हुए नगर को साफ सुथरा रखने में अहम भूमिका निभाते हैं इस मौके पर सभासदो में डॉ वक़ील अहमद , मौहम्मद अंसार, शाहिद अली ,समाज सेवी नौशाद अली,वरिष्ठ लिपिक सलमान अली, लिपिक रिजवान मशकूर सहित नगर पंचायत का स्टाफ मौजूद रहा।

# कल्कि महोत्सव विकासोत्सव मे डीएम व सीडीओ ने की सम्मान की परम्परा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** बड़ा मैदान बहजोई में 6 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 में आज द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश आत्म निर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई लता वार्ष्णेय जी रहीं।

कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्व प्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मान की नयी परम्परा पंचोपचार (एक पुष्प, एक पुस्तक, एक परिधान एक नारियल एवं एक पीतल का पात्र लोटा) द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना की गयी। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान के विषय में बताया उन्होंने कहा कि इस अभियान का शुभारंभ नवरात्रि के प्रथम दिवस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गयी तथा थीम नारी सुरक्षा, सम्मान, एवं स्वावलंबन है तथा उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत जनपद में शक्ति पुंज एवं शक्ति सम्मान पुंज बनाए गये हैं। उन्होंने कहा कि परिवार में बच्चों को सही शिक्षा एवं संस्कार देने चाहिए तथा भाई एवं बहन का पालन पोषण भी एक समान होना चाहिए।बच्चों को आउटडोर गेम खेलने के लिए भी प्रोत्साहन करना चाहिए।जिलाधिकारी ने विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प /2047 ( समृद्धि का शताब्दी पर्व) के विषय में भी बताया उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत 12 क्षेत्रों जिनमें कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन में कोई भी नागरिक 31 अक्टूबर तक सुझाव दे सकता है। क्यूआर को कोड़ स्कैन कर एक सिम से तीन सुझाव दिये जा सकते हैं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, कृषि उप निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार तथा सत्येन्द्र कुमार सिंह तथा भाजपा महामंत्री कमल कुमार कमल एवं अपर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी श्रद्धानन्द त्रिपाठी, सुभाष पाल एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा आईएमए तथा नीमा, रोटरी क्लब एवं अन्य सामाजिक संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

# भगवान वाल्मीकि जयंती पर शोभा यात्रा निकाली गई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** सिरस्टी रचयिता भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर आज अमरोहा नगर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ मोहल्ला छोटी भूड़ कुरैशी से हुआ, जो तहसील, जट बाजार, बड़ा बाजार, गंज बाजार, कटरा, शफात पोता, कोट चौराहा, बटवाल, टीपी नगर, गांधी मूर्ति होते हुए अमरोहा रेलवे स्टेशन के समीप स्थित वाल्मीकि आश्रम पर संपन्न हुई।शोभा यात्रा में 16 झांकियों ने आकर्षण का केंद्र बनीं। इनमें कृष्ण का नृत्य, पंजाब का अखाड़ा, काली अखाड़ा, शिव तांडव, महर्षि वाल्मीकि जी द्वारा लव-कुश को शिक्षा देते हुए दृश्य, गंगा माता का जल नृत्य, कृष्ण-सुदामा का 56 भोग वितरण, गणेश नृत्य, हनुमान नृत्य, शंकर-पार्वती नृत्य सहित अनेक सांस्कृतिक झांकियों का प्रदर्शन किया गया।यात्रा में दो बैण्ड, नासिक ढोल और दो डीजे दलों ने भक्तिमय वातावरण तैयार किया। नगरवासियों ने जगह-जगह फूल वर्षा कर और जलपान कराकर शोभा यात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा का शुभारंभ अमरोहा लोकसभा सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती शशी जैन तथा उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज कुमार वाल्मीकि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन कमेटी अध्यक्ष शंकर लाल, महामंत्री काले राणा, कोषाध्यक्ष राजू दीवान के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर चौधरी देशराज मरदान, अमर कुमार वाल्मीकि और अशोक कुमार ने मुख्य अतिथियों का शॉल, शील्ड और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया।शोभा यात्रा में पुरुषोत्तम सरन करोतिया, दयाराम, लल्ला बाबू, शब्द कुमार, रामबाबू, रवि शंकर, अभिनव मरदान, मुकेश कुमार, सीताराम, सचिन कुमार, राकेश राणा, महेश टांक, विनय कुमार, सुरेश एडवोकेट, बालादास, संतोष कुमार, सुमित कुमार, हर्ष टांक, संजय गांधी, गौरव वाल्मीकि, नकुल, राजेश कुमार, रघुवीर सरन राणा, राजेश चौधरी, दलजीत सिंह, विजय प्रधान, कमल सिंह, धीर सिंह, गुलशन कुमार, राजीव राणा आदि मौजूद रहे।

# समाजवादियों ने मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती, मासिक बैठक में भाजपा सरकार पर साधा निशाना




**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।**समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, मंडी समिति रोड अमरोहा पर आज आदि कवि एवं रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादियों ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इसके उपरांत पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव की अध्यक्षता में हुआ। जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा शासन में समाज का हर गरीब, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग परेशान है। गरीबों के बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीना जा रहा है, जबकि अस्पतालों, थानों और सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने कहा कि ÷भाजपा सरकार में मीडिया के पर्दे पर ही रामराज दिखता है, धरातल पर नहीं।÷ जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी ने कहा कि किसान अपनी फसलों के उचित मूल्य और खाद के अभाव में त्रस्त हैं, वहीं शिक्षित युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। भाजपा सरकार केवल जुमलों की राजनीति कर रही है। पूर्व एमएलसी प्रत्याशी चौधरी अजय मलिक ने कहा कि केवल राजनीतिक स्वतंत्रता से देश का कल्याण संभव नहीं है। इसके लिए वैज्ञानिक सोच, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसान उन्नति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ÷महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्शों पर चलकर समाजवादियों को मिशन 2027 की सफलता के लिए अभी से एकजुट होकर कार्य करना है। इस मौके पर ब्रहम सिंह पवार,सलमान प्रधान, प्रतीक धारीवाल, धीर सिंह बाल्मीकि, महमूद अली उर्फ भूराभाई, मुख्तार नकवी, मुमताज खां, शाजिद अली,अशोक यादव ,नवाजिश अली, राधेलाल रघुवंशी , रविपाल चिकारा, खानचन्द सिंह खड़गवंशी , अलीमुद्दीन, धर्मपाल सिंह यादव , साजिद अली, विपिन कौशिक,सचिन आर्य ,फैयाज अल्वी, नौशाद शेख, अनिल कुमार ,अलम शेख, जुबेर खां, तुशर रघुवंशी ,ओम प्रकाश दिवाकर आनंद कुमार, विनीतनी राना खलील अहमद, मिन्टू जाटव, आदित्य चौधरी, विक्रम सिंह, संजय यादव, शाहिद खां ,वीकिल चौधरी, अनुज यादव , विपीन गुर्जर, जितेंद्र चौहान, सलमान प्रधान, रजनीश यादव, विवेक यादव, मोहम्मद यूनुस ,कमल हसन, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद अकरम ,नासिर प्रधान ,रईस अहमद, रहमान, रईस प्रधान, आदि उपस्थित रहे।

# गांव शफातनगर में प्रतिमा स्थापना के साथ निकाली गई श्रद्धा पूर्वक शोभायात्रा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** असमोली ब्लॉक क्षेत्र के गांव शफातनगर में प्राचीन श्री चामुंडा देवी मंदिर के जीर्णोद्वार के बाद माता रानी, भगवान शिव परिवार, हनुमान जी और शनिदेव भगवान की प्रतिमाएं स्थापित कराई गई। स्वर्गीय. डॉ.वीएन चौरसिया की पुण्यस्मृति में डॉ.सचिन सक्सेना मेमोरियल हेल्थ केयर एजूकेशनल सोसाइटी के द्वारा इन मूर्तियों की स्थापना कराई गई। इस अवसर पर भंडारा हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद गृहण किया। इस मौके पर सोसाइटी के तत्वाधान में गांव में दो दिवसीय मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया था। पहले दिन पंडित अजय शुक्ला के द्वारा वैद्धिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना संपन्न कराई गई। इसके बाद गांव में गाजेबाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पर फूल बरसाकर लोगों ने जोरदार स्वागत किया। वापस मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा संपन्न हुई। इस दौरान माता रानी की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान श्री वंश गोपाल कल्किधाम बेनीपुर चक के महंत स्वामी भगवत प्रिय महाराज, सविता चौरसिया, डॉ.रितु सक्सेना, बरखा कटारिया, रवि कटारिया, रुपाली अरोड़ा, डॉ.डीएन शर्मा, अरविंद पाल, संजय गुप्ता पोली, नरेंद्र सिंह, अक्षर कुमार, संजीव कुमार, प्रेम सिंह पाल, जबर सिंह पाल, अनुज पाल, नितिन कुमार, राजू पाल, सतवीर सिंह आदि रहे। वहीं मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन मंदिर में हवन किया गया। इसमें पुर्णाहुति दी गई। सुख-समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। यज्ञ के बाद वंश गोपाल कल्किधाम मंदिर के महंत स्वामी भगवत प्रिय महाराज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह छत्रपाल जी, भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, डॉ.रितु सक्सेना आदि ने दीप प्रज्जवलित करके मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान सम्मान समारोह हुआ। व्यवस्थापक अरविंद पाल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। बाद में भंडारा हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद गृहण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने मंदिर आकर जायजा लिया। व्यवस्थापकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर भाजपा नेता यशदीप गुप्ता, हरीश लोधी, दिनेश पाल इंशा, संजय सांख्यधर, डॉ.नरेंद्र सिंह, डॉ.मनोज पाल, महावीर सिंह पाल, सुरेंद्र सिंह पाल, राजेंद्र सिंह, बबली सिंह, अली, उमेश सिंह आदि रहे।

# हातिम सराय के 80 मकानो पर बुलडोज़र का खतरा लगाये गये लाल निशान

*** बैनामे हुए नक्शा पास कराकर कराये गये मकान के निर्माण**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** तालाब की भूमि पर बने 80 मकानों को नोटिस जारी करने के बाद लाल निशान लगा दिये गये है। जिसके बाद बुलडोज़र कार्यवाही देखने को मिल सकती है। मकान बनाये जाने को लेकर नोटिस जारी कर 15 दिन मे जवाब देने का समय भी तहसील प्रशासन की ओर से दिया गया है।

जानकारी अनुसार बताते चलें कि क्षेत्र के हातिम सराय मे बीते दिनो 80 ऐसे मकानों को चिन्हित किया गया जो तालाब की भूमि पर बने होना बताया जाता है। 15 दिन मे जवाब दाखिल करने का समय देते हुए कारण बताओं नोटिस जारी किए गए। मंगलवार को यहां इन मकानो पर तोड़े जाने से पहले लाल निशाने लगाये गये। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक, तालाब की जमीन पर करीब 12-13 साल पहले एक बड़ी मस्जिद का निर्माण कराया गया था। यहां लेखपाल जांच के लिए मौके पर पहुँचा तो किसी ने भी मस्जिद के निर्माण की जिम्मेदारी या मुतवल्ली होने का दावा नहीं किया। इस कारण मस्जिद पर भी नोटिस चस्पा कर दिया गया है। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि उक्त मस्जिद की ओर से कानूनी और स्वीकृत दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए तो तालाब की जमीन पर बने सभी ढांचों को वैधानिक प्रक्रिया के तहत तोड़ा जाएगा, चाहे वह मकान हों या धार्मिक स्थल। बताते चलें कि प्रशासन का दावा है कि यह जमीन पहले तालाब के नाम से दर्ज थी, लेकिन भूमाफिआओं ने मिलीभगत से अवैध प्लॉटिंग कर भोलेभाले लोगों को बेच दी। अवैध कब्जाधारियों को न्याय के दायरे में लाया जाएगा और जिन लोगों ने इन प्लॉटों में पैसा लगाया है, उनके दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। वहीं स्थानिय लोगों ने जिनके मकान पर लाल निशान लगाये गये और नोटिस दिए गए उनके द्वारा बताया गया कि उन्होने बैनामे कराये और नक्शो पास कराकर मकान का निर्माण किया। यहां बिजली की लाईन और सड़कें भी नगर पालिका की ओर से बनाई गई।

# गौसे पाक के झण्डे मुबारक पर अकीदत भरे माहौल मे पेश हुआ गिलाफ

*** मुल्क मे अमन शांति को हुई दुआ, अकीदतमन्दों मे बांटी गई खीर चपाती**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** गौसे पाक के झण्डे मुबारक पर गिलाफपोशी के साथ खीर चपाती की परम्परागत रस्म उत्साह के साथ अदब व अकीदत के साथ अदा की गई। दूर दराज़ से बड़ी संख्या मे अकीदतमन्द पहुंचे।

नगर के मौहल्ला चमन सराय, शेर खां सराय स्थित दरगाह हज़रत मियां मीरन शाह मे पीराने पीर दस्तगीर रौशन ज़मीर गौसे पाक शेख अब्दुल कादिर जिलानी के झण्डे मुबारक पर पम्परागत तरीके से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्यारवीं शरीफके मुबारक महीने मे गिलाफपोशी हुई। मौलाना फैलुल इस्लाम सर पर रखकर गिलाफलेकर झण्डे पर पहुंचे और गिलाफपेश हुआ। इसके बाद मुल्क व शहर मे अमन शांति एवं भाईचारे को दुआ की गई। सैकड़ो हाथ दुआ के लिए उठे। अकीदतमन्दों मे खीर और चपाती का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ0 लियाकत अली, जब्बार एडवोकेट, गयूर अहमद एडवोकेट, सरफ़राज़ नवाज़ एडवोकेट, मौहम्मद नवाज़ एडवोकेट, रूवैद आलम उर्फबब्लू, ज़की खां साबरी, भूरा पहलवान साबरी, पत्रकार मुज़फ्फ़र हुसैन, फ़रज़न्द अली वारसी, मौ0 अकीब, फहीम मसूदी, अब्दुल्ला, काशिफ, आलिम आदि मौजूद रहे। डॉ0 लियाकत अली ने बताया खीर चपाती और गिलाफपोशी की रस्म के साथ गौसे पाक के उर्स का आगाज़ हो चुका है। 12 अक्टूबर को सुबह सादिक 04 बजे करीब कुल शरीफकी रस्म के साथ उर्स का समापन होगा।

# 09 से 18 अक्टूबर तक लगेगा ट्रेड फेयर

*** स्थानीय हस्तशिल्पियों, कारीगरों और उद्यमियों को मिलेगा मंच**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जनपद में 09 से 18 अक्टूबर तक अमरोहा ट्रेड फेयर का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर आयोजित होने वाला यह मेला स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में मंगलवार को कैंप कार्यालय में हुई बैठक में मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई और विस्तृत रूपरेखा तय की गई। मेला रामलीला मैदान (अपोजिट जे.एस. हिन्दू डिग्री कॉलेज, अमरोहा) में आयोजित होगा। मेले में पूजा सामग्री, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, गिफ्ट आइटम, मिठाई, कपड़े, कंबल, दरी, चादरें, मिलेट उत्पाद आदि के स्टॉल लगाए जाएंगे। आगामी दिवाली और धनतेरस पर्व को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं को स्वदेशी वस्तुओं की खरीद का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को उच्च गुणवत्ता वाले स्टॉल लगाने तथा पर्याप्त मात्रा में उत्पाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उपायुक्त उद्योग को लोक निर्माण विभाग एवं जिला पंचायत से समन्वय कर मेले की रूपरेखा तैयार करने को कहा गया, जिसमें दुकानों, खान-पान, बच्चों के मनोरंजन और पार्किंग की व्यवस्था शामिल होगी। हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे मुशायरा, कवि सम्मेलन और नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन होगा। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की दीदियां और कृषि विभाग के कृषक अपने-अपने उत्पादों के स्टॉल लगाएंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वनी कुमार मिश्र, उप निदेशक कृषि डॉ. रामप्रवेश, अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार, उपायुक्त उद्योग शैलेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## योजनाओ के विषय मे जानकारी दी



**रामपुर।** मिशन शक्ति फेज -5.0 के अंतर्गत ग्राम महूनागर मे शिव मन्दिर पर चल रही भागवत कथा मे महिलाओ व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन नंबर 1098 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन नंबर 181 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 व साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 व साइबर क्राइम, कानून व शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के विषय मे जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष थाना मिलक खानम मय फोर्स।

## कार्यकर्ताओं ने केमरी में किया प्रदर्शन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर/केमरी।** भारतीय किसान यूनियन भानु-गुट के तमाम कार्यकर्ताओं ने सोमवार को नगर कार्यालय पर मासिक पंचायत की।इसके पश्चात सभी अपनी मांगों को लेकर मिलक-बिलासपुर रोड पर पहुंचें और प्रदर्शन किया।इससे पूर्व पंचायत को संबोधित करते हुए जिला महासचिव रईस अहमद ने कहा कुछ दिन पहले नगर पंचायत ने जो दुकानें तोड़ी थी उसमें जो काम करने वाले लोग अपने परिवार का गुजारा कर रहे थे,वह सैकड़ो लोग आज परेशान है जिनकी दुकानें तोड़ी गई है नगर पंचायत केमरी उन सारे लोगों को दुकान बनाकर दे ताकि वह लोग उन दुकानों में काम करके अपने परिवार का गुजारा कर सकें।

## ब्राह्मण समाज ने विधिवत तरीके से पूजा अर्चना की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** कृषि राज्यमंत्री के आश्वासन के बाद ब्राह्मण समाज ने भाखड़ा डैम पर दोनों पुलों के बीच में भगवान परशुराम चौंक के नाम से बनवाई गई फ्लैक्सी बोर्ड की विधिवत पूजा अर्चना के बाद मिठाई वितरण की। सोमवार को ब्राह्मण समाज के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता अध्यक्ष लालता प्रसाद शर्मा व परशुराम युवा मंच के अध्यक्ष मन्नू शर्मा के नेतृत्व में हाईवे स्थित भाखड़ा डैम पर पहुंचें।इस दौरान उन्होंने दोनों पुलों के बीच में खाली पड़े स्थान पर भगवान परशुराम चौंक के नाम से बनवाई गई फ्लैक्सी बोर्ड लगाई और पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद मिठाई वितरण की।

## महेंद्र सिंह टिकैत का जन्म दिवस मनाया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** शाहाबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय किसान नेता मसीहा परम आदरणीय स्वर्गीय बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत जी के 90 बा जन्म दिवस जागृति दिवस के रूप में मनाया गया एवं उनके द्वारा दिए गए झंडा डंडा टोपी देकर अपने हक की लड़ाई लड़ने का अधिकार दिया और गरीब मजलूम किसान बेसहारा असहाय लोगों की मदद करने आवाज को उठाते हुए सर्व समाज से जुड़कर मदद करना एवं संगठन विस्तार सदस्यता अभियान और बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत जी के बताएं आदर्श पर चलने का संकल्प लिया गया।

## बिलासपुर नगर का शरद पूर्णिमा कार्यक्रम आज

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बिलासपुर नगर द्वारा शरद पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन आज किया जा रहा है। यह आयोजन ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में होगा। कार्यक्रम में नगर के स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

नगर कार्यवाह सुमित गोयल और नगर संघचालक प्रदीप मित्तल ने सभी बंधुओं से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## पुलिस ने रात से घर को घेरा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** "I Love Mohammad" कहने पर बरेली में पुलिस की लाठीचार्ज और बेगुनाह लोगों पर झूठे मुक़दमे दर्ज करके जेल भेजना, साथ ही कई बेगुनाहों के घरों पर बुलडोज़र चलाना – ये सब अमल कानून और इंसाफ़ दोनों के ख़िलाफ़ है। इस पूरी वारदात की हक़ीक़त सामने लाने और पीड़ित ख़ानदानों से मिलने के लिए आम आदमी पार्टी का डेलिगेशन बरेली रवाना हो रहा था, मगर रामपुर में पुलिस ने बलपूर्वक रोक लिया। ये अमल साफ़ दिखाता है कि हुकूमत सच्चाई छुपाना चाहती है और आवाज़-ए-हक़ को दबाने की कोशिश कर रही है। हम मानते हैं कि हर नागरिक को अपने मज़हबी जज़्बात और अकीदे का इज़हार करने का पूरा हक़ है।

## महिला आरक्षियों के साथ सूक्ष्म जलपान किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु महिला आरक्षियों के साथ सूक्ष्म जलपान किया गया । आज दिनांक 07.10.2025 को पुलिस अधीक्षक रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ सूक्ष्म जलपान किया गया। मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सशक्त बनाने हेतु संचालित मिशन शक्ति केन्द्र के दौरान प्रशिक्षु महिला से संवाद कर उनके प्रशिक्षण से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की गई।

## मेडिकल स्टोर्स पर होगी छापेमारी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** मध्यप्रदेश और राजस्थान में कोल्ड्रिफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के मामलों के बाद सरकार ने इस सिरप पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब जिले में भी औषधि विभाग द्वारा कोल्ड्रिफ सिरप की जांच और जब्ती की कार्रवाई शुरू की जाएगी।प्रदेश से जारी सर्कुलर के अनुसार औषधि निरीक्षकों को जिलेभर के मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी करने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने बच्चों के उपचार में कफ सिरप के उपयोग को लेकर एक चेतावनी पत्र जारी किया है। इसमें विशेषज्ञों की राय का हवाला देते हुए दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाएं न देने की सलाह दी गई है।

## सड़क चौड़ीकरण को मिली मंजूरी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** नगर के भीतर यातायात जाम और बढ़ती भीड़भाड़ की समस्या को देखते हुए अब नवीन मंडी से नयागांव तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। इस कार्य पर 12 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत आएगी। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने बताया कि शासन ने परियोजना की प्रथम किस्त के रूप में 1 करोड़ 20 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। सड़क चौड़ीकरण का यह कार्य लगभग छह किलोमीटर लंबा और दस मीटर चौड़ा होगा। जल्द ही इसकी टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, और निर्माण कार्य अक्टूबर माह के अंत तक प्रारंभ होने की संभावना है।

## 32 गांव की बिजली 24 घंटे से अस्त व्यस्त

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** तेज आंधी और बारिश के बीच हाई टेंशन लाइन में ब्रेकडाउन से मसवासी नगर समेत 32 गांव की बिजली पिछले 24 घंटे से अस्त व्यस्त है जिससे क्षेत्रवासियों को बिजली किल्लत से जूझना पड़ रहा है। कस्बे की पेयजल आपूर्ति भी बिजली के अभाव में बाधित हो गई है।

## नगर स्वार में भावाधस ने निकाली सन्देश यात्रा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस ने भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर नगर में भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही के नेतृत्व निकाली वाल्मीकि सन्देश यात्रा जो कि श्री सनातन राम लीला मैदान से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर वाल्मीकि मंदिर स्वार रामपुर रोड पर समाप्त हुई जिसमें भावाधस के राष्ट्रीय मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि भगवान वाल्मीकि समाज के लिए ही नहीं समस्त हिन्दू धर्म के लिए ही पूज्यनीय है उनके द्वारा रचित रामायण मानव जाति के भाईचारे और एकता की प्रेरणा देती है हमें भगवान वाल्मीकि जी के बताए मार्ग को अपनाना चाहिए।

## 01 दिन के लिये बनायी गयी अपर पुलिस अधीक्षक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत जनपद रामपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में विशेष पहल की गई । इसी क्रम में आज दिनांक 07.10.2025 कलावती कन्या इंटर कॉलेज जनपद रामपुर की कक्षा 10 की छात्रा कु0 आयुषी को एक दिवस के लिए अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया । जहां छात्रा द्वारा जनसुनवाई में एक अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में जनता की समस्याओं को सुना गया । इस दौरान 'एक दिन के लिये अपर पुलिस अधीक्षक' बनी छात्रा कु0 आयुषी ने सांकेतिक अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के रूप में अधिकारी के दायित्व को समझा और एक दिन के लिए इसका अनुभव प्राप्त किया एवं महिला मिशन शक्ति केन्द्र, थाना सिविल लाइन का निरीक्षण कर मिशन शक्ति की कार्यप्रणाली एवं उच्चाधिकारीगणों के आदेश-निर्देशों से अवगत कराते हुए अभिलेखों का निरीक्षण कराया गया।

## वाल्मीकि प्रकट दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज-भावाधस (भीम) के तत्वाधान में भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के पावन अवसर पर भव्य` वाल्मीकि प्रभात फेरी निकाली गयी। मुसला-धार बारिश एवं जौरदार जय-कारों के बीच वाल्मीकि वीरो का होसला देखने लायक था बारिश महिला और पुरुषों का उत्साह कम नहीं कर सकी। प्रभात फेरी का उद्घाटन मौ. तोपखाना वाल्मीकि नगर से नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सना मामून एवं उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दशरथ सिहं ने सयुंक्त रूप से किया।

## भारी बारिश से धान की फसल बर्बाद



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर ।** बिलासपुर में हाल ही में हुई तेज बारिश से स्थानीय किसानों की धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष सलीम वारसी ने बताया कि बारिश के कारण किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है और लाखों रुपये की फसल बर्बाद हो गई है। सलीम वारसी ने राजस्व विभाग से अपील की है कि प्रभावित क्षेत्रों का तुरंत सर्वे कर स्थिति की आख्या शासन को भेजी जाए, ताकि किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि फसल नुकसान के मामलों में देरी न हो और किसानों को राहत समय पर मिले।

## कविता के माध्यम से कार्यक्रम में भागीदारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत महिला आरक्षी की कविता के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम में भागीदारी । जनपद रामपुर में ÷मिशन शक्ति अभियान-5.0÷ के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं । इस दिशा में पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में, थाना सिविल लाइन, रामपुर की महिला आरक्षी ब्रिजेश ने कविता प्रस्तुत कर मिशन शक्ति अभियान-5.0 का संदेश जनमानस तक प्रभावशाली ढंग से पहुँचाया । कविता के माध्यम से उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, उनके अधिकार और समाज में सम्मान सुनिश्चित करने के महत्व को उजागर किया ।

## 15 अक्टूबर तक कराना होगा नवीनीकरण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सहायक श्रमायुक्त श्री राजकुमार ने बताया कि सचिव उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत प्रदेश में कुल 1.87 करोड़ से अधिक निर्माण श्रमिक पंजीकृत है, जिसमें से लगभग 13.83 लाख निर्माण श्रमिक ही अद्यतन रूप से नवीनीकृत है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होंने 04 वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नहीं कराया है, उन्हें निष्क्रिय सूची में रखा जाए। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि जनपद रामपुर में लगभग 42 हजार पंजीकृत निर्माण श्रमिकों ने 04 वर्ष या उससे अधिक समय से अपना नवीनीकरण नहीं कराया है।

उन्होंने अपील की है कि सभी श्रमिक अपना नवीनीकरण 15 अक्टूबर, 2025 तक अनिवार्य रूप से करा लें, अन्यथा ऐसे सभी श्रमिकों को जिन्होंने 04 वर्ष या उससे अधिक समय से अपना नवीनीकरण नहीं कराया है, उन्हें निष्क्रिय सूची में सम्मिलित कर दिया जायेगा।

## स्वदेशी मेले का होगा आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** आम जन को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09 अक्टूबर 2025 से 18 अक्टूबर 2025 तक रोशन बाग, औद्योगिक पार्क, रामपुर में एक स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी रामपुर के स्थानीय उत्पाद जैसे जरी, पैचवर्क, चाकू, वायलिन, टोपी, पतंग आदि उत्पादों के स्टाल लगाये जा रहे हैं। इस मेले में प्रतिदिन शाम 04.00 बजे से 06.00 बजे तक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दयावती मोदी स्कूल एवं अन्य स्कूलों के बच्चों द्वारा नृत्य, गीत, नाट्य आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे एवं दिनांक 09.10.2025 को नरसिंह अवतार पर एक भव्य नाटक का आयोजन कराया जाएगा।

## भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा निकाली गई



**उत्तम भारत संवाददाता**

**दढियाल।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस के तत्वावधान में भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट उत्सव पर नगर दढियाल में भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही के नेतृत्व निकाली भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा जो कि मौ 0वाल्मीकि बस्ती भरतपुर से आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो पर हो बस्ती में ही समाप्त हुई जिसमें भगवान वाल्मीकि जी रथ पर बैठे हनुमान जी बाधते लव कुश, वाल्मीकि लव कुश को शिक्षा देते आदि झांकियां थी शोभा यात्रा में राकेश चौधरी, राहुल वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि,अभिनय वाल्मीकि,राज कुमार,मदन लाल,राम चयन चौधरी उमेश,कुमर पाल, अरुण, सर्वेश चौधरी,राजा, महेंद्र दीवान, प्रदीप राजहंस आदि

## वर्कशॉप होगी आयोजित

**रामपुर।** खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के नए प्रोजेक्ट्स ,नवीन उत्पाद ,नवीन तकनीक एवं नई खोज की जानकारी हेतु एक वर्कशॉप इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, सिडबी,यू पी सीडा एवं एग्रीकल्चरल कॉउंसल ऑफ इंडिया के तत्वधान में बरेली में 8 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से आयोजित होगी।

## नाबालिक का अपहरण परिवार से मारपीट

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** एक पिता ने उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण करने,घर में घुसकर परिवार से मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन नामजद सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ले के रहने वाले पीड़ित पिता ने मंगलवार रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीती चार अक्टूबर की शाम छह बजे उसकी पंद्रह वर्षीया नाबालिग पुत्री ट्यूशन जाने के लिए घर से निकली थी,आरोप है कि उसी समय मुहल्ला सिंह कॉलोनी निवासी के रहने वाले निपुण गोयल ने उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपनी कार में बैठाकर अपहरण कर लिया।

## महिला सुरक्षा और जागरूकता के लिए चौपाल



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से थाना सैफनी पुलिस और महिला सुरक्षा दल ने क्षेत्र के ग्राम छितौनी/सराय महेश में एक व्यापक चौपाल का आयोजन किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में महिला सुरक्षा दल द्वारा उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं को महिला संबंधी अपराधों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही, उन्हें तत्काल सहायता के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया, जिनमें प्रमुख हैं। 1930 - साइबर क्राइम हेल्पलाइन, 1090 - वूमेन पावर लाइन, 181 - महिला हेल्प लाइन, 108 - एम्बुलेंस सेवा,1076 - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 - पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 - चाइल्ड लाइन, 102 - स्वास्थ्य सेवा थाना सैफनी पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए उन्हें निम्नलिखित आवश्यक सुझाव दिए।

## धूमधाम से मनी शरद पूर्णिमा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी/रामगंगा।** शरद पूर्णिमा का पावन पर्व सैफनी नगर और आस-पास के क्षेत्रों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ उपवास रखा और देर शाम को भगवान चंद्रदेव और माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। अश्विन मास की पूर्णिमा को मनाई जाने वाली शरद पूर्णिमा के महत्व को मानते हुए, व्रती महिलाओं ने शाम को चंद्रमा की पूजा की। ऐसी मान्यता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं के साथ उदित होता है और उसकी किरणों से अमृत बरसता है। इसी मान्यता के चलते, महिलाओं ने दूध और चावल की खीर का भोग लगाया, जिसे रात भर खुले आसमान के नीचे रखा गया। चंद्रदेव को अर्घ्य देने के बाद ही महिलाओं ने अपना उपवास खोला। माना जाता है कि इसी दिन माता लक्ष्मी का अवतरण हुआ था और इस रात वह धरती पर भ्रमण करने आती हैं, इसलिए इस पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा और रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। एक ओर जहां घरों में पूजा-पाठ का क्रम जारी रहा, वहीं दूसरी ओर श्रद्धालुओं ने रामगंगा नदी पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर पूजा-अर्चना की और प्रसाद चढ़ाया। भक्तों ने मंगल कामना के लिए मन्नतें मांगी।

## वर्कशॉप में भाग लेकर उठाएं लाभ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** आई आई ए बरेली चेप्टर के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस वर्कशॉप से आत्म निर्भर उत्तरप्रदेश एवं आत्म निर्भर भारत को बल मिलेगा ।रामपुर विशेषकर बिलासपुर छेत्र इस उद्योग के लिए स्पेशल जोन है। आई आई ए रामपुर चैप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता के अनुसार जो नए युवा जो नए उद्योग लगाने चाहते है उन्हें इस वर्कशॉप में भाग लेकर इसका लाभ उठाना चाहिए । वर्कशॉप में कई विशेषज्ञ इसे संबोधित करेंगे। आज निर्यातक एस के गुप्ता के आवास पर आयोजित मासिक मंथन मीटिंग में उद्यमिओं से प्राप्त समस्याओं पर चर्चा हुई और उनके समाधान हेतु कदम उठाए जाने पर चर्चा की गई।

## चलेगा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान आत्मनिर्भर भारत अभियान के संकल्प को साकार करेगा। इसीलिए, 25 दिसंबर तक भाजपा की ओर से आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान चलाया जाएगा। जिसमें लोगों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस बावत उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी राम विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

## प्रभारी ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान के चरण-5.0 के अंतर्गत शाह मैरिज हॉल बजोड़ी टोला थाना गंज में चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा ,सम्मान, स्वाबलंबन , यातायात के सभी नियमों के विषय में बताया गया व सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाई भगवान वाल्मीकि जयंती

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भगवान वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मोहल्ला सराय गेट स्थित संतोषी माता मंदिर बाबा रामस्वरूप तुरैहा कि समाधि पर तुरैहा मछुआ समाज के लोग एकत्र हुए । यहां समाज के लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान तुरैहा मछुआ समाज के जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि भगवान वाल्मीकि ने रामायण की रचना किसी विशेष समुदाय के लिए नहीं की, बल्कि पूरे समाज के कल्याण के लिए की।

उन्होंने शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। कहा कि भगवान वाल्मीकि जी ने महाकाव्य रामायण की रचना कर मानवता को सत्य, धर्म, और आदर्शों का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष मेवीराम तुरैहा ने की । इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सभासद विनोद कुमार, जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा एडवोकेट, अर्जुन कुमार, सुभाष चंद्र, दिनेश कुमार, कृपाल सिंह अरविंद राज, विनोद कुमार तुरैहा, मुरारी लाल, रामगोपाल पंडित जी, जावेश राम, अजय प्रधान, अर्जुन तुरैहा, कमल कुमार मुन्ना भाई, रवि ,राहुल, यश, मोहित,आदि लोग मौजूद रहे।

## वाल्मीकि समुदाय ने निकाली प्रभातफेरी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** महर्षि भगवान वाल्मीकि जी के प्रकटोत्सव को समुदाय ने करूणा उत्सव के रूप में मनाते हुए नगर में 37वीं प्रभातफेरी जयकारों के बीच निकाली।जिसका जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस भीम)के तत्वावधान में मंगलवार तड़के मुहल्ला भट्टी टोला स्थित प्राचीन भगवान वाल्मीकि मंदिर पर श्रद्धालु एकत्र हुए।इसके पश्चात प्रकटोत्सव को करूणा उत्सव के रूप में मनाते हुए 37वीं प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालुओं भगवान वाल्मीकि जी का गुणगान करते चल रहे थें और जयकारे लगाते चल रहे थें।इस दौरान यह प्रभातफेरी भट्टी टोला से प्रारम्भ होने के बाद सिनेमा रोड,पुरानी सब्जी मंडी रोड,डाम कॉलोनी,हुई पुनः मंदिर परिसर होकर समाप्त हुई।

# संक्षिप्त समाचार

## पेड़ों की शाखों के तराशी का कार्य किया जाना प्रस्तावित

**रामपुर।** अनुरक्षण माह और आगामी त्यौहार के दृष्टिगत लाइन मरम्मत और पेड़ों की शाखों के तराशी का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस कारण, दिनांक 08.10.2025 को प्रातः 9ः00रू बजे से 13ः00 बजे तक 33/11 के वी विद्युत उपकेंद्र अजीतपुर प्रथम रामपुर से पोषित 11 द्म1 ज्वाला नगर 1 और ज्वाला नगर 2 फीडर पर पेड़ो की शाख ताराशी और लाइनों के मरम्मत का कार्य होना प्रस्तावित है जिसके अंतर्गत ज्वाला नगर 1 और ज्वाला नगर 2 फीडर से पोषित समस्त क्षेत्र जैसे कृष्ण विहार, रफत कॉलोनी, लेबर कॉलोनी, सीआरपीएफ गेट नंबर 3, जैन मार्केट,कुरैशी मार्केट,रजा टेक्सटाइल,साइन बिहार, माया देवी धर्मशाला, विकास नगर, गड्ढा कॉलोनी लक्ष्मी नगर ,अगापुर ,मंसूरपुर, कोशि का पुल ,पीडब्ल्यूडी कॉलोनी ,रिवर साइड होटल आदि की विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

## रामपुर रज़ा पुस्तकालय महोत्सव


प्रधान मंत्री
Prime Minister
संदेश
अपने 251वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रामपुर रज़ा पुस्तकालय द्वारा आयोजित महोत्सव व 'विश्वस्तरीय अध्ययन एवं अनुवाद संस्थान' की आधारशिला रखे जाने के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई।
रामपुर रज़ा पुस्तकालय की ढाई सदी की लंबी व गौरवशाली यात्रा स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर देश के सामाजिक, शैक्षिक और वैचारिक विकास की अनेक [illegible]

**रामपुर।** रामपुर रज़ा पुस्तकालय के 251वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित द्वितीय ÷रामपुर रज़ा पुस्तकालय महोत्सव (03 से 07 अक्टूबर 2025)÷ के अवसर पर भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पुस्तकालय एवं संग्रहालय को एक प्रेरणादायी संदेश भेजा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का स्नेह एवं आशीर्वाद रामपुर रज़ा पुस्तकालय एवं संग्रहालय को सदैव प्राप्त होता रहा है। संदेश द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी विश्वस्तरीय अध्ययन एवं अनुवाद संस्थान की आधारशिला रखे जाने की योजना पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

## वाल्मीकि प्रकट दिवस चित्र पर किया पुष्प अर्पित



**मसवासी।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक में प्रकट दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया भावादस कार्यकर्ताओं ने भगवान वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मंगलवार को मसवासी के मोहल्ला भूबरा में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने भगवान वाल्मीकि का प्रकट दिवस धूमधाम के साथ मनाया। नवगठित भीम शाखा के जिला सचिव सोमपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर भगवान वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और समाज से जागरूक होने का आह्वान किया।

## मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत पुलिस जागरूक




**रामपुर।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के साथ-साथ पारिवारिक विवादों के समाधान हेतु जनपद रामपुर पुलिस निरंतर प्रयासरत है । आवेदिका कि लिखित तहरीर के आधार पर उसके पति व ससुरालजन दहेज की मांग व मारपीट करना व आवेदिका अपने तीन बच्चो के साथ अपने मायके में रह रही थी । मिशन शक्ति केन्द्र महिला थाना द्वारा दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना गया तथा आपसी समझ-बुझ के माध्यम से समझौता कराया गया एवं गलती की पुनरावृत्ति ना करने हेतु सख्त हिदायत दी गयी । इस प्रकार दम्पति का घर टूटने से बच गया तथा तीनो मासूम बच्चो को पुनः अपने माता -पिता का साया मिल सका ।

## पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार हुआ घायल

**बिलासपुर।** हाईवे पर नवीन मंडी में पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने घायल की पुत्र की तहरीर पर पिकअप चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।गांव भुकसौरा के रहने प्रेमपाल द्वारा कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट में कहा कि पांच अक्टूबर को उसके पिता रामौतार धान की फसल बेचने के लिए नवीन मंडी आए थे।इस दौरान वह स्कूटी से धान का सैंपल दिखाने के लिए व्यापारी के यहां जा रहे थे।जिसके चलते मंडी में पिकअप चालक दीपक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे उसके पिता घायल हो गए।

## पिकअप चालक के विरुद्ध रिपोर्ट

**बिलासपुर।** भाखड़ा डैम पुल के निकट हुए बीते दिनों हुए सड़क हादसे में युवक की मृत्यु होने के मामले में पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।मुहल्ला डाम कालोनी निवासी रोहित कुमार द्वारा कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।कहा कि बीती चार अक्टूबर की रात उसका भाई गौरव घरेलू सामान लेकर घर आ रहा था।इस दौरान भाखड़ा डैम के पास पिकअप चालक ने लापरवाही से टक्कर मार दी।जिससे उसके भाई गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।इस पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का कहना है कि इस मामले में अज्ञात पिकअप चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर।** नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।गांव शिवपुरी सिरौली बरेली निवासी ओमपाल सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट में कहा कि उसकी नाबालिग पुत्री पिछले एक-दो माह से अपने नाना के घर रह रही थी।कहा कि पांच अक्टूबर को गांव शिवपुरी निवासी गौरव उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर कर भाग कर ले गया।उसने आरोपित युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराकर पुत्री बरामद किए जाने की मांग की।प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।कहा कि पुलिस जांच-पड़ताल में लगी है,जल्द किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

## धान कटाई पर आफत बनी बारिश



**मसवासी।** मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। रामपुर और मसवासी में मंगलवार सुबह तेज बारिश और हवा चली, जिससे खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल गिर गई। कटाई के बीच हुई बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। कई जगहों पर बिजली गुल होने और पेड़ गिरने से हालात और मुश्किल हो गए। सोमवार देर शाम से ही मौसम करवट लेने लगा था। रातभर रुक-रुक कर बारिश होती रही और मंगलवार सुबह झमाझम बारिश से खेतों में पानी भर गया। किसानों का कहना है कि धान की कटाई का समय चल रहा है, ऐसे में बारिश से फसल खराब होने का खतरा बढ़ गया है।

### बारिश से कैसे बचे ड्यूटी पॉइंट पर नहीं रखे गए चेक पोस्ट



**रामपुर।** रामपुर में रेलवे क्रॉसिंग का निर्माण चल रहा है जिसको लेकर रामपुर में रूट डायवर्जेंट किया गया है हल्द्वानी और रुद्रपुर की तरफ से आने वाले बड़े वाहन शहजाद नगर पॉइंट से होते हुए कोसी मार्ग पर पहुंचेंगे वहीं मुरादाबाद की तरफ से आने वाले वाहन जिन्हें बरेली हल्द्वानी जाना है वह शहजाद नगर पॉइंट से डायवर्सन होंगे इसी को लेकर यह प्लान दो सप्ताह का तैयार किया गया है रूट डायवर्जेंट पॉइंट पर लगे यातायात पुलिसकर्मी कड़ी मेहनत करते नजर आए हैं और बाहर से आ रहे हैं वाहनों को रास्ता बताने में वाहन चालकों की मदद कर रहे हैं

## मारपीट मामले में चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर।** गाली-गलौज का विरोध करने पर मां-बेटे को मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार व्यक्तियों के खिलाफ संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हामिदाबाद की रहने वाली राजकुमारी द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।जिसमें कहा कि बीती चार सितंबर को गांव में रहने वाले शेरपाल, प्रमोद,राहुल,गीता पुरानी रंजिश के चलते घर में घुस गए।साथ ही चारों व्यक्तियों द्वारा गाली-गलौज करने लगे,विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 10/7/2025 7:23 PM Page 1



# समाज में समरसता व सद्भाव का संदेश देते हैं महर्षि वाल्मीकि: राजरानी मल्होत्रा

● महर्षि वाल्मिकी जयंती पर मेयर राजरानी मल्होत्रा ने नई बस्ती में आयोजित समारोह में की शिरकत



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** मेयर राजरानी मल्होत्रा ने मंगलवार को नई बस्ती में आयोजित महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मेयर राजरानी मल्होत्रा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल रामायण के रचयिता थे, बल्कि उन्होंने समाज को सत्य, करुणा और समानता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी आत्मबोध और परिश्रम के माध्यम से व्यक्ति महानता की ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है।

मेयर ने कहा कि समाज में सद्भाव, भाईचारा और समानता बनाए रखने के लिए हमें महर्षि वाल्मीकि के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और शहर में स्वच्छता, शिक्षा व सामाजिक समरसता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि के जीवन और शिक्षाओं का संदेश भी दिया गया। मेयर राजरानी मल्होत्रा ने आयोजन समिति के सदस्यों को इस प्रेरणादायी कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# महर्षि वाल्मीकि ने हमें सिखाया सत्य के मार्ग पर चलना ही सबसे बड़ी साधना: बिमला चौधरी

● महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में विधायक बिमला चौधरी रही मुख्यातिथि
● विधायक तेजपाल तंवर ने बतौर विशिष्ट अतिथि की शिरकत
● समारोह में 75 स्वच्छता कर्मियों को किया गया सम्मानित




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** महर्षि वाल्मीकि भारत के आदि कवि और महान ऋषि थे, जिन्होंने न केवल संस्कृत भाषा को समृद्ध किया बल्कि शिक्षा, सत्य और परिश्रम का अमर संदेश भी दिया। हजारों वर्ष पूर्व रचित उनकी रामायण आज भी मानवता को धर्म, करुणा और आदर्श जीवन की प्रेरणा देती है। उन्होंने समाज को यह सिखाया कि सत्य के मार्ग पर चलना ही सबसे बड़ी साधना है।यह बात पटौदी से विधायक बिमला चौधरी ने कही।वे मंगलवार को यहां जिला स्तरीय महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रही थी।

समारोह में सोहना के विधायक तेजपाल तंवर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं भाजपा के गुरुग्राम महानगर के जिला अध्यक्ष अजीत यादव, निगम पार्षद धर्मबीर भांगरोला की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथिगण ने दीप प्रज्वलन के साथ ही महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। समारोह में पहुंचने पर अतिथिगण का आयोजन के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त श्रम आयुक्त कुशल कटारिया तथा विभाग की ओर से जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह में अपने संबोधन में विधायक बिमला चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई जा रही है। इस परंपरा के शुरू होने से सामाजिक समरसता और महान संतों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया जा रहा है।

**महर्षि वाल्मीकि के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिकः तेजपाल तंवर**

विधायक तेजपाल तंवर ने समारोह में उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि हमारे देश के इतिहास के अद्वितीय संत, ऋषि और आदि कवि थे, जिन्होंने मानव जीवन के मूल्यों, आदर्शों और मयार्दाओं को अपने काव्य के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने उस समय में रामायण की रचना की जब न विज्ञान का विकास हुआ था और न ही किसी प्रकार की तकनीकी सुविधा थी, फिर भी उनके ज्ञान और दृष्टि में इतनी गहराई थी कि उन्होंने युगों पहले वह सब लिखा जो आगे चलकर घटित हुआ।

भाजपा गुरुग्राम महानगर के जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि युगद्रष्टा और समाज सुधारक थे। आज आवश्यकता है कि हम उनके बताए हुए मार्ग पर चलें, शिक्षित बनें, संगठित बनें और समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएं।

# डीएलएसए के विशेष अभियान में प्रदूषण नियंत्रण व पराली प्रबंधन पर फोकस

● हार्वेस्टिंग हामोर्नी अभियान से किसानों में बढ़ेगी पर्यावरण एवं विधिक जागरुकता




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) गुरुग्राम द्वारा हार्वेस्टिंग हामोर्नी लीगल अवेयरनेस फॉर पॉल्यूशन-फ्री फील्ड्स शीर्षक से विशेष जन-जागरुकता अभियान मंगलवार से शुरू किया गया। एक माह तक यह अभियान चलाया जाएगा।

डीएलएसए गुरुग्राम के सचिव राकेश कादियान ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। विशेष रूप से पराली जलाने की हानियों, पर्यावरणीय कानूनों तथा कृषि से संबंधित सरकारी योजनाओं और सहायता के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत किसानों को पर्यावरण एवं कृषि संबंधी कानूनों की जानकारी प्रदान की जाएगी। पराली जलाने के स्थान पर पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही, फसल बीमा, मुआवजा, बाढ़ या वर्षा से हुई हानि तथा भूमि एवं बटाई विवादों से संबंधित विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

कृषि यंत्रों और जैव-अपघटकों के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य एवं कल्याण योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। अभियान के अंतर्गत गांवों में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मोबाइल विधिक सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे किसान अपने खेतों पर ही विधिक सलाह और सहायता प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, सतत कृषि पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें मृदा एवं जल संरक्षण, जैविक खेती और पराली प्रबंधन पर प्रदर्शन शामिल होंगे। स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से किसानों और मजदूरों के लिए प्रदूषण संबंधी बीमारियों की जांच भी कराई जाएगी।

साथ ही नो टू स्टबल बर्निंग, यस टू हेल्थी हार्वेस्ट्स जैसे संदेशों के साथ दीवार लेखन और जन-प्रतिज्ञा अभियान चलाया जाएगा।

वृक्षारोपण और प्लास्टिक-मुक्त गांव अभियान भी इस पहल का हिस्सा होंगे।

# सनातन धर्म में कार्तिक माह का है विशेष महत्व

● आज से शुरू हो रहा है कार्तिक माह
● भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते है इस माह में : पंडित मनोज शर्मा

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सनातन धर्म में हर माह का एक महत्व होता है। इन्हीं में से एक कार्तिक माह को भी पवित्र माह में गिना जाता है। मान्यता है कि कार्तिक माह में भगवान विष्णु योगनिद्रा से जागते हैं। इस माह में जो भक्त श्रद्धा और नियमानुसार पूजा-पाठ करते हैं उनपर भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण और माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती हैं। भजन, स्नान- दान, दीपदान और तुलसी पूजा जैसे रीति रिवाज को महत्व दिया जाता है। इन रीति रिवाजों को करके पुण्य की प्राप्ति होती है और पापों का नाश होता है। इसके साथ ही, जीवन में सुख और शांति बनी रहती है। डा. मनोज शर्मा का कहना है कि आज बुधवार से कार्तिक माह का शुभारंभ होने जा रहा है। इस माह में भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण की आराधना का विशेष महत्व बताया गया है। इस वर्ष कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर, बुधवार को पड़ रही है।

**कार्तिक मास का धार्मिक महत्व**

उनका कहना है कि सनातन धर्म में कार्तिक के महीने को सबसे पवित्र और पुण्यदायक महीनों में गिना जाता है। इस मास में सूर्योदय से पूर्व स्नान करना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसा करने से अपार पुण्य की प्राप्ति होती है और पापों का नाश होता है। इस दौरान भजन-कीर्तन करना, दीपदान करना और तुलसी पूजा करना बहुत लाभकारी माना गया है। मान्यताओं के अनुसार इस महीने में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और शांति का वास होता है। इसी मास में करवा चौथ, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज और छठ जैसे प्रमुख त्यौहार आते हैं।

**क्यों जरुरी है कार्तिक मास में स्नान-दान**

उनका कहना है कि सनातन धर्म में मान्यताओं के अनुसार कार्तिक मास में भगवान विष्णु जल में निवास करते हैं, इसलिए इस महीने में गंगा, यमुना या अन्य किसी पवित्र नदी में स्नान करना विशेष पुण्यदायक माना गया है। यदि नदी में स्नान संभव न हो, तो घर के स्नान जल में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। इस महीने में जरुरतमंदों को दान करना शुभ और फलदायी बताया गया है।

दीपदान का क्या है महत्व

उनका कहना है कि कार्तिक मास को दीपदान का महीना भी कहा जाता है। इन दिनों प्रतिदिन सुबह-शाम तुलसी के पौधे और मंदिर में शुद्ध घी का दीपक जलाना चाहिए। मान्यता है कि इस मास में दीपदान करने से माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

**कार्तिक मास के क्या हैं नियम**

डा. मनोज शर्मा का कहना है कि इस पवित्र माह में भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण के मंत्रों का जाप करना अत्यंत लाभकारी होता है। माता लक्ष्मी की उपासना के लिए श्रीसूक्त, कनकधारा स्तोत्र, लक्ष्मी स्तोत्र और श्री विष्णु सहस्रनाम का पाठ करना शुभ माना जाता है। कार्तिक मास को श्रीकृष्ण भक्ति का श्रेष्ठ समय माना गया है। साथ ही, इस महीने नियमित रूप से तुलसी के पौधे और मंदिर में घी का दीपक जलाने का नियम अपनाना चाहिए। गंगा, यमुना या अन्य किसी पवित्र नदी में स्नान करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। इस समय किसी से झगड़ा न करें, अपने मन को शांत रखें और किसी की निंदा न करें।

समाचार

# भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का बता देती है मार्ग : आराधना देवी

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था अखंड संकीर्तन मंच द्वारा सैक्टर ९ए स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन काशी की कथाव्यास आराधना देवी ने शुकदेव जन्म पांडव आदि की कथा का संगीतमय शैली में वर्णन किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कथाव्यास आराधना देवी ने कहा कि नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया कि वह मुंड किसी और के नहीं अपितु स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्न रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती, शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते। पार्वती ने हंसते हुए कहा कि हर जन्म में क्या में ही मरती रही, आप क्यों नहीं। इस पर शंकर जी ने कहा कि हमने अमर कथा सुन रखी है। पार्वती जी ने कहा कि मुझे भी वह अमर कथा सुनाइए। शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाने लगे कि शिव-पार्वती के अलावा केवल एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्री शुकदेव जी का प्राकट्य हुआ कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गई वह पूरी कथा श्री शुकदेव जी ने सुनी और अमर हो गए शंकर जी सुखदेव जी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिए दौड़े। शुकदेव जी भागते भागते व्यास जी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के मुंह से गर्भ में गए। 12 वर्ष बाद श्री शुकदेव जी गर्व से बाहर आए इसरारना शुकदेव जी का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। श्रद्धालुओं की संख्या भी कथा में अच्छी खासी दिखाई दे रही है।

# सेक्टर-4 व 9 सब-स्टेशन क्षेत्र में आज बिजली आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम द्वारा दौलताबाद 220 केवी सब स्टेशन से 66 केवी सबस्टेशन सेक्टर-4 और सेक्टर-9 की लाइन पर एक 66 केवी नए टावर का निर्माण किया जाना है। इस कारण सुरक्षा के मध्यनजर 66 केवी सेक्टर 4 और सेक्टर 9 पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति बुधवार 8 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से सांय बजे तक प्रभावित होगी। इस दौरान सेक्टर 4, सेक्टर 7, सेक्टर 7 एक्सटेंशन, सेक्टर 9, न्यू कॉलोनी, लक्ष्मण विहार, सूर्या विहार, कृष्णा कॉलोनी, देवीलाल नगर, ज्योतिपार्क, मदनपुरी, बलदेव नगर, रवि नगर, मनोहर नगर, फिरोज गान्धी कॉलोनी एक व दो और इनके साथ लगते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित होगी। बिजली निगम के प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 10 सब स्टेशन से सेक्टर 4 और सेक्टर 9 सबस्टेशन के सभी फीडरों को बारी-बारी से आपूर्ति की जाएगी। सभी प्रभावित क्षेत्रों में नियमित समय अवधि में कट लगेंगे और बिजली आपूर्ति भी होगी। शाम आठ बजे के बाद पूर्णतया बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

# रैडक्रास सोसायटी की गतिविधियों को जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए पत्रकार वार्ता का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** आज रैड क्रास सोसायटी परिसर चन्दन नगर में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।इस पत्रकार वार्ता का उद्देश्य रैड क्रास सोसायटी की गतिविधियों को जनसामान्य तक पहुंचाना था । इस पत्रकार वार्ता में जिला रैड क्रास सोसायटी सचिव विकास कुमार ने रैड क्रास सोसायटी की गतिविधियों को पत्रकारों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने इस जानकारी को मीडिया के माध्यम से आम जन तक पहुंचाने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी मीडिया कर्मियों से अनुरोध किया कि वह जनहित में इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को अवश्य निभायें ।पत्रकार वार्ता में जिला प्रशिक्षण अधिकारी जितिन शर्मा ने विभिन्न निर्माण उद्योग इकाईयों में दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी प्रस्तुत की ।



# घर में चोरी करने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने किया गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** घर में चोरी करने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14000 रूपएबरामद किया है।

पुलिस चौकी टाउन न-2 में राकेश कुमार निवासी एनआईटी फरीदाबाद ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 3 सितम्बर की रात को जब घर पर कोई नहीं था तो कोई नामपता नामालूम घर में घुस कर एक मूर्ति जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए थी उसे चोरी कर ले गया। जिस शिकायत पर थाना कोतवाली में संबधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रवीन निवासी गांव ओड जिला आनंद उमरेठ गुजरात हाल गुजराती मोहल्ला नेहरु कॉलोनी व राज निवासी गुजराती मोहल्ला नेहरु कॉलोनी एनआईटी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशा करने के आदी है और जब घर में कोई नहीं था तो इन्होंने घर का ताला तोडा और घर से मूर्ति उठा कर ले गये। आरोपियों से 14,000 रूपए बरामद किये गये है। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलकर बेहतर समाज निर्माण में सहयोग दें: सरपंच सुंदर लाल यादव

● सिकंदरपुर बढ़ा गांव में मनाई गई भगवान वाल्मीकि जयंती
● सरपंच सुंदर लाल यादव ने ग्रामीणों के साथ भगवान वाल्मीकि को किया नमन



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को सिकंदरपुर बढ़ा गांव स्थित अम्बेडकर भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता सरपंच सुंदर लाल यादव ने शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्जवलित करके व पुष्पांजलि देकर महर्षि वाल्मीकि को नमन किया।इस अवसर पर सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि प्राचीन भारत के एक महान कवि और संत थे, जिन्होंने संस्कृत में रामायण की रचना की थी। महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों पर चलकर हमें समाज में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। उनके आदर्शों से बेहतर समाज का निर्माण हमें करना है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने अपने ज्ञान, लेखनी और जीवन मूल्यों से समाज को दिशा देने का कार्य किया। उनके द्वारा रचित श्री रामायण न केवल भारतीय संस्कृति की आधारशिला है, बल्कि हर युग में धर्म, सत्य और कर्तव्य का प्रेरणा स्रोत बनी हुई है। महर्षि वाल्मीकि प्राचीन भारत के एक महान कवि और संत थे, जिन्होंने संस्कृत में रामायण की रचना की थी। उन्होंने कहा कि महापुरुष सर्वसमाज के होते हैं। उन्हें किसी जाति बंधन में नहीं बांधा जा सकता। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने महापुरुषों की जयंती भव्यता से राज्य स्तर पर भव्यता से मनाने की शुरूआत की है। इतिहास से महापुरुषों का तलाश करके उनको सम्मान दिया गया। उनकी जयंती, पुण्यतिथि पर उन्हें प्रमुखता से याद करते हुए सरकार उनके जीवनकाल को समाज के सामने ला रही है। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि सर्व समाज को एकजुट करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा काम किया है। इस अवसर पर शेरसिंह, मनोहर लाल, अनिल, प्रवीन कुमार, नवीन, पंकज, राजेन्द्र, सतीश, प्रताप, अमित, अजीत, अशोक एवं कुक्की सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर समाज में समानता, भाईचारे व शिक्षा के प्रसार का संकल्प लिया।

# जाटोली में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** पटौदी जाटोली मंडी परिषद के क्षेत्र जाटोली में वाल्मीकि समुदाय द्वारा शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा वार्ड तीन सामुदायिक केंद्र से शुरू होकर नगर में घूमी। यात्रा में आकर्षक झांकियां सजाई गई। इस शोभा यात्रा की शुरूआत हिन्दू वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मास्टर सुरेन्द्र चौहान ने की। उन्होंने कहा कि परगट दिवस या वाल्मीकि जयंती एक वार्षिक भारतीय त्यौहार है। भगवान वाल्मीकि को भारत में भारतीय महाकाव्य रामायण के लेखक के रूप में सम्मानित किया जाता है। वाल्मीकि संप्रदाय के सदस्यों द्वारा उन्हें भगवान के अवतार के रूप में भी पूजा जाता है। वाल्मीकि स्वयं रामायण में एक प्रमुख पात्र के रूप में दिखाई देते हैं। पारंपरिक भारतीय कविता में महाकाव्य मीटर का श्रेय वाल्मीकि को दिया जाता है, जिसमें यादगार तुकांत दोहे शामिल हैं। इस अवसर पर वाल्मीकि समुदाय से आयोजक कुलदीप, सोनू, सुभाष, विक्की, देबी, रामरतन, जस्सू, अनिल, अमित, बिट्ठ, महिपाल,व पब्लिक हेल्थ चेयरमैन राज सिंह उर्फ चिल्लू, दिनेश नांगलिया, अक्षय शर्मा, पार्षद रवि चौहान, नेनु शर्मा आदि मौजूद रहे।

# अनाज मंडी में लगे गंदगी के ढेर,किसानों का बाजरा भीगा, पानी की निकासी जीरो



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** सोहना में लगातार दो दिन हुई मूसलाधार बरसात से मौसम ने एक दम करवट ले ली।जहां बीते रविवार को गर्मी अधिक होने के कारण मौसम गर्म था सोमवार और आज मंगलवार लगातार हुई बरसात ने मौसम को ठंडा कर दिया लोगों ने अपने एयरकंडीशन तक बंद कर दिए।वहीं दूसरी ओर बरसात से अनाज मंडी में पड़े किसानों के बाजरे की फसल भीग गई।जहां आज छुट्टी के दिन लोगों की सैकड़ों गाड़िया खड़ी होने से मंडी में पार्किंग का रूप ले चुकी थी।वहीं किसान भी परेशान नजर आ रहे थे।वहीं मार्किट कमेटी की तरफ से बाजरे की फसल को ढकने के लिए कोई व्यवस्था तक नहीं है।जबकि।लाखों रुपए मंडी में टेक्स के रूप में लिया जा रहा है लेकिन किसानों के लिए कोई रेस्ट हाउस तक नहीं जहां रेस्ट हाउस है वहां आंगनवाड़ी का कार्यालय बना हुआ है। एकतरफ किसानों के लिए सरकार सुविधा उपलब्ध कराने के दावे करती है जबकि अनाज मंडी में जीरो व्यवस्था है।पानी इतना खड़ा हो जाता है कि लोगों के निकलने का रास्ता तक नहीं बचता।रेहड़ी वाले अपनी रेहड़ियों को पीछे न खड़ी करके बीच सड़क पर लगा रस्ते को अवरुद्ध कर देते है। सफाई के नाम पर जीरो दिखाई दे रही है।हालांकि मार्किट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन दया राम लोहिया का मानना है कि अभी सरकार ने की चार्ज नहीं सौंपा है। मीडिया के माध्यम से जानकारी मिल रही है।चार्ज संभालते ही मार्किट कमेटी में सुधार किया जाएगा।सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।किसानों के लिए बैठने और पीने के पानी की व्यवस्था कराई जाएगी।

# गुरुग्राम को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर शहर बनाने के लिए स्टेक होल्डर्स ने दिए अपने सुझाव

● यूएलबी आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने गुरुग्राम में स्टेक होल्डर्स के साथ की बैठक
● वाहनों में कचरे के अलग-अलग खंड होंगे और ये जीपीएस-सक्षम होंगें



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने मंगलवार को गुरुग्राम में आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों, बल्क वेस्ट जनरेटर्स, ठोस कचरा प्रबंधन एजेंसियों, निगम पार्षदों व अन्य स्टेक होल्डर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में ठोस कचरा प्रबंधन ड्राफ्ट उप नियम-2025 पर विस्तार से चर्चा की गईऔर स्टेक होल्डर्स ने गुरुग्राम को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर शहर बनाने के लिए अपने सुझाव दिए। मेयर राजरानी मल्होत्रा ने स्टेक होल्डर्स से आह्वान किया कि वे गुरुग्राम को स्वच्छ व बेहतर शहर बनाने में सहयोग करें। बैठक में गुप्ता ने कहा कि ठोस कचरा प्रबंधन ड्राफ्ट उप नियम-2025 का उद्देश्य शहरों में कचरा प्रबंधन प्रणाली को वैज्ञानिक, पारदर्शी और टिकाऊ बनाना है। इनके लागू होने से कचरे के पृथक्करण, प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण को बढ़ावा मिलेगा तथा शहरों को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने में नागरिकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम प्रतिदिन डोर-टू-डोर कलेक्शन सुनिश्चित करेगा और केवल पृथक किया गया कचरा ही उठाया जाएगा। वाहनों में कचरे के अलग-अलग खंड होंगे और ये जीपीएस-सक्षम होंगे। सभी वाहन एमसीजी व स्वच्छ भारत मिशन लोगो से चिह्नित होंगे। संकरी गलियों के लिए छोटे वाहन और उपयुक्त मार्ग तय होंगे। शहर में चयनित स्थलों पर द्वितीयक संग्रहण केंद्र और एमआरएफ यूनिट्स स्थापित की जाएंगी, जहां कचरे का पृथक्करण, पुनर्चक्रण और कम्पोस्टिंग की जाएगी। इन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य होंगे और फुटेज 30 दिन तक सुरक्षित रखनी होगी।बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त यश जालुका ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम ने शहर में ठोस कचरे के समुचित प्रबंधन और निस्तारण को सुव्यवस्थित करने के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एंड हैंडलिंग ड्राफ्ट बाई लॉज 2025 अधिसूचित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये उप नियम हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 और भारत सरकार के ठोस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 के अनुरूप तैयार किए गए हैं। इनमें गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा शामिल है। इसके अलावा, जरूरत अनुसार सीएंडडी वेस्ट, बागवानी वेस्ट व बायो मेडिकल वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट को भी अलग-अलग करके निर्धारित नियमों के अनुसार निस्तारित करना चाहिए।बैठक में नगर निगम मानेसर के आयुक्त आयुष सिन्हा, एमसीजी अतिरिक्त आयुक्त अंकिता चौधरी व रविन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारीगण व पार्षदगण उपस्थित रहे।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 10/7/2025 7:25 PM Page 1



# मासों में कार्तिक मास सबसे श्रेष्ठ, श्रद्धालु कर रहे पूजा अचार्ना

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर व क्षेत्र में कार्तिक मास मंगलवार से आरंभ हुआ। जिसके चलते क्षेत्र के मंदिरों में ब्रह्ममुहूर्त में स्नान करके लोग भगवान विष्णु जी की पूजा कर रहे हैं। कार्तिक मास में व्रत रखने वालों को मोक्ष के साधन के रूप में बताया गया है। शहर के वार्ड नंबर 14 में स्थित श्रीसाईं धाम मंदिर में पुजारी पंडित नंद किशोर मिश्रा ने बताया कि नदियों में जैसे गंगा व भगवानों में विष्णु इसी प्रकार मासों में कार्तिक मास क्षेष्ठ हैं। इस मास में गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। इस माह में जो व्यक्ति नियमों का पालन करते हैं, वह वर्ष भर सभी पापों से मुक्ति पाते हैं। धर्म शास्त्रों में प्रत्येक ऋतु व मास का अपना विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार इस माह भवान विष्णु चार माह की अपनी योगनिंद्रा से जागते हैं। इस मास में दीपदान करने से भगवान विष्णु जी की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में छाया अंधकार दूर होता है। इस मास में दीप जलाने वाले व्यक्ति को अश्वमेद्य यज्ञ के बराबर फलों की प्राप्ति होती है। इस मास में तुलसी के समीप दीपक जलाने से व्यक्ति को साक्षात लक्ष्मी जी की कृपा प्राप्त होती है। क्योंकि तुलसी में साक्षात लक्ष्मी का निवास माना जाता है। इस मास में तुलसी के पौधे को सजा भगवान शालिग्राम का पूजन किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार कार्तिक मास में किए गए दान-पुण्य का फ ल व्यक्ति को अगले जन्म में अवश्य प्राप्त होता है। उन्होंने उपस्थित संगत से आहवान किया कि कार्तिक मास में क्षेष्ठ कर्म कर, स्नान, ध्यान, दान करते हुए व तुलसी अराधना कर अनन्य पुण्य के भागी बनें।

# तावडू में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति कर रहा प्रशासन जागरूक, लेकिन शहर के विभिन्न चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइटें कई वर्षों से पड़ी बंद

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू (मैहंदीरत्ता)।** शहर व क्षेत्र में प्रतिदिन रैली व प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को सडक सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन शहर में लगी लाखों की लागत से लगी ट्रैफिक लाइटें मात्र एक महा चलने के बाद वर्षों से बंद पड़ी हुई है, इस पर गौर नहीं कर रहा। जिससे वाहन चालकों को भारी असुविधा हो रही है। शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर सरकार द्वारा ट्रेफिक लाइट सिगनल के लिए लगाई गई थी। लेकिन इनके बंद होने के कारण लोगों को यह सुविधा नहीं मिल पा रही है। हालांकि वर्ष के आरंभ में लाखों रूपए की लागत से ट्रैफिक लाईटों को ठीक भी कराया जा चुका है। लेकिन व्यवस्था न होने के कारण



यह ट्रैफिक लाईटें मात्र 5-7 दिन चलने के बाद ही बंद पड गई। शहर के इकबाल, खालिद, घनश्याम, प्रेम, दिनेश, राजू, कल्लू, सलमू, महाबीर, शरीफ, बल्ला, सोनू, अरशद आदि ने बताया की कई वर्ष पहले सरकार द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए ट्रैफिक सिग्नल लाइटें शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाई गई थी। लेकिन मात्र एक माह चलने के बाद लाखों रुपए की लागत से लगी यह सिगनल लाइट बंद पड़ी हुई थी। जिससे इस व्यवस्था का लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है। लोगों ने ट्रैफिक लाइट व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है।

वर्ष के आरंभ में लाखों रूपए की लागत से ट्रैफिक लाईटों को ठीक भी कराया जा चुका है। लेकिन व्यवस्था न होने के कारण यह ट्रैफिक लाईटें मात्र 5-7 दिन चलने के बाद ही बंद पड गई। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा विद्यालयों में सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतियोगिताएं व रैलियां निकलवा रहा है। जबकि ट्रैफिक लाईटों की तरफ कोई ध्यान नहीं है। जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है।

# यूनिवर्सल अस्पताल के चिकित्सकों ने 60 वर्षीय बुजुर्ग की जटिल हार्ट सर्जरी कर बचाई जान

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** यूनिवर्सल अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 60 वर्षीय बुजुर्ग मरीज की हार्ट की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक कर उसकी जान बचाई है। महेश नामक यह मरीज पिछले कई महीनों से सांस लेने में दिक्कत, खून की उल्टी, कमर दर्द, दोनों पैरों में सूजन और पेट में पानी भरने की समस्या से परेशान थे। स्थिति बिगड़ने पर उन्हें यूनिवर्सल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच में पता चला कि उनके हृदय की रक्त वाहिनियों में गंभीर ब्लॉकेज है और हार्ट के एक वाल्व में लीकेज भी है।



अस्पताल के चेयरमैन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेश जैन ने बताया कि मरीज की हालत अत्यंत नाजुक थी और सर्जरी करना जोखिम भरा था। टीम ने पहले मरीज की पूरी स्वास्थ्य जांच की और अन्य जटिलताओं को नियंत्रित किया। इसके बाद आधुनिक तकनीक की मदद से सफलतापूर्वक हार्ट सर्जरी की गई। डॉ. जैन ने बताया कि ऐसी सर्जरी बेहद चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि मरीज की उम्र और स्वास्थ्य दोनों ही कमजोर थे, लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की सूझबूझ और अनुभव से यह सर्जरी पूरी तरह सफल रही। सर्जरी के बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और सामान्य जीवन जी रहे हैं। डॉ. जैन ने लोगों से अपील की कि यदि किसी को सांस फूलने, सीने में दर्द, पैरों में सूजन या अचानक कमजोरी जैसी समस्या हो तो उसे नजरअंदाज न करें। समय पर जांच और सही उपचार से गंभीर हृदय रोगों से बचाव संभव है।

# टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** साइबर ठगों द्वारा तकनीकी का गलत प्रयोग करके लोगों को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। ऐसे ही एक मामला में टास्क पूरा करवाने के नाम पर ठगी करने पर साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने आरोपी राजकमल को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल में हैबिटेट रेजिडेंसी सेक्टर-78 फरीदाबाद में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पास व्हाट्सएप पर मैसेज आया जिसने अपने आपको कंपनी की बताया। जिसके बाद उसने एक लिंक भेज रेटिंग का काम और निवेश करके अच्छा लाभ कमाने का लालच दिया। फिर ठगों ने टेलीग्राम का लिंक भेज टेलीग्राम ग्रुप में जोड दिया। जिसमें उसे डाटा टास्क दिया और 15000 रूपए टास्क में इन्वेस्टमेंट करने के बाद 28200 रूपए का लाभ दिखाया, जिसके बाद 88200 रुपए टास्क में इन्वेस्टमेंट करने के बाद 159100 रूपए का लाभ बताया। जब शिकायतकर्ता ने अपने लाभ के पैसे निकालना चाहे तो पैसे नही निकल पाये। जिसके बाद ठगों से सम्पर्क किया जिसपर उन्होंने इन्कम टैक्स का डर दिखाया और पैसे इन्वेस्ट करने को कहा। इस प्रकार शिकायतकर्ता ने दबाव में आकर 34,47,000रू ठगों के खाते में भेजें। इस तरह शिकायतकर्ता के साथ ठगी हुई। जिस पर साइबर थाना सेन्ट्रल में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए राजकमल निवासी गांव गुजरी जिला श्रीगंगानगर राजस्थान को गिरफ्तार किया है।

पुछताछ में सामने आया कि राजकमल ठगों के लिए खाता उपलब्ध करवाता था और इसने पहले गिरफ्तार आरोपी चिरांश का खाता लेकर आगे ठगों को दिया था तथा आरोपी बेरोजगार है। मामले में अधिक जानकारी के लिए आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। मामले में चिरांश सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका हैं।

# ट्रैक्टर चोरी करने के मामले में अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, सुमित गोयल।** ट्रैक्टर चोरी करने के मामले में अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने दो आरोपियों को को काबू कर उसके कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर बरामद किया है।

थाना सेक्टर-8 में रोहित निवासी खेरी कुरूक्षेत्र हाल मयूर विहार दिल्ली ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसका सेक्टर-20 फरीदाबाद में ऑफिस है और वह फरीदाबाद में रोड बनाने का टेंडर लेता है। 24 जून को उसने अपने ट्रैक्टर ड्राइवर रोहन के पास ट्रैक्टर लाने के लिए




कॉल किया, लेकिन उसका फोन बंद आ रहा था जब उसने जाकर देखा तो पाया की ट्रैक्टर अपनी जगह पर नहीं था। जिस शिकायत पर थाना सेक्टर-8 में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा उचा गांव की टीम ने कार्रवाई करते हुए रोहन निवासी बांका, बिहार हाल झुग्गी सैक्टर-4, फरीदाबाद व अजय यादव निवासी निवासी गांव सिरसिया जिला देवरिया उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि रोहन शिकायतकर्ता का ट्रैक्टर चलाता है जिसने अपने दोस्त अजय के साथ मिलकर ट्रैक्टर को चोरी करने का प्लान बनाया और ट्रैक्टर को चोरी करके अजय के गांव सिरसिया लेकर गये। दोनों आरोपी नशा करने के आदी है। आरोपियों से चोरी किया हुआ ट्रैक्टर बरामद किया गया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## अवैध नशा बेचाने के अलग-अलग मामलो में दो आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर-65 व अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने दो आरोपियों को अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 06 अक्टूबर को अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए दलीप कुमार निवासी नंगला एनक्लेव पार्ट 2 को 510 ग्राम गांजा सहित नंगला एनक्लेव पार्ट 2 से काबू किया है वहीं अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने बंटी निवासी न्यू सब्जी मंडी डबुआ कॉलोनी को 222 ग्राम गांजा सहित डबुआ कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध संबधित थाना में एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

# महर्षि वाल्मीकि ने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को किया समृद्ध : राजेश नागर

- महर्षि वाल्मीकि जयंती पर फरीदाबाद में हुआ भव्य जिला स्तरीय समारोह का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** जिला प्रशासन व सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर मंगलवार को फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल में हरियाणा सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार-प्रसार योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता




मामले तथा माइनिंग एवं स्टेशनरी राज्य मंत्री राजेश नागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि राजेश नागर ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह में पहुंचने पर सूचना, जनसंपर्क विभाग की ओर से जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दिनेश कुमार ने अतिथिगण का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्वच्छता योद्धाओं को सम्मानित भी किया गया।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे देश और हरियाणा प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह दिन रामायण के रचयिता और संस्कृत साहित्य के आदि कवि महर्षि वाल्मीकि के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है, जिन्होंने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को समृद्ध किया। महर्षि वाल्मीकि ने मानवता, समानता और धर्म के पथ पर चलने की प्रेरणा दी। वे ज्ञान, सत्य और न्याय के प्रतीक थे। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को यह संदेश दिया कि मेहनत, ईमानदारी और शिक्षा के बल पर जीवन में ऊंचाइयां प्राप्त की जा सकती हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना चलाई जा रही है। इस परंपरा के शुरू होने से सामाजिक समरसता और महान संतों की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने समाज के महापुरुषों को याद नहीं करेंगे तो हमारी सभ्यता के महत्वपूर्ण पहलू इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएंगे। इसलिए सरकार की ओर से धन्ना भगत, कबीर दास जी, महात्मा ज्योतिबा फुले, संत रविदास आदि महापुरुषों की याद में उनकी जयंती पर राज्य व जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करवाया जा रहा है।

समारोह में बल्लभगढ़ से भाजपा जिलाध्यक्ष सोहनपाल छोक्कर, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार बोहरा, जिला कल्याण अधिकारी ममता शर्मा, जिला बाल कल्याण अधिकारी पिंकी मोर, लेखाकार हिना विरमानी सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : कृष्ण पाल गुर्जर

- गांवों से लेकर शहरों तक बुनियादी ढांचे का हो रहा विस्तार: विधायक सतीश फागना

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, सुमित गोयल।** भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि कृष्णपाल गुर्जर ने इस अवसर पर कहा कि पिछले 10 से 11 वर्षों में जिले में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं, जिनका प्रमाण हर गांव, हर सडक और प्रत्येक सार्वजनिक सुविधा में स्पष्ट दिखाई देता है। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने गत सायं गांव सरूरपुर में सडक निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। शुभारंभ गांव के लोगों द्वारा नारियल फोडकर परंपरागत तरीके से किया गया। इस अवसर पर एनआईटी विधायक सतीश फागना भी मौजूद रहे। इस अवसर पर लगभग 2 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का आरंभ हुआ।



केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में आज उन्होंने गांव सरूरपुर में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से गलियों और सडकों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सरूरपुर से सोहना रोड तक लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आरएमसी सडक का निर्माण कार्य भी प्रारंभ किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि यह सडक 18 फुट चौड़ी आरएमसी रोड होगी, जिसके दोनों ओर 3.3 फुट की इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएंगी। इस प्रकार कुल मिलाकर 24 फुट चौड़ी आधुनिक सडक का निर्माण किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जीवन में गरीबी को केवल देखा नहीं, बल्कि स्वयं भोगा है, इसलिए वे गरीबों की समस्याओं को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले दिन से ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार देश के गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों को समर्पित है।

श्री गुर्जर ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा देश के 80 करोड़ नागरिकों को हर महीने 5 किलो मुफ्त अनाज, 60 करोड़ लोगों को साल में मुफ्त इलाज की सुविधाए तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहले बच्चे पर 5000 रुपये और दूसरे बच्चे के रूप में कन्या संतान पर 6000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि 10 करोड़ महिलाओं को एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं और 90 लाख रेहड़ी.पटरी वालों को मात्र 1 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण उपलब्ध करवाने का कार्य भी केंद्र सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास की नीति को अपनाते हुए सरकार समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास और योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौजूदा सरकार का लक्ष्य केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा में लाना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरूरपुर के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और प्रदेश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सबका सहयोग आवश्यक है।

एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतीश फागना ने कहा कि आज फरीदाबाद विकास के उस मार्ग पर अग्रसर है, जिसकी कल्पना कभी की जाती थी। उन्होंने कहा कि जितनी तेजी से विकास कार्य फरीदाबाद में हुए हैं, उतनी गति से किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र में नहीं हुई। इस अवसर पर जिला परिषद मेंबर हरिंदर भड़ाना, सरपंच साजिद अहमद, पार्षद महेश सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# निगम के प्रत्येक जोन में बनाये जायेंगे आधुनिक एस्पिरेशनल और पिंक शौचालय: धीरेंद्र खडगटा

- आमजन की राय के लिए कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी जारी किए गए फोन नंबर और मेल आईडी

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, नवीन शाह।** हरियाणा सरकार के दिशा-निदेर्शों और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में नगर निगम फरीदाबाद द्वारा शहरवासियों को बेहतर और उत्तम स्वच्छ सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है।

निगम आयुक्त धीरेंद्र खडगटा ने जानकारी देते हुए कहा कि निगम प्रत्येक डिविजन जॉन में 5 से 6 सीटर आधुनिक शौचालयों का निर्माण करेगा। इन शौचालयों को इस प्रकार डिजाइन किया जाएगा कि यह स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक हों जिसमें विकलांग के लिए सुविधा हो और महिलाओं के लिए (पिक टॉयलेट) तथा आमजन को उपयोगी सेवाएं प्रदान कर सकें।

इसके लिए निगम प्रशासन स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जनता से राय भी लेगा, ताकि शौचालय निर्माण के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन सुनिश्चित किया जा सके।

निगम आयुक्त जानकारी दी कि यह जनहित कार्य स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत किया जा रहा है। इससे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक सुविधाओं की कमी दूर होगी और नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध होगा।

# नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने 24 घण्टे के अंदर आरोपी को किया गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** तिगांव थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लडकी के साथ दुष्कर्म के मामले में थाना तिगांव की टीम ने 24 घण्टे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना तिगांव क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया कि 6 अक्टूबर को गौतम निवासी फरीदाबाद ने उसकी बेटी के साथ गलत काम किया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना तिगांव में



पास्को एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने आगे बताया कि थाना तिगांव की टीम ने आरोपी गौतम निवासी कोल्हुआ जिला नालंदा बिहार हाल धीरज नगर फरीदाबाद को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दूध की डेयरी पर काम करता है तथा आस पास के गांवों से दुध इक्कठा करता है। इसी दौरान उसकी पीड़िता से जानकारी हुई थी और 6 अक्टूबर को वह पीड़िता को अपनी बातों में फंसा कर फरीदाबाद सूरजकुण्ड रोड स्थित पहाड़ियों में ले गया, जहां पर उसने पीड़िता के साथ गलत काम किया और फिर वापिस छोड दिया। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जायेगा।

## 2 वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की एक मोटरसाईकिल व एक स्कूटी बरामद

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर.56 की टीम ने अलग-अलग मामलों में दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की एक मोटरसाईकिल व एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने कार्रवाई करते हुए विशाल निवासी राहुल कॉलोनी फरीदाबाद को चोरी की स्कूटी सहित आशियाना फ्लैट सेक्टर-56 के पास से व दीपक निवासी राहुल कॉलोनी फरीदाबाद को चोरी की मोटरसाईकिल सहित प्रतापगढ पुल, सेक्टर.56 के पास से गिरफ्तार किया है। जिनको माननीय अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।



## समाचार

# तावडू में त्योहारी सीजन आरंभ, बाईकर्स की स्टंटबाजी से लोग परेशान, प्रशासन मौन

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर में त्योहारी सीजन के चलते भीड-भाड़ देखी जा सकती है। वहीं बाइकर्स के स्टंटबाजी से क्षेत्रवासी काफी परेशान हैं। क्षेत्रवासियों के बार-बार बाइकर्स से कहने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है। क्षेत्रवासी कमल सिंह, रामलाल, प्रकाश वीर, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार आदि ने बताया कि त्योहारी सीजन आरंभ हो चुका है और बाजारों में भीड होने लगी है। समूह में आने वाले बाइकर्स अपने वाहनों को तेज गति से दौडाते हुए स्टंटबाजी करते हैं। हर समय कर्कश हॉर्न बजाकर वातावरण दूषित करने लगे हैं। इस समस्या से जहां दुर्घटनाओं की आशंका बढ रही है, वहीं कर्कश हॉर्न से क्षेत्र के निवासियों को भारी परेशानी उठानी पड रही है। बाइकर्स की स्टंटबाजी के कारण अन्य वाहन चालकों में भय का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के बुजुर्गों, बच्चों, युवतियों व महिलाओं को अधिक परेशान होना पड़ रहा है। बाइकर्स से स्टंटबाजी के लिए मना करने पर वे विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं। ये बाईकर्स इतनी तेज हॉर्न बजाते है कि समीप चल रहे व्यक्ति तो परेशान होते ही हैं और आस-पास के लोग भी परेशान हो जाते हैं। क्षेत्रवासी इस डर के कारण इन्हें रोक नहीं पा रहे है। इस समस्या के कारण पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठने लगे है। क्षेत्रवासियों ने तत्काल इस समस्या का हल करने की प्रशासन से मांग की है।

## तावडू में दीपावली पर्व की तैयारियां आरंभ, साफ-सफाई में जुटे लोग

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर व क्षेत्र में पवित्र त्यौहार दीपावली को लेकर तैयारियां आरंभ हो गई हैं। जिसको लेकर क्षेत्रवासी अपने घरों की साफ -सफाई व रंग-पेंट कराने में जुटे हुए हैं। शहर में स्थित दुकानों पर रंग बिरंगी लाईटें भी लगनी शुरू हो गई हैं। वहीं बच्चों ने आतिशबाजी चलानी शुरू कर दी है। हलवाईयों ने भट्टीयां लगाकर स्टाक इक्कठा करना भी आरंभ कर दिया है। उल्लेखनीय है कि रोशनी के पवित्र त्यौहार दीपावली की तैयारियां शुरू हो गई हैं। लोगों ने अपने घरों की साफ -सफ ाई कर उनमें रंग-रोगन कर उसे सजाने और संवारने लगे है। हालाकि इस बार बाजारों में पहले की भांति रौनक अभी नहीं दिखाई दे रही। जिससे दुकानदारों में कुछ मायूसी नजर आ रही हैं। दुकानदारों का मानना है कि यदि मंदी का दौर इसी तरह चलता रहा तो रोशनी का त्यौहार दीपावली फीका हो सकता है।

## समाज के अग्रणी व सक्षम लोगों को निजहित के साथ-साथ समाज हित में भी काम करना चाहिए: प्रमोद आहुजा

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** समाज के अग्रणी व सक्षम लोगों को निजहित के साथ-साथ समाज हित में भी काम करना चाहिए। नेता व उद्योगपति इस कार्य में और अधिकसहायक साबित हो सकते है। देश की साठ फीसदी से अधिक जनता गावों में रहती है। जहां शिक्षा का स्तर न के बराबर है। यह विचार पंजाबी समाज के प्रधान प्रमोद आहुजा ने रखे। उन्होंने कहा कि शिक्षा की कमी के चलते ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग अपने बच्चों को दसवीं कक्षा से आगे पढ़ाने के बारे विचार भी नहीं करते हैं। आमतौर पर देखा गया है कि आधुनिक दौर में भी लड़कियों को उच्च शिक्षा से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज समाज में अनेक बुराइयां मुंह उठाएं खड़ी है। इसके पीछे भी मूल कारण अशिक्षा होना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को अपनी सोच का दायरा बढ़ाना होगा तथा अपने बच्चों को अच्छे से अच्छी शिक्षा देनी होगी। तब जाकर समाज में कुछ परिवर्तन होने की संभावना बनेगी। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था पिछले कई वर्षों से मिलकर गांवों में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए भी कार्य कर रही है।

## तावडू में 12 को रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के डिढारा बाईपास रेवाडी रोड पर स्थित आर-आर हॉस्पिटल में आगामी 12 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी हॉस्पिटल के डाक्टर सचिन ने दी। उन्होंने बताया कि आर-आर हॉस्पिटल एवं सर्जिकल सेंटर में आगामी 12 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्यक करा लें। उन्होंने बताया कि 18 से 65 वर्ष के बीच वाले सभी लोग रक्तदान कर सकते हैं। वहीं रक्तदान करने वाले व्यक्ति में कम से कम 45 किलोग्राम वजन होना चाहिए।

## तावडू में छठा श्रीश्याम मनुहार महोत्सव का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित जय भारत रामलीला मैदान में श्रीश्याम दीवाने मित्र मंडल के तत्वाधान में छठा श्रीश्याम मनुहार महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का पावन सानिध्य वृंदावन धाम से निजपुजारी श्री बांके बिहारी मंदिर करण कृष्ण गोस्वामी जी ने किया। कार्यक्रम को लेकर आलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, फूलों की होली व 56 भोग की व्यवस्था की हुई थी। यह जानकारी चिराग गर्ग व अंकित सिंघला ने संयुक्त रूप में दी। उन्होंने बताया कि महोत्सव में फतेहबाद से परविन्द्र पलक, इंदौर से शिवम रावल ने बाबा का गुणगान किया। वहीं मंच संचालन सन्नी साईं ने किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर मौर्वी साऊंड के अश्विन यादव व म्यूजिकल ग्रुप नरेश पुनिया को आमंत्रित किया गया था। उक्त सभी ने बाबा का गुणगान कर लोगों को भजनों पर थिरकने को मजबूर कर दिया। हालांकि मौसम की वजह से कुछ कार्यक्रम में व्यवस्था बाधित हुई, लेकिन श्रद्धालुओं में उत्साह को देखते हुए कलाकार भी अपनी कला को दिखाने पर मजबूर हो गए। इस दौरान सैकडों लोगों ने बाबा के गुणगान में भाग लिया।



# उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ता डी आर एम से मिले

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** भारतीय रेलवे मजदूर संघ एवं उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन के कार्यकर्ता कर्मचारियों की समस्याओं के लिए वार्ता करने हेतु मंडलीय रेलवे प्रबंधक संग्राम सिंह मौर्य से मिला। भारतीय मजदूर संघ के रेल प्रभारी अशोक कुमार शुक्ला, उपाध्यक्ष काली कुमार, मंडलीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य डॉ. पवन जैन, मंडल मंत्री शशिलेंद्र कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से डी आर एम कार्यालय में भेंट की। वार्ता में इंजीनियरिंग विभाग और परिचालन विभाग के गेटों पर जिसका टी वी यू 50000 से अधिक है उन गेट संख्या पर ड्यूटी रोस्टर 8 घंटे करना चाहिए, यूनियन कार्यकताओं को आवश्यकता पड़ने पर अपनी छुट्टी मिलनी चाहिए। मान्यता प्राप्त यूनियन को अतिरिक्त छुट्टी मिलती है हम उसकी मांग नहीं कर रहे हमारी मांग केवल इतनी है कि कर्मचारियों को उनकी सी एल दे दी जाए। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य समस्याओं पर चर्चा जिस पर डीआरएम में सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशन की स्थिति, सफाई व्यवस्था, मेंटीनेंस आदि पर भी सकारात्मक चर्चा हुई।




# धूमधाम से निकाली गई महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर में धूमधाम के साथ महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली गई। श्री कमलेश्वर भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नवयुवक वाल्मीकि कमेटी के तत्वाधान में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ सपा सांसद रुचिवीरा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कांठ विधानसभा विधायक कमाल अख्तर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन विश्व बंधु विश्नोई ने किया। कार्यक्रम में रवि कुमार वाल्मीकि देहरादून, नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी,



समाजसेवी जुल्फिकार ठेकेदार, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा, आदि सम्मानित व्यक्ति मौजूद रहे। शोभायात्रा में सबसे आगे घनश्याम सिंह पहलवान व्यायाम अखाड़ा, महर्षि वाल्मीकि रथ, भगवान शिव, भगवान गणेश, श्री राम दरबार, राधा कृष्ण नृत्य और तांडव की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा मान नगर स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ होकर मोहल्ला पट्टीवाला, उपदेश नेता का चौराहा, मुख्य बाजार, वैश्य धर्मशाला, मुख्य हाइवे, रामलीला मंदिर, संत रविदास धर्मशाला होते हुए वापस महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी एएसपी अभिनव द्विवेदी, थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह पुलिस बल के साथ तैनात रहे। इस अवसर पर नवयुवक वाल्मीकि कमेटी के अध्यक्ष राजीव कुमार, उपाध्यक्ष नवीन कुमार, महामंत्री सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, उपकोषाध्यक्ष कुलवंत सिंह, संतोष कुमार, विशंभर वाल्मीकि, अजय कुमार उर्फ वीरू, विनोद कुमार, सुजीत कुमार वाल्मीकि, गौतम कुमार, नितिन कुमार, सोनू, सुमित कुमार, संदीप कुमार, संजय कुमार, राहुल, लकी, आशीष आदि लोग मौजूद रहे।

# अपना दल के कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर झूठा प्रार्थना देने वाले खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मंगलवार को मण्डल अध्यक्ष डॉ.रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में अपना दल कमेरावादी द्वारा कमिश्नर कार्यालय पर धरना/प्रदर्शन कर मायानगर ग्रह निर्माण सहकारी समिति मुरादाबाद के सदस्य भूमाफिया शीशपाल से गाटा संख्या 1998 की 1580 वर्गमीटर जमीन को कब्जामुक्त कराने व शीशपाल द्वारा महावीर की गाटा संख्या 2677/1 रकबा 4620 वर्गमीटर जमीन को कब्जा



किए जाने के उद्देश्य से अधिकारियों को झूठे प्रार्थना पत्र देने पर कार्यवाही की माँग की। मण्डल अध्यक्ष डॉ.रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कहा कि भूमाफिया शीशपाल आवास विकास के अधिकारियों से सेटिंग कर महावीर की लगभग 7 बीघा जमीन हड़पना चाहता है तथा 1 करोड़ रुपए की रंगदारी व 2000 गज जमीन मांग रहा है न देने पर जान से मारने, फर्जी केस में फांसने, जमीन को सरकारी संपत्ति घोषित कराने की धमकी दे रहा है !

यदि तीन दिन में कार्यवाही नहीं हुई तो फिर कमिश्नर कार्यालय पर धरना/प्रदर्शन किया जायेगा। धरना/प्रदर्शन मे रामोतार सागर, छत्रपाल सागर, चमन सागर, धर्मेंद्र कश्यप, सरोज देवी, इंद्रवती कश्यप, राजबाला कश्यप, अजय सैनी आदि मौजूद रहे।

# दो दुधारू भैंस चुराकर फरार हुए अज्ञात चोर

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने एक ग्रामीण की दो दुधारू भैंस चुरा ली और फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया परंतु अभियोग पंजीकृत नहीं किया है। थाना कांठ के ग्राम देहरी जुम्मन निवासी किसान थान सिंह पुत्र गोविंद सिंह के पशु उनकी पशु शाला में बंधे हुए थे। सोमवार की रात को अज्ञात चोर पशु शाला की दीवार काटकर दो दुधारू भैंसों को चुरा कर ले गए। सुबह होने पर जब दोनों पशु गायब देखे तो वह सन्न रह गए और उन्होंने ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मतलूब अहमद एवं अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इसके ऊमरी कलां पुलिस चौकी को घटना की जानकारी दी। ऊमरी कलां पुलिस चौकी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और चोरी के घटना के बारे में जानकारी ली परंतु चोरों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत नहीं किया है।

# गंगा नदीं में डूबे 50 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद, परिजनों में मचा कोहराम

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र में एक दालचंद नामक एक 50 वर्षीय व्यक्ति निवासी मछरिया अपना कटरा जेतिया सादुल्लापुर गंगा नदीं में नेहलाने के लिएं गया हुआ था। कटरे को नेहलाते समय उसका पैर फिसल गया और वह नदीं के तेज बहाव में बह गया। चीखों पुकार की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने उसके परिजनों को सूचना दी सूचना पाकर म्रतक के परिजन गंगा नदीं पहुंचे और उसको ढूंढने की कोशिश करने लगे मगर शव नहीं मिल पाया खबर फैलते ही घटना स्थल पर पुलिस व एनडी आरएफ की टीम भी पहुंचीं और शव को नावों द्वारा ढूंढा मगर तीन से ला पता दालचंद का शव नहीं मिल पा रहा था। मगर मंगलवार को एनडीआरएफ व पुलिस की कड़ी मेहनत से डालचंद का शव बरामद कर लिया गया। डालचंद का शव देख कर परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। और क्षेत्र वासियों में गम की लहर है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिएं जिला अस्पताल भेज दिया है। और पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# महिला सुरक्षा पुलिस टीम ने गोष्ठी कर महिलाओं व बालिकाओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को महिला सुरक्षा पुलिस टीम 13 ठाकुरद्वारा द्वारा ग्राम राघुवाला में ग्राम प्रधान यामीन व अकील, आशा पुष्पा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री शकीला, समूह सखी अनीता तथा महिलाओ व बालिकाओ के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, गोष्ठी के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभिन्न जन



कल्याणकारी योजनाओं जैसे- वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मात्र वंदना योजना, च्ड आवास योजना आदि तथा आपातकालीन हेल्पलाइन 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरित किये गए।

# गोविंद देहरी गांव में वाल्मीकि प्रकट उत्सव के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** शहर बड़े ही धूमधाम के साथ वाल्मीकि प्रकट उत्सव मनाया जा रहा है इस अवसर पर पूरे शहर में जगह-जगह भंडारे के आयोजन किये जा रहे हैं इसी कड़ी में आज भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा द्वारा कटघर थाना क्षेत्र के हनुमान मूर्ति के पास देहरी गांव बाल्मीकि बस्ती में एक विशाल भंडारे का आयोजन छोटू वाल्मीकि के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसमें



वाल्मीकि समाज से जुड़े तमाम लोगों ने भोजन ग्रहण किया आयोजन की शुरूआत भगवान वाल्मीकि के चरणों में फूल माला अर्पित करके किया गया भगवान वाल्मीकि की पूजा करने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया मामले की जानकारी देते हुए भारतीय वाल्मीकि धर्म सभा के राष्ट्रीय महामंत्री नीरज पाराशर ने बताया कि आज वाल्मीकि प्रकट उत्सव के उपलक्ष में पूरे शहर में भंडारे के आयोजन किये जा रहे हैं इसी कड़ी में आज देहरी गांव बाल्मीकि बस्ती में भी छोटू वाल्मीकि के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें हमारी पूरी टीम यहां पर उपस्थित रही पूरी टीम में आए सभी लोगों का फूल माला पहनकर स्वागत भी किया गया।

# अवैध चरस के साथ तीन गिरफ्तार, पाकबड़ा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** मंगलवार को पाकबड़ा पुलिस ने अवैध ने चरस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। पाकबड़ा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा चोरी, लूट, अवैध रूप से नशे के पदार्थ पर बिक्री हेतु अभियान चलाया जा रहा है ! इस अभियान के तहत पाकबड़ा पुलिस को मुखबिर की सूचना पर तीन अलग अलग जगहों से छापेमारी में अवैध चरस के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार




किए है। पाकबड़ा थाना प्रभारी पाकबड़ा ने बताया शाहनवाज के पास लगभग 510 ग्राम मुंतेयाज के पास 454 ग्राम व दानिश के पास से 444 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई है। मंगलवार को तीनों अभियुक्तों को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से तीनो को जेल भेजा। तीनों अभियुक्त पाकबड़ा के निवासी हैं ! क्षेत्राधिकार हाईवे एवं बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# महर्षि वाल्मीकि के विचारों और जीवन से प्रेरणा लें: जयवीर यादव

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने महर्षि वाल्मीकि के विचारों की महत्ता पर जोर दिया।

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मंगलवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जयंती पर उनके विचारों को याद कर उनके जीवन से प्रेरणा लेना महत्वपूर्ण है। वह एक महान ऋषि थे, जिन्होंने रामायण की रचना की और हमें सदमार्ग पर चलने की राह दिखाई, उनके विचारों में प्रेम, त्याग, तप और यश की भावनाएं शामिल हैं। जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि उनके विचार हमें सही रास्ते पर




चलने की प्रेरणा देते हैं। उनकी जयंती पर हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, जिला महासचिव फुरकान अली, प्रेम बाबू बाल्मीकि, संजीव चौधरी, वेद प्रकाश सैनी, अस्कार पाशा, एम. पी. सिंह, योगेन्द्र यादव, प्रदीप यादव, वीरेंद्र प्रसाद, सरदार सिंह पाल, राजेश्वरी यादव, दलप्रीत सिंह, जिगरी मलिक आदि प्रमुख थे।

# बेमौसम बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान, किसान परेशान

**उत्तम भारत संवाददाता/भगतपुर।** सोमवार और मंगलबार को तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गयी. बारिश से तापमान में भले ही गिरावट आयी है, परंतु धान की कटी फसल को काफी नुकसान हो गया है। क्षेत्र में खेतों में बारिश होने से धान कटाई कुछ दिनों के लिए रुक गई है। कई जगहों पर कटी हुई धान की फसल बारिश से पूरी तरह से भींग गयी. इस समय किसानों के लिए होने



वाली बारिश किसी आपदा से कम नहीं है।किसानों की खेत में जो फसल काटी थी बह फसल पानी में भीगने से धान के दाने खराब होने का खतरा बढ़ गया है। वही क्षेत्र में तेज हवा बरसात से देर शाम तक गुल रही बिजली भदगवां बिजलीघर व नकटपुरी खुर्द के विभिन्न गांवों में मंगलबार की देर शाम तक बहाल नहीं हो सकी। लोगों को मोबाइल चार्ज करने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। विभाग के कर्मचारी ने बताया कि तेज हवा से बिजली आपूर्ति बाधित हुई है। जगह-जगह आए फाल्ट को ठीक करवाकर जल्द ही विद्युत आपूर्ति चालू करवा दी जाएगी।

# रामायण पाठ के समापन में एसडीएम को किया सम्मानित

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** श्री कमलेश्वर भगवान महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव के उपलक्ष में नगर के मोहल्ला माननगर स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर रविवार को नवयुवक वाल्मीकि कमेटी द्वारा रामायण पाठ का आयोजन कराया गया था। सोमवार को रामायण पाठ के समापन में माननगर स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर पहुंचे एसडीम संत दास पवार का नवयुवक वाल्मीकि कमेटी द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वाल्मीकि समाज के लोगों ने जय जय वाल्मीकि, हर हर



वाल्मीकि के जयकारे लगाए। वाल्मीकि समाज के लोगों ने एसडीएम की भूरी भूरी प्रसन्नता करते हुए कहा कि जब से एस डी एम साहब ने जवसे कार्यभार ग्रहण किया है। हर व्यक्ति को न्याय मिला है। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नवयुवक वाल्मीकि कमेटी के अध्यक्ष राजीव कुमार, उपाध्यक्ष नवीन कुमार, महामंत्री सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, उपकोषाध्यक्ष कुलवंत सिंह, संतोष कुमार, विनोद कुमार, सुजीत कुमार वाल्मीकि, गौतम कुमार, नितिन कुमार, सोनू, सुमित कुमार, संदीप कुमार, संजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भगवान महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती विधि विधान से मनाई गई

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** भगवान महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती को बहुत ही दिव्य और विधि विधान से पूजा अर्चना कर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत फरीदनगर, अस्लेमपुर, सुरजननगर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) योगेंद्र सिंह की मौजूदगी में मनायी गई। इस अवसर पर एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह ने सर्वप्रथम महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके चरण कमल में पुष्प अर्पित करके कोटि-कोटि नमन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात भगवान महर्षि



वाल्मीकि जी के जीवन काल की घटनाओं और उपलब्धियों का विस्तार से वर्णन करते हुए उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस मौके पर सुरजननगर ग्राम प्रधान वीर सिंह उर्फ वीरू पधान, ग्राम सचिव विकास कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# वाल्मीकि जयंती पर आयोजित हुआ मां भगवती का जागरण

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** मान नगर कांठ में वाल्मीकि जयंती के शुभ अवसर पर वाल्मीकि बस्ती में माता रानी के जागरण का आयोजन किया गया।

पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विधि विधान के साथ माता रानी के जागरण की ज्योत को प्रज्वलित की। इस अवसर पर आशुतोष सैनी, मोहित कुमार थापर, जीतू चौहान, धर्मवीर सिंह प्रजापति, रामपाल सिंह प्रजापति, प्रेम सिंह उर्फ पप्पू, कुंवार पाल सिंह प्रजापति, दानवीर सिंह, चमन सिंह गोला, हरि सिंह जाटव,



अनुसूचित मोर्चा का जिला अध्यक्ष देवराज सिंह जाटव, गौरव कुमार बिश्नोई, वीरेंद्र कुमार प्रजापति, विकास सैनी, सोनू सैनी, अविनाश कुमार, विश्वास कुमार, हिमांशु, अभिषेक दिवाकर, एडवोकेट सचिन कुमार जाटव, डॉक्टर मोहित कुमार पाल उपस्थित रहे।

## समाचार

# करवा चौथ पर बाजार से की महिलाओं ने जमकर खरीदारी

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** मंगलवार को नगर व क्षेत्र में करवा चौथ पर्व के अवसर पर बाजार में अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन, ज्वेलरी, कपड़ों और मिठाई आदि की दुकानों से जमकर खरीदारी की। वहीं सामान की बिक्री को लेकर दुकानदारों में भी उत्साह है। 10 अक्टूबर को करवा चौथ का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। त्योहार पर सुहागिन महिलाएं निर्जल उपवास रखकर सोलह श्रृंगार करती हैं। शाम को चांद के दर्शन करने के बाद पूजा अर्चना कर पति की लंबी आयु सुख और समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। मंगलवार को करवा चौथ से पहले महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी। महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन, ज्वेलरी, कपड़ा, चूड़ी, बिछुए, बिंदी, कंगन आदि सामान की जमकर खरीदारी की। इसके अलावा करवा चौथ पूजन से संबंधित करवा, कैलेंडर आदि की भी खरीदारी की गई। वहीं सामान की बिक्री को लेकर दुकानदारों में भी उत्साह दिखाई दिया। सबसे ज्यादा भीड़ मीना बाजार में दिखाई दी। जहां महिलाओं ने अपने जरूरतमंद सामानों की जमकर खरीदारी की। बाजार में ई-रिक्शाओं और मोटरसाइकिल के आवागमन से जाम की स्थिति बनी रही। जिसके चलते महिलाओं को अच्छी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## प्रशासन द्वारा आयोजित किया सुंदर कांड

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** शिवमोहिनी मंदिर कांठ में तहसील प्रशासन द्वारा महर्षि वाल्मीकि रामायण एवं भजन कीर्तन सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अगवानपुर से पंडित राजन कौशिक द्वारा विधि विधान के साथ एसडीएम कांठ संत दास पवार, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा द्वारा महर्षि वाल्मीकि रामायण भजन कीर्तन का पूजा पाठ कराकर शुभारंभ कराया। इस अवसर पर मोहल्ले के लोगों ने शिव मोहनी मंदिर पर पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिभाग किया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर लेखपाल डिंपल पाल, अमित कौशिक, शंकर सिंह, दीपेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह आदि ने कार्यक्रम में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।

## रोडवेज बस की टक्कर से युवक घायल

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** थाना छजलैट से कुछ ही दूरी पर करुला नदी के पास टहलने जा रहे युवक को एक रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने 108 एंबुलेंस बुलाकर युवक को अस्पताल पहुंचाया। छजलैट निवासी विपिन कुमार पुत्र स्वर्गीय नरेश कुमार निवासी ग्राम पुल की मंडैयो सुबह लगभग 6. 00 बजे टहलते हुए अचानक पीछे से आई रोडवेज बस की चपेट में आ गया। पीछे से टक्कर लगने के बाद युवक मौके पर ही गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे उठाकर 108 एंबुलेंस को फोन किया। घायल युवक को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी कांठ में लाया गया। युवक की गंभीर हालत देखकर कांठ अस्पताल से मुरादाबाद रेफर कर दिया।परिजनों ने बताया कि विपिन की गंभीर चोटें आई और शरीर की हड्डी भी टूट कर बाहर निकल गई है। बस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी थी।

## सपा कार्यालय पर मनाई महर्षि वाल्मीकि जयंती

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर श्री वाल्मीकि जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष युवजन सभा मुख्य सचेतक विधानसभा उत्तर प्रदेश विधायक कमाल अख्तर ने बोलते हुए कहा कि वाल्मीकि जी संस्कृत के ज्ञाता थे। उन्होंने बहुत से ग्रंथ लिखे जिनमें बाल्मीकि रामायण सबसे प्रसिद्ध है। उनके आश्रम पर रहते हुए माता सीता ने लव और कुश को जन्म दिया, जिनका पालन पौषण तथा शिक्षा आश्रम पर रहते हुए श्री वाल्मीकि जी ने किया। वाल्मीकि जी अपने समय के सबसे विद्वान ऋषि रहे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष नाजिम अली सैफी, अमजद अली, मुकेश कुमार यादव प्रधान, विजेन्द्र सिंह, अंजार, डॉ जुवैर, शकलैन, मुजीब, रासिद सैफी, चरन सिंह प्रधान, तस्लीम प्रधान, भूरा खान, ताहिर बाबा आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रामायण के रचयिता भगवान महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** नगर पंचायत पाकबड़ा मे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती का पर्व मनाया गया ! समाज के लोगों ने इस प्रथा को हमेशा की तरह जारी रखा ! हिन्दू समाज के लोग लगातार सरकार से भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर अवकाश घोषित करने की अपील की जा रही थी ! आज 7 अक्टूबर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती पर पूर्ण रूप से अवकाश घोषित कर दिया गया ! जिससे हिन्दू समाज के लोगों में खुशी का माहौल दिखा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया ! भगवान महर्षि वाल्मीकि को आदी कवि के रूप में जाना जाता है। प्राचीन काल में बताया गया है कि भगवान महर्षि वाल्मीकि अपने ज्ञान व तप से संसार को धर्म, व सत्य का संदेश प्रदान किया था। भगवान महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत साहित्य का पितामह कहा जाता है ! इन्होंने हिंदू धर्म के महाकाव्य रामायण की भी रचना की थी ! हिन्दू समाज के लोगों ने इस अवसर पर भगवान् महर्षि वाल्मीकि चित्र पर फूल माला चढ़ाकर व दीप प्रज्वलित कर जयंती बनाई ! सभी लोगों ने भगवान् महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाएं ! एक दूसरे को और घर घर जाकर मिठाइयां बाटी ! भगवान् महर्षि वाल्मीकि चित्रकूट से लेकर घूमे सभी लोगों ने हाथ जोड़कर आशीर्वाद लिया ! इस अवसर पर हिन्दू समाज के कार्य करता है इस प्रकार कपिल, राजन सिंह तरुण, आकश, मलखान सिंह, संजीव अरुण, संदीप, राजू, बाल्मीकी मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सरकड़ा परमपुरमाफी विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद

पत्रांक 01/ग्रा.पं.सरकड़ा परमपुरमाफी/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/2025-26, दि.: 07.10.2025

### अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सामग्री आपूर्ति सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सरकड़ा परमपुरमाफी वि०ख० ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष **2025-26** हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष **2025-26** के अनुसार निर्माण कार्यवार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री कार्यवार निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्यों की सूची **https://egramswaraj.gov.in@approvedactionplan.do** पर जाकर देखी जा सकती है या ग्राम पंचायत सचिवालय में सूची/प्राक्कलन / निविदा प्रपत्र स्वयं जाकर प्राप्त कर सकतें है।

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | निविदा का विवरण | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र **GPDP 2025-26** के क्रम में कार्यवार प्राप्त किये जा सकते है। कार्यवार निर्माण कार्य स्थल पर निर्माण से सम्बंन्धित समस्त सामग्री आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार करनी होगी। | निविदा प्रारंभ | 08.10.2025 | सुबह 10.00 बजे |
| 2 | | निविदा समाप्त | 16.10.2025 | दोपहर 1.00 बजे |
| 3 | | निविदा खोलने की दिनांक | 16.10.2025 | सांय 4.00 बजे |

इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता ग्राम पंचायत सचिवालय से उपरोक्त अनुसार कार्यवार निविदा प्रपत्र प्राप्त करके ग्राम पंचायत सचिवलय में सीलबन्द निविदा/कोटेशन दरें सहित जमा कर सकते है। स्वीकृत निविदा/कोटेशन की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर कार्य आदेश जारी किया जायेगा जो कि समय समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधरित है।

1. कार्य से संबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियमानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यादेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार कार्यालय ग्राम पंचायत के पास होगा।

**ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत सरकड़ा परमपुरमाफी**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# ‘20 साल में विकास’ को लेकर कांग्रेस ने पूछे सवाल, पटना में पोस्टर भी लगे

● कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने चार अक्टूबर से की, इसके तहत कांग्रेस के अभय दुबे और राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा भाजपा और जदयू से सवाल पूछ चुके हैं




पटना। बिहार में सत्ता पक्ष जहां लगातार विकास का दावा कर रही है, वहीं कांग्रेस सत्ता पक्ष से लगातार विकास को लेकर सवाल पूछ रही है। कांग्रेस पिछले तीन दिनों से सत्ता पक्ष को घेरने के लिए प्रेस वार्ता कर प्रत्येक दिन ‘20 साल-20 सवाल’ के तहत सवाल कर रही है। इस बीच, पटना साहिब में विकास के दावे की कलई खोलते पोस्टर भी लगाए गए हैं। दरअसल, बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल अपनी-अपनी चुनावी रणनीति के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस चुनाव में कांग्रेस ने अपनी खोई जमीन तलाश करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक रखी है। इस बीच कांग्रेस के नेता प्रतिदिन 20 साल, 20 सवाल कर रहे हैं। इसकी शुरूआत कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने चार अक्टूबर से की। इसके तहत कांग्रेस के अभय दुबे और राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा भाजपा और जदयू से सवाल पूछ चुके हैं। इसके तहत आधारभूत संरचना, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और रोजगार को मुद्दा बनाया गया है। इधर, बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्य की सियासत में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। पटना साहिब में भी इसी तरह के पोस्टर लगाए गए हैं, जिसमें बिहार विधानसभा के स्पीकर और विधायक नंदकिशोर यादव से सवाल पूछे जा रहे हैं। इस पोस्टर में निवेदक के तौर पर ‘क्षेत्र में जनता’ लिखा हुआ है। पटना साहिब में लगाए गए पोस्टरों में नंदकिशोर यादव के 30 साल के जनप्रतिनिधित्व पर सवाल उठाए गए हैं। पोस्टर में लिखा है, ‘7 बार के विधायक से 7 सवाल। पूरे हुए 30 साल, फिर भी क्यों सिटी बदहाल ?’ इसके अलावा भी कई तरह के सवाल किए जा रहे हैं। जनता द्वारा लगाए गए इन पोस्टरों ने क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। लोग सत्ता पक्ष के विकास के दावों पर सवाल उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान 6 नवंबर को और दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को वोटिंग होगा। वहीं, चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। चुनाव को लेकर आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेसियों ने आदि कवि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प वर्षा कर मनाई वाल्मीकि जयंती



सहारनपुर। महानगर कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी व महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आदि कवि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प वर्षा करते हुए वाल्मीकि जयंती मनाई गई। जिसमें महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, जिला सेवादल अध्यक्ष इमरान कुरेशी, अमित शर्मा, हरिओम मिश्रा, करण चौहान, बरकत अंसारी, युनुस अंसारी, असगर अली, आरिफ मंसूरी, विपिनकांत शर्मा, मयंक शर्मा, रिंकू जाटव, प्रभजोत सिंह, रवि जाटव, राजन बिरला, अंश बिरला आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### इंद्रप्रस्थ कॉलेज में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती




सहारनपुर। आज इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, सहारनपुर में महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया, उपनिदेशक आशुतोष गुप्ता, डॉ कमल कृष्ण सिंह, डॉ नेहा त्यागी व सूर्यकांत ने संयुक्त रूप से महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित करके किया। इसके पश्चात महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा पर पुष्प भेंट किए गए। संस्था के सभी स्टाफ ने महर्षि वाल्मीकि जी की प्रतिमा के आगे पुष्प भेंट किए। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने सभी को महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि महर्षि वाल्मीकि जी को आदि कवि कहा जाता है क्योंकि उन्होंने संस्कृत साहित्य के पहले महाकाव्य रामायण की रचना की थी। उन्होंने बताया रामायण सिर्फ एक ग्रंथ नहीं बल्कि भारत की संस्कृति, मयार्दा और आदर्शों का दर्पण है। श्रीराम के जीवन की गाथा के माध्यम से उन्होंने हमें यह सिखाया की सच्चाई धर्म और कर्तव्य का पालन जीवन का सबसे बड़ा दृश्य होना चाहिए। कार्यक्रम में संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### मेडिकल कॉलेज में सीनियर डॉक्टर पर लगा छेड़छाड़ का आरोप

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर ने अपने सीनियर डॉक्टर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, यह मामला आयुष विंग विभाग का है, जहां पदस्थ सीनियर आयुर्वेदिक डॉक्टर पर आरोप लगा है कि उन्होंने चेकअप के बहाने ट्रेनी डॉक्टर से छेड़छाड़ की। घटना विगत दिनों की बताई जा रही है, जब ट्रेनी डॉक्टर किसी काम से उनके स्टाफ रूम में गई थीं। उस समय वहां डॉक्टर पीड़िता और एक अन्य स्टाफ मौजूद था। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने उसे अपने पास बुलाकर कहा, तुम्हारी तबीयत ठीक नहीं लग रही है, में चेकअप कर देता हूं। जब ट्रेनी डॉक्टर ने कहा कि वह बिल्कुल ठीक हैं, तो सीनियर डॉक्टर ने जबरन जांच करने की कोशिश की और इस दौरान अशोभनीय हरकत की।

# मुख्यमंत्री ने जापान में बुलेट ट्रेन से की यात्रा





चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जापान में शिंकानसेन-ओसाका बुलेट ट्रेन से तोक्यो से ओसाका पहुंचा।

प्रतिनिधिमंडल जापान की आधिकारिक यात्रा पर है।

यह ट्रेन अपने अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, सुरक्षा मानकों और परिचालन उत्कृष्टता के लिए मशहूर है और इसे आधुनिक परिवहन प्रणाली के एक उदाहरण के तौर पर देखा जाता है। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि सैनी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल वर्तमान में हरियाणा में विदेशी निवेश आकर्षित करने और वैश्विक औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जापान की यात्रा पर है।

प्रतिनिधिमंडल में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री सैनी ने ट्रेन यात्रा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत भी परिवहन क्रांति की ओर अग्रसर है। सैनी ने कहा कि ‘विकसित भारत’ पहल के तहत मुंबई और अहमदाबाद के बीच एक हाई-स्पीड ट्रेन कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है, जो भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान की शिंकानसेन बुलेट ट्रेन में यात्रा करना एक प्रेरणादायक अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि जल्द ही भारत के नागरिक भी ऐसी तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का आनंद ले सकेंगे।

प्रतिनिधिमंडल ने यात्रा के दौरान जापान की रेलवे प्रणाली के संचालन, रखरखाव, यात्री सुरक्षा और तकनीकी नवाचारों का भी अध्ययन किया। सैनी ने कहा कि शेष भारत के साथ-साथ हरियाणा भी अपनी परिवहन प्रणालियों को बेहतर बनाने के लिए जापान के अनुभव और तकनीकी विशेषज्ञता से प्रेरणा लेगा।

## सबरीमला सोना विवाद: युवा कांग्रेस कार्यकताओं की पुलिस के साथ झड़प

पत्तनमथिट्टा(केरल। सबरीमला भगवान अयप्पा मंदिर में द्वारपालक की मूर्तियों पर सोने की परत चढ़ी तांबे की प्लेट लगाने में कथित अनियमितता के विरोध में प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस कार्यकताओं की मंगलवार को पुलिस के साथ झड़प हुई और प्रदर्शनकारियों ने त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) कार्यालय में तोड़फोड़ की।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता संदीप वारियर की भी पुलिस के साथ हाथापाई हुई। प्रदर्शनकारी पुलिस अवरोधकों को पार कर टीडीबी कार्यालय पहुंच गए, जहां उनमें से कई ने पथराव किया जिससे खिड़कियों के शीशे टूट गए।

वारियर ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें और अन्य नेताओं को निशाना बनाया और उनकी लाठियों से पिटाई की। उन्होंने कहा, फिर भी, हम अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस जीप को घेर लिया जिसके कारण पुलिस वारियर और अन्य युवा कांग्रेस नेताओं को घटनास्थल से नहीं हटा सकी। युवा कांग्रेस कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और देवस्वोम मंत्री वी एन वासवन के इस्तीफे की मांग की। इससे पहले, विपक्षी यूडीएफ विधायकों ने लगातार दूसरे दिन विधानसभा की कार्यवाही बाधित की और सबरीमला मंदिर में सोने की परत वाली तांबे की चादर से जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर वसावन के इस्तीफे की मांग दोहराई।

सोमवार को, केरल उच्च न्यायालय ने सबरीमला में द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों पर सोने की परत चढ़ी तांबे की प्लेटों के कम वजन से संबंधित कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का निर्देश दिया था।

यह विसंगति अदालत को सूचित किए बिना इस वर्ष फिर से तांबे की चादर को सोने से मढ़े जाने के लिए भेजे जाने के निर्णय पर अदालती कार्यवाही के दौरान सामने आई। यह पाया गया कि पिछली बार जब 2019 में सोने की परत चढ़ाने के लिए मंदिर से तांबे की प्लेटों को निकाला गया था, तो उनका (सोने से मढ़ी प्लेटों का) वजन लगभग 4.5 किलोग्राम कम हो गया था। यह एक ऐसा तथ्य है जिसकी जानकारी देवस्वोम अधिकारियों ने नहीं दी। पिछले हफ्ते, उच्च न्यायालय ने सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति के. टी. शंकरन की देखरेख में सबरीमला मंदिर में सोने सहित सभी कीमती वस्तुओं की एक व्यापक सूची बनाने का आदेश दिया था।

## डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मनानी व कृपा फाउंडेशन ने मनाया विश्व दृष्टि दिवस

रामपुर मनिहारान। विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को शीशराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल, अहमदपुर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मनानी द्वारा रामपुर नेत्र जांच केंद्र के तहत इंटरनेशनल और कृपा फाउंडेशन बहादरपुर अध्यक्ष डॉ. महिपाल सिंह के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की थीम आंखों से प्यार करें रही। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 50 बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री कृष्ण मोहन मिश्रा मंडल अध्यक्ष मान्यता प्राप्त विद्यालय, विकास कुमार जिला महासचिव, बलकार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष बलियाखेड़ी, वीरेंद्र सिंह ब्लॉक सचिव रामपुर मनिहारानतथा विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार उपस्थित रहे। हॉस्पिटल टीम से कॉर्डिनेटर सचिन पुंडीर, संजीव कुमार, नवीन कुमार और सुशील कुमार ने बच्चों को आंखों की देखभाल, नियमित जांच और स्वच्छता के महत्त्व के बारे में बताया। सचिन पुंडीर ने कहा कि आंखें हमारी सबसे अनमोल पूंजी हैं, इनकी सुरक्षा हर व्यक्ति की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में बच्चों ने आंखों की सेहत को लेकर जागरूक रहने का संकल्प लिया।




● कार्यक्रम का आयोजन डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मनानी द्वारा रामपुर नेत्र जांच केंद्र के तहत इंटरनेशनल और कृपा फाउंडेशन बहादरपुर अध्यक्ष डॉ. महिपाल सिंह के सहयोग से किया गया

## स्कूल जतन का भुगतान रोका, ठेकेदार सपरिवार बैठेंगे भूख हड़ताल पर

कोरबा। स्कूल जतन योजना के तहत कराये गये जीर्णोद्धार एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य की रोकी गई राशि के भुगतान हेतु अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी संबंधित ठेकेदारों ने दी है।

कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, कोरबा को लिखे आवेदन में समस्त ठेकेदारों ने कहा है कि 6 अक्टूबर 2025 को स्कूल जतन योजना निर्माण कार्य में कराये गये कार्यों की रोकी गई राशि के संबंध में ठेकेदारों ने कलेक्टर कोरबा से भेंट कर राशि भुगतान के संबंध में मांग की। कलेक्टर ने भुगतान संबंधी निर्देश पूर्व में ही जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता को दे दिया है कि ठेकेदारो का भुगतान शीघ्र करायें, लेकिन कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी कार्यालय की हठधर्मिता के कारण आज तक भुगतान नही हो पाया है। कलेक्टर के द्वारा ठेकेदारो से चर्चा करने पर कहा गया कि आप तुरंत संबंधित ई.ई. के पास जाकर भुगतान के संबंध में बताएं एवं शीघ्र ही भुगतान जारी होगा लेकिन कार्यपालन अभियंता कार्यालय कोरबा द्वारा बार-बार कलेक्टर का नाम लेकर भुगतान नहीं किया जा रहा है, जबकि प्रदेश में शत-प्रतिशत सभी जिलो में भुगतान हो चुका है। स्वयं कोरबा जिले में नगर निगम एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय को प्राप्त आबंटन में समस्त ठेकेदारों का शत-प्रतिशत भुगतान हो चुका है। ठेकेदारो ने आपसी बैठक कर यह तय किया है कि आगामी त्यौहार को देखते हुए 5 दिवस के भीतर अगर भुगतान नहीं किया जाता है तो समस्त ठेकेदारों के द्वारा परिवार सहित कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कोरबा के समक्ष टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल करने हेतु बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी व्यक्तिगत रूप से कार्यपालन अभियंता की होगी।

## ममता ने भाजपा के घायल सांसद खगेन मुर्मू से सिलीगुड़ी के अस्पताल में मुलाकात की

● कथित तौर पर कुछ उपद्रवियों ने हमला किया था। भाजपा विधायक शंकर घोष पर भी भीड़ ने हमला किया। इस घटना से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा ने टीएमसी पर हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया है, जबकि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी ने आरोप लगाया है कि भाजपा आपदा प्रभावित इलाकों में फोटो खिंचवाने में व्यस्त थी।

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद खगेन मुर्मू से मंगलवार को सिलीगुड़ी के एक निजी अस्पताल में मुलाकात की, जहां वह उपचाराधीन हैं। खगेन मुर्मू पर उत्तर बंगाल के बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के दौरे के दौरान नागराकाटा में हमला किया गया था।

टेलीविजन पर प्रसारित दृश्यों में बनर्जी उस अस्पताल में प्रवेश करते हुए दिखीं, जहां मालदा उत्तर के सांसद मुर्मू भर्ती हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सूत्रों के अनुसार, ममता बनर्जी ने चिकित्सकों से बात की और भाजपा नेता को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। अस्पताल से बाहर आने के बाद बनर्जी ने पत्रकारों से कहा, मुझे सभी जानकारी मिल गई है। उनका (मुर्मू का) रक्त शर्करा बढ़ा हुआ है। इसे नियंत्रित करने की जरूरत है। मैंने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की है। मुर्मू पर सोमवार को, आपदा प्रभावित इलाके में स्थानीय निवासियों से बातचीत के दौरान, कथित तौर पर कुछ उपद्रवियों ने हमला किया था। भाजपा विधायक शंकर घोष पर भी भीड़ ने हमला किया। इस घटना से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा ने टीएमसी पर हमले की साजिश रचने का आरोप लगाया है, जबकि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी ने आरोप लगाया है कि भाजपा आपदा प्रभावित इलाकों में फोटो खिंचवाने में व्यस्त थी।



## बंगाल के राज्यपाल घोष ने सिलीगुड़ी के अस्पताल में घायल भाजपा नेताओं से मुलाकात की



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने मंगलवार को सिलीगुड़ी के एक अस्पताल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता खगेन मुर्मू (सांसद) और शंकर घोष (विधायक) से मुलाकात की, जहां एक दिन पहले भीड़ द्वारा किए गए हमले के बाद उनका उपचार हो रहा है। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोस ने मुर्मू और घोष का हालचाल पूछा। राजभवन के अधिकारी ने बताया, राज्यपाल ने अस्पताल में दोनों भाजपा नेताओं से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने चिकित्सकों और नेताओं के परिवार के सदस्यों से भी बात की। मालदा उत्तर से सांसद मुर्मू और सिलीगुड़ी से विधायक घोष पर जलपाईगुड़ी के नागराकाटा में भीड़ ने उस समय हमला कर दिया जब वे बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर रहे थे। बोस भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए उत्तर बंगाल में हैं। भूस्खलन से दार्जिलिंग पहाड़ियों के कुछ हिस्से तबाह हो गए हैं और कम से कम 30 लोग मारे गए हैं। राज्यपाल ने सोमवार को भाजपा नेताओं पर हमले की आलोचना की थी और अधिकारियों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बनी रहे।

**बैठक** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

## त्योहारी सीजन से पहले पुलिस ने पटाखा दुकानों के लिए दिए सुरक्षा के निर्देश

● प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। शहर में पटाखों के स्टॉल लगाने के लिए लाइसेंस चाहने वाले आवेदक भी इस दौरान मौजूद थे



बेंगलुरु। आगामी त्योहारों के मद्देनजर बेंगलुरु पुलिस ने शहर में पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने से पहले सुरक्षा उपायों की समीक्षा हेतु नागरिक और नियामक प्राधिकरणों के साथ एक बैठक आयोजित की। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि आयुक्त कार्यालय में हुई इस बैठक में अग्निशमन विभाग, बिजली आपूर्ति कंपनी, ग्रेटर बेंगलुरु प्राधिकरण, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। शहर में पटाखों के स्टॉल लगाने के लिए लाइसेंस चाहने वाले आवेदक भी इस दौरान मौजूद थे। सिंह ने पत्रकारों को बताया, ह्यकुछ साल पहले अनेकल में हुए बड़े अग्निकांड को ध्यान में रखते हुए, सख्त सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान जन सुरक्षा और नियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों के दिशानिर्देशों पर चर्चा की गई। आयुक्त के अनुसार, पटाखों के स्टॉल लगाने के इच्छुक आवेदकों को लाइसेंस देने के लिए लॉटरी प्रणाली का पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया, जो कोई भी लॉटरी जीतता है उसे स्टॉल खोलने की अनुमति मिलती है। कुल 78 मैदान उपलब्ध हैं और 411 दुकानों के लिए अनुमति दी गई है।

